हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 199, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### भूमिगत खदान के लिए बीसीसीएल को तृतीय पुरस्कार



धनबाद । बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, डीटी (ओपी) संजय कुमार सिंह और डब्ल्यूजे क्षेत्र के जीएम अरिंदम मुस्तफी को कोयला और लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार 2022-23 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, श्री जी किशन रेड्डी और कोयला एंव खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दूबे ने प्रदान किया । बीसीसीएल को डब्ल्यू जे एरिया के मुनीडीह भूमिगत खदान के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया । उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कुल 383 खदानों ने भाग लिया। यह पुरस्कार पैरामीटर, संचालन दक्षता, उत्पादन, स्थायित्व, पर्यावरण आदि के लिए दिया गया ।

### पुलिस संस्मरण दिवस पर रांची पुलिस लाइन में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रांची(ईएमएस)।पुलिस संस्मरण दिवस पर सोमवार को रांची पुलिस लाइन में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले रांची सहित झारखंड के वीर शहीदों को याद किया गया। साथ ही रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों ने उन शहीदों के परिवारों के बीच दुख बांटने की कोशिश की। एसएसपी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है, हालांकि शहीदों की क्षति को भुलाया नहीं जा सकता है।इस संस्मरण दिवस के दौरान एसएसपी ने शहीदों को सलामी भी दी।उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रींग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी करम सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हो गए थे। तब से 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है।इस दौरान पिछले एक साल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है।मौके पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

रांची(ईएमएस)।निर्वाचन सदन में सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों के लिए सामान्य अवसर प्राप्त हो, इसे लेकर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराना जरूरी है।उन्होंने कहा कि चुनाव के क्रम में अवैध धन के आवागमन के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास हो सकते हैं। इसे लेकर सभी प्रवर्तन एजेंसियों का कर्तव्य है कि अवैध धन और अवैध सामग्री पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाएं।उन्होंने कहा कि वन विभाग अपने सभी चेकपोस्टों पर सघन जांच करते हुए अवैध सामग्री के आवागमन पर रोक लगाएं।सीईओ ने आयकर विभाग को अवैध धन के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन पर सघन छापेमारी करते हुए उसपर रोक लगाने का निर्देश दिया।साथ ही नशीले पदार्थों के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन के साधनों पर छापेमारी करते हुए पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

### पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद विरोध जारी

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। भाजपा हाईकमान द्वारा 66 प्रत्याशियों की पहली सूची में पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद से पोटका में विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है।क्षेत्र के कार्यकर्ता किसी स्थानीय नेता को टिकट देने की मांग पर अड़े हुए हैं।दूसरे दिन सोमवार को भी भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी रहा।इसे लेकर आदिम भूमिज मुंडा कल्याण समिति भाजपा की बूथ स्तर कमिटी की बैठक हुई।बैठक में 24 घंटे के अंदर पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा को बदलने की मांग की गई अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता की ओर से किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाकर खड़ा करने का फैसला लिया गया।बैठक में मीरा मुंडा वापस जाओ के नारे लगे। इससे पहला पोटका विधानसभा सीट से पूर्व विधायक और भाजपा की वरिष्ठ नेता मेनका सरदार ने टिकट नहीं मिलने और मीरा मुंडा को टिकट मिलने के विरोध में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के नाम आने के साथी विधानसभा क्षेत्र में विरोध शुरू हो गया था।

### लुईस, बाटुल व मिस्त्री सोरेन ने दिया भाजपा से इस्तीफा



रांची : विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद पार्टी नेताओं के इस्तीफा का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. सबसे पहले पोटका के पूर्व विधायक मेनका सरदार, रांची से संदीप वर्मा, सरायकेला से 2019 में चंपाई सोरेन से मुकाबला करने वाले भाजपा नेता गणेश महली और सारठ के चुन्ना सिंह दुमका से पार्टी के पूर्व विधायक व मंत्री लुईस मरांडी के बाद महेशपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. हालांकि मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है. पार्टी से उनकी क्या बातचीत हुई है और कि शर्त पर उन्होंने इस्तीफा वापस लिया है, वो फिलहाल स्पष्ट नहीं है. मिस्त्री सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखे पत्र में कहा है, मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही तमाम पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं. इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री और नाला से विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है. बाटुल नाला विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे.

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर और अनंत प्रताप देव ने किया नामांकन चुनावी सभा को संबोधित किया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने



रांची।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यह चुनाव निश्चित समय सीमा से पहले कराया जा रहा है। यह भाजपा की बड़ी साजिश है।चुनाव आयोग की विशेष शक्ति का ऐसा उपयोग चिंताजनक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गोविंद उच्च विद्यालय गढ़वा के मैदान में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नामांकन जनसभा को संबोधित कर रहे थे।इसके पूर्व वे बंशीधर नगर में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के नामांकन रैली में शामिल हुए।गोविंद उवि के मैदान में मंत्री श्री ठाकुर के समर्थन में जनसभा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बाबा बंशीधर की नगरी से चुनावी यात्रा की शुरूआत की है।उन्हें बाबा बंशीधर का जरूर आर्शीवाद मिलेगा।भाजपा पर निशाना साधते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की चुनावी रणनीति विकास नहीं, बल्कि हिंदु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई व अगड़ा पिछड़ा है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार पहले राज्य के विकास कार्यां में अड़चन डाली।फिर उन्हें बेवजह जबरन जेल भेज दिया।अब समय से पहले चुनाव करा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को पूरे कार्यकाल तक कार्य नहीं करने दिया गया।इसका उद्देश्य किसी से छिपा हुआ नहीं है।उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नेता घुटने टेक कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि हेमंत सोरेन शिबू सोरेन का बेटा है, भ्रष्ट नहीं है।यह झुका है, न झुकेगा।उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को सशक्त किया जाने लगा, गरीब किसानों को मजबूत किया जाने लगा, तब भाजपा को तकलीफ होने लगी।उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बेहतर विकास किया है।यहां बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान थे।पहले बिजली नहीं आती थी, सिर्फ बिजली का बिल आता था।अब बिजली आती है, 200 यूनिट का बिल नहीं आता है।राज्य की जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने वादा किया है कि प्रत्येक घर को एक लाख रूपये देंगे।उसे जरूर पूरा किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग तो भगवान को भी नहीं छोड़ते हैं, तो इंसान को क्या छोड़ेंगे।उन्होंने कहा कि आज हमनें नारियल फोड़ा है।चुनाव में जनता विरोधियों का सर फोड़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में दमनकारी सरकार बैठी है, जो संविधान को बदलने की बात करती है।वह गरीब गुरबों, आदिवासियों का हक लूटने के लिए जनसरोकार की सरकार के मुख्यमंत्री को जबरन जेल भेज दी।उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर के विकास कार्य की प्रशंसा करते हुए जनता से उन्हें रिकॉड मतो से जीताने की अपील की। इसके पूर्व उन्होंने श्री बंशीधर नगर के गोसाईबाग के मैदान में अपने प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को जिताने की अपील की।सोमवार को इसके पूर्व गढ़वा से मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधानसभा सीट से अनंत प्रताप देव ने झामुमो प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा।

### झाममो के आरोप को सीईओ ने बताया बेबुनियाद कहा मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा मतदान के समय को लेकर लगाये गये आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड विधानसभा 2024 में मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा। झारखण्ड विधानसभा 2014 में 89% एवं 2019 में 63% मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ था। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के कम समय को लेकर लगाए गए आरोप के सन्दर्भ में तथ्य निम्नानुसार हैं।राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र है, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र है और शहरी क्षेत्र में 5,042 मतदान केंद्र है। 981 नक्सल प्रभावित ग्रामीण मतदान केन्द्रों को छोड़कर, 23,539 ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में एवं सभी शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से सांय 5 बजे तक का है।2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनावों में 89% (22,132) एवं 63% (18,555) मतदान केंद्रों पर मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक रखा गया था। इस बार मात्र 3% (981) मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 से सायं 4 बजे का समय रखा गया है, जो आयोग के विशेष प्रयासों से ही संभव हुआ है।

### आज झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना होगी जारी

रांची(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है।झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। 22 अक्टूबर से राज्य में दूसरे चरण के नॉमिनेशन के लिए अधिसूचना जारी होगी। दूसरे चरण के लिए मंगलवार से झारखंड में 38 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। 29 अक्टूबर को दूसरे चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख होगी। 30 अक्टूबर को नॉमिनेशन के स्क्रूटनी की जाएगी।वहीं 1 नवंबर को प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा।दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान सुनिश्चित किया गया है।ये सीट हैं राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी।

### मोदी सरकार ने उड़ान योजना को 10 साल के लिए बढ़ाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान को 10 साल के लिए और बढ़ाने की घोषणा कर दी है। यह योजना आठ साल पहले शुरू की गई थी, और अब तक इसके तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो चुके हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देना और हवाई यात्रा को आम नागरिक के लिए अधिक किफायती बनाना है।

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बताया कि उड़ान योजना के माध्यम से क्षेत्रीय विमानन कंपनियों को अपने संचालन की शुरुआत करने और उनका विकास करने का मौका मिला है। साथ ही योजना ने रोजगार सृजन और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है।नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि आठ साल पहले शुरू की गई उड़ान योजना के तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो गए हैं। उड़ान का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है। मंत्रालय ने कहा कि हेलीकॉप्टर मार्गों सहित 601 मार्गों को चालू कर दिया गया है और इनमें से करीब 28 प्रतिशत मार्ग सबसे दूरदराज के स्थानों के लिए सेवा देते हैं।

## झारखंड हाइकोर्ट ने जज उत्तम आनंद हत्याकांड केस को किया बंद



धनबाद : झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड में दर्ज कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने खंडपीठ को बताया कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड की अनुसंधान पूरी कर ली गई है और वृहत षड्यंत्र का कोई मामला नहीं मिला है। मामले में फाइनल फॉर्म भी निचली अदालत में दाखिल किया जा चुका है। दो अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट हुई थी, उन्हें सजा मिल चुकी है। खंडपीठ ने सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद इस जनहित याचिका का निष्पादित कर दी। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने कहा था कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोनों दोषियों को अब सजा हो चुकी है। अभियुक्त के व्हाट्सएप चैट में कुछ नहीं मिला है। फॉरेंसिक लैब में नियुक्ति से संबंधित जेपीएससी का मामला भी सुलझ गया है। सीबीआई की ओर से हाई कोर्ट में दायर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया था कि सीबीआई को अभियुक्तों की वाट्सएप चैट की रिपोर्ट अमेरिका से मंगानी थी। यह रिपोर्ट आ गई है लेकिन इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं है। इस पर अदालत ने कहा था कि अब इस मामले में आगे की सुनवाई की जाएगी।

## 20 भारतीयों की रिहाई जल्द संभव

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कजान यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली द्वारा मॉस्को के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद से करीब 85 भारतीय जिन्हें रूसी सेना में धोखे से भर्ती किया गया था, उन्हें रिहा कर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि रूसी सेना से अभी भी 20 भारतीयों को रिहा किया जाना बाकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शेष भारतीयों की जल्द रिहाई के लिए कोशिश के बारे में बताया हैं। इसके अलावा भारतीय विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि भारत और चीन सोमवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त करने के लिए एक समझौते पर पहुँचे। यह समझौता लद्दाख सेक्टर के देपसांग और डेमचोक इलाकों में गश्त से संबंधित है। शिखर सम्मेलन 22 अक्टूबर को शुरू होगा और पहले दिन शाम को नेताओं के लिए रात्रिभोज होगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य दिन 23 अक्टूबर है, जो दो सत्रों में होगा। सुबह एक बंद पूर्ण सत्र और उसके बाद दोपहर में एक खुला पूर्ण सत्र जो शिखर सम्मेलन के मुख्य विषय पर समर्पित होगा। शिखर सम्मेलन 24 अक्टूबर को समाप्त होगा लेकिन प्रधानमंत्री स्वदेश में महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताओं के कारण 23 अक्टूबर को नई दिल्ली लौटने की उम्मीद है।

### हिंदुत्व शब्द को बदलने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदुत्व शब्द को भारतीय संविधानत्व शब्द से बदलने की याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेपी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिका को प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। याचिका दिल्ली के विकासपुरी निवासी एसएन कुंद्रा ने दायर की थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि हिंदुत्व शब्द की जगह भारतीय संविधानत्व शब्द का इस्तेमाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज दी कि इस तरह के मामलों को आगे बढ़ाना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और यह कोर्ट के समय और संसाधनों का अनुचित उपयोग है।

कोर्ट ने कहा कि हम इस याचिका को स्वीकार नहीं करेंगे। यह याचिका प्रक्रिया का दुरुपयोग है और इसे आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

### राष्ट्रपति के हाथों जल संरक्षण में केरल और छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार

नई दिल्ली (ईएमएस)। 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू जल संरक्षण के लिए जल अवार्ड का प्रथम पुरस्कार केरल को तथा द्वितीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ को समारोह में देंगी । केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के पल्लमपारा गांव जो कि लगभग 26 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।यहां के ग्रामवासियों ने 12 किलोमीटर दूर वामन पुरम नदी तक गांव के पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास किया। हरित कर्म सेना बनाई गई। इस सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा जल स्त्रोत में कचरा डालने से रोका गया। सफाई के लिए विशेष इंतजाम किए गए। बारिश का पानी रोकने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए गए। उनके आसपास वृक्षारोपण किया गया। मनरेगा के तहत पुराने तालाबों और कुओं की साफ सफाई की गई। 600 नए तालाब खोदे गए। जिसके कारण इस क्षेत्र की स्थिति बिल्कुल बदल गई है। 910 हेक्टेयर क्षेत्र में वाटरशेड परियोजना चलाई जा रही है।सारा गांव हरा भरा हो गया है।

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज




नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात यूनिवर्सिटी द्वारा दायर मानहानि मामले में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला 2023 का है, जब केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की शैक्षिक डिग्री पर सवाल उठाए थे। इन आरोपों के बाद गुजरात यूनिवर्सिटी ने दोनों नेताओं के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पूर्व सीएम केजरीवाल के खिलाफ सेशन कोर्ट ने समन जारी किया था, जिसे उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने सोमवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इससे पहले संजय सिंह ने भी इसी मामले में याचिका दाखिल की थी, जिसे 8 अप्रैल को खारिज कर दिया था। इसलिए इस मामले में समान दृष्टिकोण अपनाते हुए केजरीवाल की याचिका भी खारिज की जाती है।

गुजरात यूनिवर्सिटी का आरोप था कि केजरीवाल और संजय सिंह के बयानों से उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। केजरीवाल ने पीएम मोदी की शैक्षिक योग्यता पर सवाल उठाए थे, जिसके जवाब में यूनिवर्सिटी ने यह मामला दायर किया था। अब सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद केजरीवाल को सेशन कोर्ट में मामले का सामना करना होगा।

# उथल-पुथल के बीच, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा: पीएम

### पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करके कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 21वीं सदी भारत की सदी क्यों है, देश किस तरह तेजी से आगे जा रहा है और दुनिया भर के निवेशक भारत की सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने को लेकर कैसे उत्साहित हैं। यह बताता हैं कि 21वीं सदी भारत की ही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की तेज वृद्धि-दुनिया में सबसे तेज-और देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण को देखकर कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत के विकास के पूर्वानुमान को अपग्रेड किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के निवेशक भारत के विकास पर उत्सुकता से देख रहे हैं और सबसे तेजी से बढ़ते बाजार में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। पीएम मोदी ने भारत को एक उभरती हुई शक्ति करार देकर कहा कि यह समय में जब दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है, वह उम्मीद की एक किरण बना है तथा आशा का संचार कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और इसका पैमाना अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा, आज जब चर्चा का केंद्र चिंता ही है, तब भारत में चर्चा का विषय है



भारत की शताब्दी। दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की एक किरण बना है। जब दुनिया चिंता में है, तब भारत आशा का संचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि हालांकि भारत की अपनी चिंताएं हैं, लेकिन इसमें सकारात्मकता की भावना है जो सभी भारत के लिए महसूस भी करते हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार तेजी से नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है, नए सुधार कर रही है। उन्होंने कहा, आज भारत हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में जिस तेजी से काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। भारत की गति, भारत का पैमाना अप्रत्याशित है।

प्रधानमंत्री ने मोदी 3.0 के शुरुआती 125 दिनों में किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख कर कहा कि अब भारत भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यह 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में भी दिखता है। उन्होंने कहा, हमने गरीबों के लिए 3 करोड़ घरों के निर्माण, 9 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और 15 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने दूरसंचार और डिजिटल भविष्य, वैश्विक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र, वैश्विक फिनटेक उत्सव से संबंधित कार्यक्रमों में भी भाग लिया और नागरिक उड्डयन और नवीकरणीय ऊर्जा के भविष्य पर चर्चा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। उन्होंने कहा, ये आयोजन उस विश्वास को प्रदर्शित करते हैं जो दुनिया का भारत में है।

# सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन किच-किच से दूर कल्पना उतरी चुनावी समर में



रांची : सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन के किच-किच से दूर सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनावी समर में उतर चुकी हैं. कल्पना का चुनावी अभियान 19 अक्टूबर से ही शुरू हो चुका है. 19 को कल्पना बोकारो और गिरिडीह दौरे पर रहीं. अभी तक इंडिया गठबंधन के किसी भी पार्टी ने आधिकारिक रूप से किसी भी प्रत्याशी का एलान नहीं किया, मगर कल्पना अपने अभियान में जुट गयी हैं. बोकारो नवाडीह में बिनोद बिहारी चौक में स्व. विनोद बिहारी प्रतिमा का माल्यार्पण किया. इसके बाद गिरिडीह के डुमरी पारगो तिलैया में जनसभा की. इसके बाद कल्पना ने गिरिडीह में हुरसोडीह डुमरी में जनसभा की. इसके अलावे उसी दिन उन्होंने डुमरी में रोड शो किया. 20 अक्टूबर को कल्पना गिरिडीह और धनबाद दौरे पर रहीं. इस दौरान उन्होंने पांच चुनावी सभा, पांच स्वागत समारोह में हिस्सा लिया. इसी तरह 21 अक्टूबर को कल्पना ने डुमरी, बोकारो में तीन चुनावी सभा को संबोधित किया. इस दौरान पार्टी के तय प्रत्याशी भी कल्पना के साथ नजर आ रहे हैं. साथ में मंत्री बेबी देवी इनका साथ दे रही हैं.

### झामुमो-हेमंत की रणनीति से विपक्षी खेमा में हलचल तेज

इंडिया गठबंधन में अब भी सीट शेयरिंग पर कई पेंच फंसे हुए हैं. मगर झामुमो ने या यों कहें कि खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल्पना को चुनावी समर में झोंक दिया है. एनडीए में शामिल भाजपा और आजसू ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. मगर अभी तक एनडीए खेमे से कोई बड़ी चुनावी सभा या कोई बड़ा नेता फिल्ड में नहीं उतरे हैं. राष्ट्रीय नेताओं का कार्यक्रम बनाया जा रहा है. मगर कल्पना सोरेन के चुनावी समर में कूद जाने से विपक्षी खेमे में हलचल तेज हो गयी है.

अब सवाल उठ रहा है कि क्या लोकसभा चुनाव की तरह कल्पना सोरेन फ्रंट फूट पर रहेंगी. मिली जानकारी के अनुसार, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का चुनावी कार्यक्रम एक साथ नहीं होगा, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के नॉमिनेशन के दिन भले ही एक साथ ये दोनों आएं मगर दोनों अगल-अगल मोर्चा संभाले रखेंगे.

# लोकतंत्र बचाओ अभियान ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

रांची(ईएमएस)। लोकतंत्र बचाओ अभियान का प्रतिनिधिमंडल झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर राज्य में बिना धार्मिक ध्रुवीकरण के निष्पक्ष विधान सभा चुनाव सुनिश्चित करने की मांग की है।प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को गत लोक सभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा आचार संहिता का व्यापक उल्लंघनों करने की बात कही।लोकसभा चुनाव में भाजपा के विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय नेता लगातार अपनी चुनावी भाषणों में मुसलमानों के विरुद्ध नफरत व झूठी बातों को फैलाए थे व धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट मांगे थे। उनके द्वारा आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून का लगतार उल्लंघन किया गया था।इसके अलावा विभिन्न फेज के चुनाव के दिन भाजपा द्वारा राज्य के सभी प्रमुख अखबारों के पहले पृष्ठ में पार्टी का चिह्न व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो के साथ चुनावी विज्ञापन छापा गया था।यह साफ रूप से चुनाव को भाजपा के पक्ष में प्रभावित करने की पहल थी।लोकतंत्र बचाओ अभियान ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को गौर करवाया कि कई बार इन सबकी शिकायत भी की गयी थी, लेकिन नफरती भाषण और विज्ञापन के आलोक में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी थी. साथ ही, हर फेज में ऐसी पर्चियां बांटना भी जारी रहा।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस आलोक में इस संभावना से नकारा नहीं जा सकता है कि विधानसभा चुनाव के पहले भी भाजपा व इनके नेताओं द्वारा फिर से आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन कर धार्मिक ध्रुवीकरण किया जायेगा व वोटरों को विभिन्न अलोकतांत्रिक तरीकों से प्रभावित करने की कोशिश की जाएगी।

''सुदृढ़ प्रजातन्त्र हेतु वृहत्तर सहभागिता ''
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, धनबाद**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail id:- electiondhanbad@gmail.com)

**-:: आम सूचना ::-**

एतत् द्वारा धनबाद जिला के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 38–सिन्दरी, 39–निरसा, 40–धनबाद, 41–झरिया, 42–टुण्डी एवं 43–बाघमारा के आम नागरिकों, मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि विधान सभा आम चुनाव–2024 से संबंधित एवं अन्य किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधित जानकारी या शिकायत/सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम में अधिष्ठापित दूरभाष नं0 9065729326 एवं Toll Free No. 1950 या 0326–1950 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

धनबाद जिला कन्ट्रोल रूम में अधिष्ठापित दूरभाष नं0 9065729326 पर 24X7 एवं Toll Free No. 1950 या 0326–1950 पर पूर्वा0 10:00 बजे से अप0 08:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः सभी नागरिकों/मतदाताओं से अपील है कि विधान सभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर कोई जानकारी/शिकायत/सुझाव हेतु उक्त नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, धनबाद

PR 339346 Election(24-25)#D

## संक्षिप्त खबरें

### रांची जिला के सातों विधासभा क्षेत्र का फर्स्ट रेडमाइज़ेशन किया गया

रांची(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला के अन्तर्गत तमाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम और वीवीपैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी वरुण रंजन कि अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में आयोजित रेनडमाइजेशन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान डीईओ लेवल पर स्ट्रांग रूम खोला गया।बता दें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बीयू-सीयू और वीवीपैट मशीन विधानसभावार भेजा जायेगा। रेनडमाइजेशन के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीआईओ राजीव कुमार एवं संबंधित एआरओ उपस्थित थे।

### लातेहार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नागपुरी वीडियो एलबम का किया विमोचन

लातेहार(ईएमएस)।उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह तथा अपर समाहर्ता रामा रविदास ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए नागपुरी वीडियो एलबम का विमोचन किया।इस एलबम का नाम चला सभे करे मतदान है।एलबम में अपनी आवाज दी है मशहूर कुड़ख व नागपुरी गायक व निर्देशक रविकांत भगत व रीला कुमारी।रविकांत लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के बनहरदी-बारी ग्राम निवासी हैं।एलबम में संगीत सुकुल उरांव व निर्देशन जीतेंद्र भगत ने किया है।इसमे रिंकू उरांव, लवकेश, शारदा, मोनिका टोप्पो व पिंटू उरांव ने अभिनय किया है।मौके पर संबोधित करते हुए उपायुक्त गुप्ता ने कहा कि आम मतदाता को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इस वीडियो एलबम का निर्माण कराया गया है।उन्होंने कहा कि इस एलबम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होने निर्भिक हो कर मतदान करने की अपील की है।मौक पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी जगतमणी टोप्पो व जिला जनंसपर्क पदाधिकारी डा चंदन आदि मौजूद थे।

### महुदा में वाहन के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर मछियारा ओवरब्रिज के पास सोमवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।महुदा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक जमालुद्दीन अंसारी को इलाज के लिए कतरास नर्सिंग होम पहुंचाया। मिली जनकारी के अनुसार, चास (बोकारो) के सोलगाडीह निवासी जमालुद्दीन अंसारी अपनी पत्नी शकीला बीबी (40 वर्ष) के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां कतरास के श्यामडीह जा रहे थे।मछियारा ओवरब्रिज पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े।महिला का सिर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।वहीं, पति जमालुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रांची से तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)।नगडी थाना पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियाच के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में दीपक कुमार बडाईक, बिक्की कुमार बड़ाईक और रॉकी कुमाच बडाईक शामिल है। इनके पास से एक नाइन एमएम का पिस्टल, दो जिंदा गोली बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे छापेमारी अभियान के क्रम मे एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बारिडीह (सेम्बो) गांव में दीपक बड़ाईक अपने साथियों के साथ अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है।सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम उक्त स्थान पच दीपक बडाईक के घर पर पहुंची और घर को चारो तरफ से घेर कर दरवाजा खुलवाया तो घर के अंदर से तीन युवक बाहर निकले। पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी के के जरिये भागने का प्रयास कर रहे तीन युवक को पकड़ा गया।

### पोटका से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद विरोध जारी

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। भाजपा हाईकमान द्वारा 66 प्रत्याशियों की पहली सूची में पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद से पोटका में विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है।क्षेत्र के कार्यकर्ता किसी स्थानीय नेता को टिकट देने की मांग पर अड़े हुए हैं।दूसरे दिन सोमवार को भी भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी रहा।इसे लेकर आदिम भूमिज मुंडा कल्याण समिति भाजपा की बूथ स्तर कमिटी की बैठक हुई।बैठक में 24 घंटे के अंदर पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा को बदलने की मांग की गई अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता की ओर से किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाकर खड़ा करने का फैसला लिया गया।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के आरोप को सीईओ ने बताया बेबुनियाद, कहा

# मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक होगा मतदान

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा मतदान के समय को लेकर लगाये गये आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड विधानसभा 2024 में मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा। झारखण्ड विधानसभा 2014 में 89% एवं 2019 में 63% मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ था। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के कम समय को लेकर लगाए गए आरोप के सन्दर्भ में तथ्य निम्नानुसार हैं।राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र है, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र है और शहरी क्षेत्र में 5,042 मतदान केंद्र है। 981 नक्सल प्रभावित ग्रामीण मतदान केन्द्रों को छोड़कर, 23,539 ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में एवं सभी शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से सांय 5 बजे तक का है।2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनावों में 89% (22,132) एवं 63% (18,555) मतदान केंद्रों पर मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक रखा गया था। इस बार मात्र 3% (981) मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 से सायं 4 बजे का समय रखा गया है, जो आयोग के विशेष प्रयासों से ही संभव हुआ है।मतदान के समय का पर्याप्त प्रचार होता है। मतदान समाप्ति का समय कोई भी हो, उस समय क़तार में खड़े समस्त मतदाता को मतदान करने का पूर्ण अवसर मिलता है। आयोग को धारा 56 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में मतदान का समय निर्धारित करने का क़ानूनन अधिकार है। यह समय 8 घंटे से कम नहीं हो सकता है। आयोग मतदान का समय निर्धारित करने से पूर्व अपनी राज्य की यात्रा के दौरान राजनीतिक पार्टियों, ज़िला प्रशासन, राज्य प्रशासन से क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक और वर्तमान मसलों पर गौर करता है।

### गोला से पुलिस ने अवैध शराब किया जब्त

रामगढ़। विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी दौरान एसपी अजय कुमार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जिले के गोला थाना क्षेत्र के घाघरा टोला और बरलांगा थाना क्षेत्र के डाकगढ़ा से कुल 16 पेटी अवैध शराब बरामद किया। सोमवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी अजय कुमार ने बताया कि इस मामले में दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें ओम पोद्दार और शिव बेदिया शामिल है।विधानसभा चुनाव को लेकर एक्साइज और पुलिस विभाग एक्शन मोड़ में है।शराब की अवैध रूप से बिक्री रोकने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### झारखंड के छात्रों को मिलेगा न्यायः शिवराज सिंह चौहान

रांची(ईएमएस)।भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि जो अन्याय झारखंड के विद्यार्थियों और युवाओं के साथ हुआ है उसकी मिसाल पूरे हिंदुस्तान में कहीं देखने को नहीं मिलती।हेमंत सरकार ने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।बार-बार इन छात्रों के साथ धोखा किया गया। यहां भेदभाव नहीं बेईमानी हुई है।

### इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल

# झामुमो 41, कांग्रेस 29, राजद 7 सीट व माले 4 सीट पर लड़ेगी चुनाव



रांची(ईएमएस)।चार दिनों तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे, किच-किच और माथापच्ची और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दखल के बाद सोमवार को आखिरकार इंडिया गठबंधन में राजद और माले के बीच सीट का पेंच समाप्त हो गया है।नए सीट शेयरिंग फार्मूले तहत राजद को सात एवं माले को चार सीट देने पर सहमति बन गयी।राजद को पिछली बार दी गयी बरकट्ठा सीट से ड्राप करके कांग्रेस अपने हिस्से की विश्रामपुर सीट देने को राजी हो गयी है। पिछली बार इस सीट से कांग्रेस के ददई दूबे चुनाव लड़े थे। अब राजद के हिस्से में गोड्डा, चतरा, हुसैनाबाद, विश्रामपुर, छत्तरपुर और देवघर सीट आई है। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के हिस्से बरकठ्ठा सीट थी।पिछली बार की तरह ही राजद इस बार भी सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अगर माले की बात करें तो उसे गठबंधन की ओर से बगोदर, धनवार, निरसा और सिंदरी सीटें दी गयी हैं।जबकि माले की जमुआ सीट पर भी दावेदारी थी।मगर जमुआ सीट से भाजपा के सिटिंग विधायक केदार हाजरा का पार्टी से टिकट कटने और झामुमो ज्वाइन करने के बाद झामुमो के लिए जमुआ सीट प्रतिष्ठा का विषय बन गई है।जिसमें अंततः हेमंत सफल रहे। समझौते के तहत अब झामुमो 41, कांग्रेस 29, राजद 07 और भाकपा माले 04 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।लाख प्रयास के बावजूद आखिरकार राजद कांग्रेस की आदिवासी आरक्षित सीट मनिका नहीं ले पाए।कांग्रेस किसी भी कीमत पर यह सीट देने को राजी नहीं हुई।ऐसे में हेमंत सरकार में राजद कोटे से इकलौते श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता आउट हो गए।हालांकि पार्टी चाहे, तो अपने हिस्से में आई सामान्य सीट से भोक्ता को चुनाव लड़ा सकती है।मगर इससे पार्टी में विरोध होने की संभावना है, क्योंकि पहले ही चतरा एससी सीट से उनकी बहू रश्मि प्रकाश को पार्टी लड़ाने जा रही है।इसलिए केवल सात सीट में से दो सीट भोक्ता परिवार से ही लड़ाई जाएगी, इसकी इसकी संभावना नहीं है। बताते चलें कि भोक्ता जाति जो अनुसूचित जाति सूची में शामिल रही, उसे केंद्र सरकार ने अब अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर दिया है। इसलिए अब सत्यानंद भोक्ता एससी सीट से चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। चूंकि उनकी बहू रश्मि प्रकाश अनुसूचित जाति से संबंध रखती हैं, इसलिए सत्यानंद भोक्ता ने अपनी बहू का नाम चतरा के लिए आगे कर दिया।सत्यानंद भोक्ता हेमंत सोरेन के बहुत करीबी मंत्री के रूप में जाने जाते हैं, इसके बावजूद वे मनिका सीट उनके लिए कांग्रेस से नहीं दिलवा पाए।शायद अपने राजनीतिक जीवन में राजद के राजकुमार और बिहार प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को पहली बार किसी चुनाव में सीट को लेकर इतनी मशक्कत करनी पड़ी। तेजस्वी यादव शुक्रवार की शाम को रांची आए। होटल रेडिसन ब्लू राजद के राजनीति का केंद्र बिंदु बना रहा।रविवार का दिन और सोमवार का दिन इंडिया गठबंधन और राजद के लिए काफी तनावपूर्ण एवं उतार-चढ़ाव वाला रहा।

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष संख्या 06532–250559ईमेल election-giridih@jharkhandmail.gov.in

**-ः सूचनाः-**

झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, निर्भिक एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने हेतु कार्यालय आदेश ज्ञांपाक 4485/निर्वा0 दिनांक 19.10.2024 द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष, गिरिडीह का स्थापना किया गया है, जो +2 उच्च विद्यालय, गिरिडीह के सामनें अवस्थित संयुक्त नियंत्रण कक्ष में संचालित है। यह कोषांग 24X7 कार्यरत् है। इस कोषांग के (1) **नोडल पदाधिकारीः–** श्री तेज कुमार हस्सा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गिरिडीह (मो 9546489648), (2) **प्रभारी पदाधिकारीः–** श्रीमती नीतू कुमारी, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गिरिडीह (मो 9097683825 ) हैं।

यदि किसी व्यक्ति /मतदाता को झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर गिरिडीह जिलान्तर्गत पड़नेवाले सभी 06(छः) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत करना है अथवा किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी हो तो वे निम्न दूरभाष/मोबाईल पर संपर्क कर सकते हैं।

दूरभाष संख्या :– 06532–313107
मोबाईल संख्या :– 96931–43157

इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर District Contact Centre (DCC) भी 24X7 संचालित किया जा रहा है, जिसका टॉल फ्री नंबर 1950 है। साथ ही cVIGIL Mobile App के माध्यम से भी व्यक्ति/मतदाता अपना शिकायत कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
सह उपायुक्त, गिरिडीह

PR 339340 Election(24-25)#D

**न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, जामताड़ा**

क्रि0मि0वाद सं0– /2024

**सरकार बनाम आम जनता जामताड़ा अनुमण्डल**

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निशेधाज्ञा**

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेशपर की गईकार्रवाई के बारेमें टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| | भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा दिनांक–15.10.2024 को कर दी गई है। विधान सभा (आम) निर्वाचन, 2024 के आयोजन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निम्न प्रकार से द्वितीय चरण के चुनाव कार्यक्रम निर्धारित की गई है।<br>1. नामांकन की तिथि – 22.10.2024 (मंगलवार)<br>2. नामांकन की अंतिम तिथि – 29.10.2024 (मंगलवार)<br>3. संवीक्षा की तिथि – 30.10.2024 (बुधवार)<br>4. नाम वापसी की तिथि – 01.11.2024 (शुक्रवार)<br>विधान सभा (आम) निर्वाचन– 2024 के अवसर पर जामताड़ा जिले के 02 विधान सभा क्षेत्रों यथा 08–नाला विधान सभा क्षेत्र के लिए जिला परिषद कार्यालय भवन, जामताड़ा एवं 09–जामताड़ा विधान सभा क्षेत्र के लिए अनुमण्डल पदाधिकारी, जामताड़ा के कार्यालय परिसर में स्थित न्यायालय भवन के प्रथम तल में गठित निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल कि जायेगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा जुलूस एवं वाहन के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया जाता है। कभी–कभी दो प्रत्याशियों के द्वारा एक ही दिन एवं समय पर नामांकन पत्र दाखिल करने की स्थिति में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।<br>अतः मैं अनन्त कुमार (झा0प्र0से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी, जामताड़ा उपरोक्त तथ्यों से पूर्ण तया संतुष्ट होकर दिनांक– 22.10.2024 से नाम निर्देशन के प्रक्रिया की समाप्ति तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए सभी निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष से 100 मीटर के परिधि तक निम्नांकित निषेधाज्ञा लागू करता हूँ।<br>1. नामांकन प्रक्रिया के दौरान निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष से 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेशास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।<br>2. नामांकन प्रक्रिया के दौरान राजनीति पार्टी का झंडा, पोस्टर, बैनर निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष से 100 मीटर परिधि में लाना वर्जित रहेगा।<br>3. नामांकन प्रक्रिया के दौरान मोबाईल का प्रयोग विर्जत रहेगा।<br>4. निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष से 100 मीटर की परिधि में जुलूस, रैली सभा आदि प्रतिबंधित किया जाता है।<br>5. कोई भी प्रत्याशी किसी दूसरे प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे।<br>6. नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था एवं अन्य नामांकन संबंधित कर्यो के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं अन्य कर्मियों के कर्तव्य निर्वाहन कार्यो में बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे।<br>7. नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी के साथ चार व्यक्ति ही 100 मीटर के दायरे में प्रवेश कर सकेंगे।<br>8. किसी भी प्रत्याशी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिसे दूसरे उम्मीदवार के भावना को ठेस पंहुचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो।<br>9. कोई भी दल के अभ्यर्थी या सहयोगी निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन क क्ष से 100 मीटर के दायरे में ध्वनी विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेंगे।<br>10. प्रत्याशी को ऐसे सभी कार्यो से परहेज करना है जो चुनाव के अंतर्गत वर्जित हो।<br>11. प्रत्येक प्रत्याशी को किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी करने या बाधा डालने से अपने कार्यकर्त्ता को रोकना होगा यदि दो दलों के प्रत्याशी द्वारा ध्वनी विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा रहा हो तो ध्वनी विस्तारक यंत्र का मुंह विपरीत दिशा में रखने होंगे।<br>12. प्रत्येक प्रत्याशी को किसी अन्य प्रत्याशी के पुतले लेकर चलने या उन्हें जलाये जाने तथा किसी प्रकार के अन्य अनुरूप प्रदर्शन करने से अपने कायर्त्ताओं को रोकना होगा।<br>13. निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों से विश्रृखंल माना जायेगा।<br>14. नामांकन के दौरान निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष से 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का वाहन लाना वर्जित रहेगा।<br>15. यह निषेधाज्ञा निर्वाचन कार्य एवं अन्य लोक हित सरकारी कार्यो में नियुक्त/प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विधि व्यवस्था में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों/पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होगा।<br>16. उक्त निशेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागु किये जाने की आवश्यकता है तथा व्यक्तिगत रूप से सूचना निर्गत करना संभव नहीं है। फलस्वरूप एक पक्षीय आदेश पारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त इस न्यायालय के डी0बी0–178,दिनांक–15.10.2024 द्वारा निर्गत आदेश पूर्ववत् लागू रहेगा।<br>17. उक्त निशेधाज्ञा का किसी भी व्यक्ति द्वारा उल्लंघन किये जाने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय होगा।<br>इस आदेश की प्रति जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जामताड़ा को आम जनता के बीच व्यापक प्रचार प्रसार हेतु भेंजे।<br>यह आदेश आज दिनांक– 20 .10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मेरे न्यायालय के मोहर के साथ निर्गत किया गया।<br>लेखापित। | |

अनुमण्डल दण्डाधिकारी, जामताड़ा। अनुमण्डल दण्डाधिकारी, जामताड़ा।

PR 339383 Jamtara(24-25)#D अनुसूची १४ –फारम संख्या ५६२।

# बोकारो में तेज हुयी राजनीतिक सरगर्मी, तैयारियों में जुटे नेता

## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाची पदाधिकारी, 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन से संबंधित बैठक आयोजित



गिरिडीहः कार्यालय निर्वाची पदाधिकारी, 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- अनुमण्डल पदाधिकारी, डुमरी को निर्वाची पदाधिकारी, 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन दाखिल करने वाले संभावित अभ्यर्थियों के साथ नाम निर्देशन पत्र भरने एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य विषयों पर विमर्श करने हेतु कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। जिसमें भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, डुमरी/सहायक निर्वाची पदाधिकारी -सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डुमरी/सहायक निर्वाची पदाधिकारी -सह- अंचल अधिकारी, डुमरी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संभावित अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उन्हें नाम निर्देशन पत्र भरने हेतु सभी आवश्यक जानकारी तथा अन्य जानकारी प्रदान की गई। इस बैठक में स्थानीय मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

बोकारो । राज्य विधानसभा के आहुति चुनाव के मद्देनजर एनडीए गठबंधन में शामिल दलों द्वारा अपने प्रत्याशियों के लिए सीटों और उस पर लड़ने वाले उम्मीदवारों की घोषणा के बाद राज्य भर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। टिकटों की घोषणा के बाद जहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता चुनाव को लेकर पुरी तरह रेस हो गये हैं, वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नही होने से संभावित उम्मीदवारों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है । ऐसा ही एक सीट बोकारो जिले का चंदनकियारी भी है जहां खबर लिखे जाने तक जेएमएम ने इस सीटके लिए अपनी दावेदारी तो ठोकी है मगर उम्मीदवार कौन होगा इसे लेकर यह अभी तक हालांकि तय नही हो पाया है ।

मगर दावेदारी को लेकर पार्टी नेताओं में आपस में ही धींगा मुश्ती शुरू हो गया है । वैसे जेएमएम ने इस सीट पर आजसू के पूर्व कद्दावर नेता और सूबे के पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक को अपना उम्मीदवार बनाने का संकेत दिया है । मगर पार्टी के स्थानीय और जमीनी नेता इस सीट से बिजय रजवार को लड़ाने की




हिमायत कर रहे हैं । बताते हैं कि आजसू के पूर्व कद्दावर नेता और सूबे के पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक को आजसू ने जैसे ही टिकट नही देने का संकेत दिया वैसे ही उमाकान्त अपने समर्थकों के भारी लाव लश्कर के साथ 70 से अधिक गाड़ियो का काफिला लेकर रांची कूच कर गये । और वहां सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन की मौजूदगी में झामुमो का दामन थाम कर चंदनकियारी सीट से अपने दावेदारी का खम ठोक दिया । मगर इसे झामुमो के ही स्थानीय नेता नही पचा पा रहे हैं । बताया जा रहा है कि साल साल 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने वाले झामुमो नेता बिजय रजवार को इसबार भी पूरा भरोसा था कि इस सीट से उनकी दावेदारी पक्की होगी और इसबार भी उन्हें ही टिकट मिलेगा । मगर झामुमो में उमाकान्त रजक की इंट्री के बाद से बिजय रजवार समर्थकों सहित झामुमो के स्थानीय जमीनी नेताओं तक में गुस्सादेखा जा रहा । ऐसे नेताओं का कहना है कि पार्टी यदि पैराशूट से आए किसी नेता को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाती है तो जेएमएम को इस सीट का नुकसान भी हो सकता है । वैसे झामुमो के केन्द्रीय महासचिव और बिजय रजवार के पिता संतोष रजवार को अभी भी भरोसा है कि बिजय रजवार ही चंदनकियारी से झामुमो के अधिकृत प्रत्याशी होंगे । हालांकि उमाकान्त रजक जिस तरह से हेमंत दरबार में लॉबिंग में लगे हैं उसके बाद उन्हें इस सीट से टिकट मिलना बिल्कुल तय माना जा रहा है । अब देखना होगा कि उमाकान्त और बिजय रजवार के बीच जारी शह और मात के खेल में जीत किसे हासिल होती है और किसके झोली में पार्टी का टिकट जाता है ।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत् निषेधाज्ञा आदेश

गिरिडीह :- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के Press Note No. ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के आलोक में आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त गिरिडीह जिले के सदर अनुमण्डल अन्तर्गत पड़ने वाले (03) तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन दाखिल करने का कार्य दिनांक 22.10.2024 से 29.10.2024 तक होना है। उक्त के आलोक में श्रीकान्त यशवंत विसपुते, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गिरिडीह सदर के द्वारा बी०एन०एस०एस० की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, गिरिडीह सदर अनुमण्डल अंतर्गत निम्नलिखित स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू किया गया है। समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह और अनुमण्डल कार्यालय, गिरिडीह में दिनांक 22.10.2024 से 29.10.2024 तक।
1. समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह एवं अनुमण्डल कार्यालय, गिरिडीह के 100 मीटर परिधि में नामांकन दाखिल करने के संबंध में एक अभ्यर्थी के लिए 03 से अधीक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। 2. निर्वाची पदाधिकारी के प्रकोष्ठ में अभ्यर्थी को मिलाकर 05 से अधीक व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है।
3. बिना सक्षम प्राधिकार के पूर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर प्रतिबंध है। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य को छोड़कर)।
4. किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम्, बारूद आदि लेकर निकलने या चलने पर प्रतिबंध है। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य को छोड़कर।
5. किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी डंडा, तीर-धनुष, गडासा-भाला आदि लेकर निकलने या चलने पर प्रतिबंध है। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य को छोड़कर)।
6. बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने पर प्रतिबंध है। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य को छोड़कर)। 7. यह आदेश किसी भी सरकारी पदाधिकारी / कर्मचारी अथवा पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। यह निषेधाज्ञा दिनांक 22.10.2024 को प्रातः 06:00 बजे से दिनांक 29.10.2024 के रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

## बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में ई-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन



बोकारोः 21 अक्टूबर को बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में ई-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) के द्वारा किया गया. इस मौके पर मुख्य महा प्रबंधक (सी&ए) श्री विजय कुमार , मुख्य महा प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री वी के सिंह के साथ विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद थे. यह लर्निंग सेंटर बी एस एल के लिए एक अभिनव पहल है, जो कार्मिकों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इस लर्निंग सेंटर में 50 / 5,000 ई-अभिज्ञान, फ्यूचर स्किल्स प्राइम, लिंक्डइन लर्निंग और अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न डिजिटल लर्निंग संसाधनों के माध्यम से ज्ञान अर्जित किया जा सकेगा. हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के मुख्य महा प्रबंधक श्री वी के सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस लर्निंग सेंटर के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह लर्निंग सेंटर कर्मचारियों को उनके कामकाजी समय में अपनी शिक्षा और विकास संबंधी लक्ष्यों को भी पूरा करने में सहायता प्रदान करेगा. इन डिजिटल संसाधनों से कर्मचारी अपने भूमिकाओं से संबंधित कौशल और ज्ञान को बढ़ा सकेंगे.अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने अपने संबोधन में कार्यस्थल के करीब एक ऐसी सुविधा की महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने हॉट स्ट्रिप मिल और सी &ए विभाग के टीम के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि "लर्निंग सेंटर हमारे कार्मिकों के चहुँमुखी विकास और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है. यह न केवल हमारे कर्मचारियों को उनके कौशल को बढ़ाने में मदद करेगा बल्कि बोकारो स्टील के निरंतर सीखने और सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लक्ष्य को भी पूरा करेगा.

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु इंडोर स्टेडियम, गिरिडीह में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के समाप्ति के उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन



गिरिडीह :- झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मतदाता जागरूकता हेतु इंडोर स्टेडियम, गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के समाप्ति के उपरांत समाहरणालय सभागार में सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वीप एक्टिविटी से संबंधित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सभी प्रतिभागियों से मतदान पर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। खेल के महत्व और उद्देश से सभी को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि खेल को पूरा आनंद के साथ खेले और इसी सकारात्मक ऊर्जा के साथ लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लें और बढ़ चढ़ कर योगदान दें। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आर्ट एंड कल्चर, फूड फेस्टिवल, आदिवासी परिधान, इको टूरिज्म, एडवेंचर एक्टिविटी आदि से संबंधित कार्यक्रम किए जायेंगे। विभिन्न स्थानों में उक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग से जुड़ने की अपील की। साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण/अधिकारी/कर्मी/खिलाड़ी, प्रेस के बंधु आदि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इस आयोजन में चयनित विजेता प्रतिभागी व उपविजेता प्रतिभागी की सूची इस प्रकार हैः- 1. पुरुष डबल के तहत प्रथम पुरस्कार अभिषेक कुमार और विकास कुमार तथा रनरअप में श्री नमन प्रियेश लकड़ा और सृजन तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले दीपक कुमार और अमित तुरी है। इसके अतिरिक्त पुरुष एकल के तहत विनर रोशन यादव और रनरअप में आदर्श पांडेय तथा तृतीय पुरस्कार डी राजवीर को प्राप्त हुआ। मिक्सड डबल के तहत विनर अमित तुरी और कृतिका कृष्णा तथा रनरअप में डी राजवीर और सोमिली तार्वे तथा महिला सिंगल के तहत विनर प्रांजल कुमारी तथा रनरअप में सोमिली तार्वे है। सभी को उपायुक्त ने सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा निर्वाचन प्रणाली में बढ़ चढ़ हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बारीडीह में रास पूजा सह मेला को लेकर बैठक



ओरमांझी(मोहसीनआलम)ःकार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर बारीडीह मे लगने वाले राशि पुजा सह मेला को लेकर रविवार को शिव मंदिर प्रांगण मे पुर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र साही की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक मे रास पुजा सह मेला 15 नवंबर को धुमधाम से मनाने का निर्माण लिया गया। बैठक मे पुजा सह मेला का सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया जिसमे मुख्यसंरक्षक मानकी राजेन्द्र साही, संरक्षक सिकन्दर महतो, विगलेश्वर नायक, शारदा प्रसाद, शिवचरण नायक अध्यक्ष सुजित नायक, उपाध्यक्ष बलदेव प्रसाद, मनोज महतो, बलराम महतो, बलराम नायक, चरकू महतो, सचिव राजेश करमाली, सह सचिव गोविन्द मुण्डा, मनेश्वर नायक, राजेन्द्र साहु, संगठन सचिव चन्दरु नायक, दुर्गेश नायक, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार नायक, महामंत्री मानकी जयनारायण सिंह, व्यवस्थापन ब्रह्मदेव नायक सहित कार्यसमिति सदस्य चुने गये। बैठक मे बैठक की अध्यक्षता कर रहे पुर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र साही ने कहा कि रास पुजा, मेला हमारे पुर्वजो का दिया हुआ सांस्कृतिक धरोहर है इसे बचाये रखना हम सबो का दायित्व है। रास पुजा मेला संस्कृति के साथ-साथ ऐतिहासिक महत्व रखता है।

## निशुल्क कैंसर जाँच शिविर में मुंह,स्तन एवं गर्भाशय का कैंसर की जांच की गई

ओरमांझी(मोहसीनआलम)ःआनंदी सरकारी स्कूल परिसर में सोमवार क़ो कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया।झारखंड सरकार एवं रांची कैंसर केयर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से यह कैंप लगाया गया था.इस कैंप में एनसीडी का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 30 वर्ष से 65 वर्ष के महिला पुरुष शामिल थे,स्क्रीनिंग में महिला पुरुष के बीपी शुगर एवं मुंह का कैंसर,स्तन का कैंसर एवं गर्भाशय का कैंसर की जांच की गई।

कैंप मैनेजर भानु प्रताप ने बताया कि रांची कैंसर केयर फाउंडेशन(टाटा ट्रस्ट) एवं झारखंड सरकार के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में लगे कैंप से कैंसर के लक्षण एवं पहचान के लिए यह कैंप लगाया जा रहा है. इस कैंप में डॉ प्रियम,स्टाफ नर्स प्रतिमा गाड़ी तथा एनएचएम से सीएचओ उमा कुमारी,एएनएम सुनीला तोपो,आशा संजुला देवी तथा आनंदी गांव के मुखिया पार्वती देवी उप मुखिया बनवारी साहू पंचायत समिति अध्यक्ष शशि मिश्रा सहित अनेकों ग्रामीण पर मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत "जागृति" क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो : सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत बी एस एल के अधिशासी एवं अनाधिशासी कार्मिकों के लिए "जागृति" क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा के साथ मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री मनीष जलोटा, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा तथा सतर्कता विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे. कार्यक्रम में कुल 56 टीमों के 112 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया.
"जागृति" क्विज प्रतियोगिता में क्विज मास्टर के रूप में श्री आनंद राज, सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) तथा श्री शुभम वर्मा , वरीय प्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल -संकार्य) उपस्थित थे. क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय, व्यवसाय, विज्ञान इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था.
क्विज प्रतियोगिता "जागृति" में श्री ऋषिकांत गुप्ता,सहायक महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटीज) और जानिशर इमाम, सहायक महाप्रबंधक (एसआईजीएस) की टीम को प्रथम, सुश्री अंकिता देव, वरीय प्रबंधक (अधिशासी निदेशक -मानव संसाधन सचिवालय) और श्री राहुल रंजन पंडा,वरीय प्रबंधक (एच एस एम) की टीम को द्वितीय तथा श्री शुभम, प्रबंधक(आरसीएल) और अमन कुमार मिश्रा, प्रबंधक (गैस उपयोगिताएँ) की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. कार्यक्रम के सभी विजेताओं को दिनाँक 02.11.2024 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. क्विज प्रतियोगिता "जागृति" में कार्यक्रम का सञ्चालन सुश्री सौम्या खाटी, प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा किया गया.

## एक ने अपना नामांकन का पर्चा किया दाखिल छह प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन का प्रपत्र



बरकट्ठा(हजारीबाग)।सोमवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया।वहीं छह प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन का प्रपत्र खरीदा है। बरही अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी एलआरडीसी अजय भगत के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी ग्राम धोबारी चेचकप्पी निवासी संतोष नायक ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।जबकि भाजपा प्रत्याशी विधायक अमित कुमार यादव, निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रकांत पांडेय, निर्दलीय प्रत्याशी बसंत नारायण मेहता, निर्दलीय राज कुमार, निर्दलीय सुखदेव यादव, निर्दलीय शमशाद आलम ने अपना नामांकन प्रपत्र खरीदा है।आपको बता दे कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए पहले दिन तीन प्रत्याशी और दूसरे दिन दो प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा खरीदा था।

## भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी के चुनावी कार्यालय का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

### कांग्रेस पर कसा तंज, कहा कांग्रेस के समय में हुआ संविधान संशोधन प्रत्याशी शाहाबादी ने शहर में कम मतदान प्रतिशत जताई चिंता




गिरिडीहः गिरिडीह सदर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी के प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को शहर के स्वर्ण सिनेमा हॉल में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा और पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद के साथ प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रधान चुनावी कार्यालय में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वही चुनावी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सीएम से लेकर सांसद और विधायक बनाते रहे। यही भाजपा का परम्परा रहा है। कार्यकर्ता जब जिसे चाहे उसे सांसद, सीएम और विधायक बनाए, और नीचे भी उतारे।

डिप्टी सीएम शर्मा ने इस दौरान कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ये भाजपा कार्यकताओं के मेहनत का परिणाम रहा की 70 साल बाद जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुला ने भारत के संविधान को हाथ में लेकर शपथ लिया। नहीं तो आजादी से पहले ये जम्मू कश्मीर में पाप समझा जाता था। डिप्टी सीएम ने कहा कि ये भाजपा कार्यकताओं की ताकत है जिसे पीएम मोदी और अमित शाह के हाथ को मजबूत किया। और 70 साल बाद देश के संविधान की शपथ ली गई। और कांग्रेस कहती है भाजपा बाबा भीम राव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलेगी। जबकि खुद राजीव गांधी ने पीएम होते हुए कई बार संविधान को बदला। और शायद ये बात कांग्रेस भूल गई। डिप्टी सीएम ने मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि वो इस चुनाव में जनता के दरवाजे तक पहुंचे, और भाजपा के संकल्प पत्र पंच प्राण के महत्व को समझाए, कि सता में आने के बाद महिलाओं के खाते में 2100 जाना तय है तो साल में दो सिलेंडर फ्री के साथ हर माह सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। जबकि पहले कैबिनेट की बैठक में 82 लाख नौकरी दिया जाना तय है। इधर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी ने कहा कि चुनाव को देखते हुए इस चुनाव कार्यालय की शुरुआत किया गया है। शहर में मतदान के कम प्रतिशत पर चिंता जाहिर करते शाहाबादी ने कहा कि हर हाल में इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। क्योंकि शहर की जनता अगर घरों से निकलती है तो ये तय है कि एक बेहतर जनप्रतिनिधि के चुनाव में और अच्छी सरकार बनाने के प्रति अपना योगदान देगी। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 28 को नामांकन के बाद कई बड़े नेताओं के आने का चर्चा चल रहा है। समारोह में भाजपा नेता दिनेश यादव, शालिनी वैशखियार, विनीता कुमारी, उषा कुमारी, अरविंद बरनवाल, पुष्पा सिन्हा, मुकेश जालान, संदीप डंगाईच, मिथुन चंद्रवंशी, रंजीत राय, संजीत सिंह पप्पू समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को विजयी बनाने का लिया गया संकल्प

रांचीः पलामू जपला छतरपुर रोड स्थित उदय विश्वकर्मा कांप्लेक्स परिसर में भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उर्द्वार मंडल अध्यक्ष मधुसूदन पाठक ने की। संचालन अजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहिर पासवान ने कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति के पॉकेट का संगठन नहीं है। भाजपा नीतियों और सिद्धांतो पर कार्य करने वाली पार्टी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। कमलेश कुमार सिंह के आने से पार्टी का संगठन पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा समुद्र है, अगर किसी ने नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है तो इससे पार्टी को बहुत अंतर पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाला दिन बताएगा कि भाजपा से उनकी प्रतिष्ठा थी, छोड़ने के बाद उन्हें वह सम्मान नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी का निर्णय सभी को मान्य है। नरेंद्र भाई मोदी ,अमित शाह और योगी जी के सपने को धरातल पर उतारने के लिए सभी को तन मन धन से कमलेश कुमार सिंह को जीता कर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने विश्व के सर्वमान्य नेता नरेंद्र भाई मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में आने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि रही बात क्षेत्र की, तो हुसैनाबाद के एक एक नागरिक को परिवार के सदस्य के रूप में वह देखते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए एक एक कार्यकर्ता अपने भाई के समान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कभी अपने कार्यकर्ताओं का सर कहीं झुकने नहीं दिया है। आगे भी भाजपा के एक एक कार्यकर्ता की प्रतिष्ठा मुझसे जुड़ी होगी। उन्होंने सभी को 23 अक्टूबर को नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके साथ हैं।

## काली पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।काली पूजा मनाने को लेकर बरकट्ठा बाजार रोड़ स्थित काली मंदिर परिसर में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने किया। बैठक में पूजा सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से बैठक में पूजा समिति का अध्यक्ष मोनू मंडल, उपाध्यक्ष अजय राणा, सचिव बिट्टू मोदी उपसचिव शंकर साव, कोषाध्यक्ष मुकेश मंडल, उपकोषाध्यक्ष सचिन साव को चुना गया। जबकि निगरानी समिति के अध्यक्ष नरेश मंडल, उपाध्यक्ष बीरेंद्र रजक का चयन किया गया। नव चयनित पदाधिकारियों ने कहा कि काली पूजा हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पुजारी महेंद्र मंडल, रंजन मोदी, बीरेंद्र सोनी, राम खेलावन, धीरज गुप्ता, शुभम कसेरा, मोनू मंडल, काली मंडल, किशोर मोदी, उमेश ठाकुर, बिट्टू मोदी, मिश्रा मोदी, प्रदीप लाल, अनिल मोदी, उमेश राणा, संजय मंडल, दुखन पंडित समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शराब पीकर राजधानी एक्सप्रेस में हंगामा कर रहा सेना का जवान गिरफ्तार

समस्तीपुर, (ईएमएस)। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने शराब पीकर राजधानी एक्सप्रेस में हंगामा कर रहे सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान सेना के जवान के बैग से शराब की चार बोतलें भी रेल पुलिस ने बरामद की है। इस दौरान सेना के जवान ने जीआरपी के जवानों तथा दरोगा के साथ हाथापाई करने का भी प्रयास किया। गिरफ्तार जवान का नाम देवेन्द्र दत्त है और वह असम राइफल्स में दीमापुर असाम में कार्यरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली 20503 राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच बी-9 में सेना का जवान देवेन्द्र दत्त सफर कर रहा था। वह कटिहार से ही नशे में धुत्त होकर ट्रेन में भारी हंगामा करते हुए यात्रियों से बदतमीजी भी कर रहा था। इतना ही नहीं वह ट्रेन में ही शराब पी रहा था। ट्रेन के यात्रियों ने इसकी सूचना ट्रेन में चल रहे आरपीएफ और टीटी को दी। टीटी ने उक्त जवान को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। आख़िरकार टीटी ने समस्तीपुर में कंट्रोल को मेमो देकर घटना की जानकारी दी और मदद मांगी। कंट्रोल से सूचना मिलते ही आरपीएफ-जीआरपी की टीम ने समस्तीपुर स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस के पहुंचने पर ट्रेन में हंगामा कर रहे सेना के जवान को हिरासत में ले लिया। उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें शराब की चार बोतलें बरामद हुई। इस दौरान जवान ने आरपीएफ तथा जीआरपी टीम पर भी रौब झाड़ने की कोशिश की। यहां तक कि उनके साथ हाथापाई करने का भी प्रयास किया।जिसके बाद रेल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## लॉरेंस बिश्नोई मामले में पप्पू यादव फिर बोले, आ रहा हूं मुंबई, सबको औकात बताएंगे

पटना (ईएमएस)। मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी थी। हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब इससे जुड़ा सवाल पूछा गया तो पप्पू यादव भड़क गए थे। अब इस पर सफाई देते हुए पप्पू यादव ने एक बार फिर कहा है कि मुंबई आ रहा हूं, सबको औकात बताएंगे। पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा, देखिए मैं किसी ट्रॉलर को जवाब नहीं देता हूं, हां उन्हें बेनकाब जरूर करता हूं। बिहार में 100 लोग जहरीली शराब से मारे गए, 50 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, मीडिया खामोश है तो मैं भी उन पर बात न कर अपराधियों पर चर्चा करता? आ रहा हूं मुंबई, सबको औक़ात बताएंगे! दरअसल पप्पू यादव से लॉरेंस बिश्नोई को लेकर जो बयान दिया था, उसको लेकर सवाल पूछा गया था। इस पर वो भड़क गए थे। पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मैंने आपको पहले ही कहा था न कि आप ये सब फालतू सवाल यहां मत करिएगा। हमको जो बोलना था हम ट्वीट से बोल दिए हैं, अब जो बोलना होगा, बंबई में बोलेंगे। जा रहे हैं 24 तारीख को बोलेंगे। आप पप्पू यादव को मत सिखाइए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपा खोने का पप्पू यादव का ये वीडियो खूब वायरल हुआ। बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी थी। पप्पू यादव ने कहा था कि अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या महाराष्ट्र में महाजंगलराज का शर्मनाक प्रमाण हैः पप्पू यादव

पटना (ईएमएस)। पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा था कि वाय सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या महाराष्ट्र में महाजंगलराज का शर्मनाक प्रमाण है। बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है। भाजपा गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है तो आम लोगों का क्या होगा? महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की रात मुंबई के बांद्रा इलाके में जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। बिश्नोई गैंग ने सलमान खान और दाऊद गैंग के करीबियों को धमकी भी दी थी। उसने कहा कि ऐसे लोग अपना हिसाब-किताब रखना। बाबा सिद्दीकी का राजनीति के साथ-साथ बॉलीवुड के लोगों से काफी करीबी रिश्ता था। उनकी इफ्तार पार्टियों में बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं। वह हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़कर एनसीपी (अजीत पवार) में शामिल हुए थे।

## पैर फिसलने से नदी में डूबा युवक

छपरा : छपरा जिले के मशरक थानाक्षेत्र में अहले सुबह शौच के लिए गए 20 वर्षीय युवक गोलू कुमार की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना चांद कुदरिया पंचायत के सुंदर गांव के घोघारी नदी में हुई। मृतक गोलू कुमार, मोगल राय का इकलौता बेटा था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। जानकारी के मुताबिक, गोलू रोज सुबह दौड़ने से पहले नदी किनारे शौच करने जाया करता था। सोमवार को उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने हल्ला मचाया और अभिराम तिवारी, मुन्ना यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग नदी में कूदकर गोलू की तलाश करने लगे। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव निकाला जा सका। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। बेटे गोलू की मौत होने की खबर से मां नैना देवी और पिता मोगल राय बार-बार बेसुध हो रहे हैं। गोलू अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन है, जिसकी अभी शादी नहीं हुई है। गोलू की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

## खिलौना समझकर मुंह में सांप दबाए बैठा था बच्चा, मां ने देखा तो उड़े होश

नवादा : नवादा जिले के शिवनगर मुहल्ले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 10 महीने के मासूम हर्ष राज ने गलती से एक सांप के बच्चे को खिलौना समझकर मुंह में डाल लिया। यह घटना उस समय घटी जब हर्ष की मां पास से गुजर रही थी और उसने देखा कि बच्चा एक सांप को मुंह में दबाए हुए था। मां के होश उड़ गए और उसने तुरंत अपने पति को आवाज दी। आनन-फानन में हर्ष के पिता चंद्रमणि कांत ने सांप को मारकर स्थिति को संभाला। उसके बाद घबराए माता-पिता ने तुरंत बच्चे को नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे की जांच की और यह पाया कि हर्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि सांप जहरीला नहीं था। चिकित्सकों ने आश्वासन दिया कि बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है और किसी प्रकार का खतरा नहीं है। बच्चे के पिता चंद्रमणि ने बताया कि पहले उन्हें लगा था कि बच्चा कोई सामान्य खिलौना मुंह में डाल रहा है, लेकिन जब उन्होंने सांप को देखा, तो दहशत में आ गए। सौभाग्य से, सांप जहरीला नहीं था और इस कारण मासूम की जान बच गई।

## बेटी अमेरिका में करेगी छठ महापर्व का आयोजन



हाजीपुर : बिहार की समृद्ध लोक आस्था का महापर्व छठ अब अमेरिका की धरती पर भी दिखाई देगा, जब मधुबनी की बेटी सुचिता झा पहली बार अमेरिका में इस पर्व का आयोजन करेंगी। सुचिता पिछले 20 वर्षों से अमेरिका में अपने पति और परिवार के साथ रह रही हैं। इस बार छठ पर्व को विधिपूर्वक मनाने का निश्चय किया है। इसके लिए वे विशेष रूप से बिहार के हाजीपुर पहुंचीं और यहां चार दिवसीय छठ पर्व का प्रशिक्षण लिया। सुचिता झा अपने पति अजय कुमार झा और बेटी अंचिता झा के साथ हाजीपुर के कुतुबपुर स्थित अपने मित्र अवधेश सिंह के घर पहुंचीं। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। अवधेश सिंह की पत्नी सुधा कुमारी शर्मा और अन्य परिवार के सदस्यों ने सुचिता को छठ व्रत की विधि-विधान और अनुष्ठानों से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि कैसे साफ-सफाई, निर्जल उपवास और धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करते हुए छठ पूजा की जाती है। सुचिता को पूजा के लिए आवश्यक सामग्रियां जैसे दउरा, सूप, साड़ी, धोती, और अन्य पूजन सामग्री भी प्रदान की गई, जिसे लेकर वे अमेरिका के लिए रवाना हो गईं। उन्होंने बताया कि इस बार अमेरिका में छठ पूजा करने का उद्देश्य बिहार की लोक परंपराओं को जीवंत रखना और नई पीढ़ी को इनसे जोड़ना है। अब बिहार के लोक आस्था का यह महापर्व अमेरिका की धरती पर भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा, जहां भारतीय समुदाय के लोग बड़ी धूमधाम से इस पर्व में भाग लेंगे।

# स्कूल शिक्षक स्टाफ से पूछताछ करने पहुंचे बीईओ तथा अन्य अधिकारी



गोपालगंज : गोपालगंज में भोरे प्रखंड के अपग्रेड हाई स्कूल जैतपुर रुद्रपुर की शिक्षिका सुल्ताना परवीन के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी प्रशांत कुमार के आदेश पर की गई, जिसके तहत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लखींद्र दास ने सोमवार को स्कूल का दौरा किया और मामले की विस्तृत जांच की।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के मुताबिक, पांच अक्तूबर को सुल्ताना परवीन ने नवमी कक्षा के छात्रों को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए उसका अंग्रेजी में अनुवाद करने का टास्क दिया। इस घटना की जानकारी छात्रों ने अपने अभिभावकों को दी, जिससे यह मामला मीडिया में उठ गया। इसके बाद, अभिभावकों की शिकायत पर आठ अक्तूबर को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन उन्होंने कोई लिखित स्पष्टीकरण नहीं दिया।

### प्रशासन ने की यह कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए, जब यह खबर मीडिया में आई, तब प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को जांच करने पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कक्षा नौ के छात्रों से बयान लिए और सभी शिक्षकों का भी बयान दर्ज किया। शिक्षिका सुल्ताना परवीन का भी बयान लिया गया, जिसमें उनसे पढ़ाए गए पाठ्यक्रम और दिए गए अनुवाद के बारे में विस्तार से पूछताछ की गई।

### राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई

इस घटना पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गिरी उर्फ मंटू गिरी ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से जुड़ा मामला होने के नाते इसकी जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं, भोरे के मंडल अध्यक्ष डॉ. मनकेश्वर दत्त राय ने भी शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शहीदों की वीरगाथा को नमन

वैशाली : बिहार सहित पूरे देश में 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद हुए पुलिसकर्मियों की बहादुरी और उनकी शहादत को याद किया गया। इस मौके पर हाजीपुर के पुलिस लाइन और सहरसा के पुलिस लाइन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां शहीद जवानों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में वैशाली एसपी हर किशोर राय की अध्यक्षता में शहीदों के सम्मान में स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में पिछले वर्ष वैशाली जिले के सराय में अपराधियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जमुई निवासी पुलिसकर्मी अमिताभ बच्चन को भी श्रद्धांजलि दी गई। उनकी पत्नी को सम्मानित कर उनकी वीरगति को याद किया गया। इस अवसर पर कई पुलिस पदाधिकारी, एसडीपीओ और थाना अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इसी तरह, सहरसा के पुलिस लाइन में भी संस्मरण दिवस के मौके पर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## आज से ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर 2024 होगा शुरू, मुख्यमंत्री नीतीश करेंगे उद्घाटन



पटना : बिहार की राजधानी पटना में 22 और 23 अक्तूबर को दो दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) 2024 का आयोजन ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा, जबकि भारत सरकार के पर्यटन सह संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी इस आयोजन में मौजूद रहेंगे। इस ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर का उद्देश्य भारत और विदेशों के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र में निवेश और विकास की संभावनाओं पर मंथन करना है। बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में बिहार के साथ-साथ देश के 15 राज्यों से 100 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, तेलंगाना, ओड़ीशा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गोवा, असम, मेघालय, त्रिपुरा और केरल के पर्यटन विभाग प्रमुख रूप से अपनी भागीदारी निभाएंगे। आयोजन के दौरान भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अलावा पड़ोसी देश नेपाल और भूटान के भी टूर ऑपरेटर्स और प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। इन देशों और राज्यों के प्रतिनिधि अपने-अपने पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करेंगे और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए पर्यटन उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे।टीटीएफ 2024 में बिहार के पारंपरिक, धार्मिक और नए इको-टूरिज्म केंद्रों का विशेष प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से बिहार के पर्यटन स्थलों को देश और विदेश में नई पहचान दिलाने का प्रयास होगा। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, इन्वेस्टर समिट, पर्यटन स्थलों की सैर और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

ताकि देश-विदेश के पर्यटक और टूर ऑपरेटर बिहार के अनमोल धरोहरों से परिचित हो सकें।इस मेले से बिहार के पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है, साथ ही देश-विदेश के पर्यटकों के लिए यह राज्य एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरेगा।

## निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड भवन में मजदूर की संदिग्ध मौत



नालंदा : नालंदा जिले के राजगीर में सोमवार को निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड भवन में काम करने वाले एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मोतिहारी जिला के पंचपकुड़ी थानाक्षेत्र के सीरामा ढाका निवासी धर्मेंद्र कुमार (28) के रूप में हुई है। घटना के बाद से आत्महत्या के कारणों को लेकर रहस्य बना हुआ है, जबकि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र कुमार पिछले कुछ महीनों से राजगीर के इंटीग्रेटेड भवन में मजदूरी कर रहा था। हाल ही में उसने अपने साले को भी काम के लिए बुलाया था। मृतक के साले ने बताया कि रात को सबने खाना खाया और सोने चले गए। सुबह जब नींद खुली तो धर्मेंद्र सीढ़ी के पास गमछे से लटका हुआ पाया गया। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद राजगीर थाना अध्यक्ष रमन कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की वजह से आत्महत्या की संभावना जताई जा रही है, लेकिन मामले के अन्य पहलुओं पर भी पुलिस की नजर है।गौरतलब है कि धर्मेंद्र कुमार की मौत ऐसे समय में हुई है जब इंटीग्रेटेड भवन का उद्घाटन 25 अक्तूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाना है। यह भवन देशी और विदेशी सैलानियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस होगा। इसका शुभारंभ विश्व शांति स्तूप की 55वीं वर्षगांठ के अवसर पर होना है।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जमकर भड़के कहा, कायर की तरह हमला करते हैं आतंकवादी



वैशाली : केंद्रीय मंत्री गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय वैशाली पहुंचे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकी हमले में 7 मजदूरों की मौत पर जमकर बोले। उन्होंने कहा कि कायर की तरह आतंकियों ने हमला किया है। आतंकवाद अब अंतिम सांस ले रहा है और बहुत जल्द आतंकवाद को साफ कर दिया जाएगा। भारत के मिट्टी में आतंकवाद को मिला दिया जाएगा।

### आतंकी हमले में 7 मजदूरों की मौत पर भड़के

केंद्रीय मंत्री गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी हमले में 7 मजदूरों की मौत पर जमकर बोले। दरअसल जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकी हमले में 7 मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ही घाटी में नया सरकार उमर अब्दुल्ला की सरकार बनी है और सरकार बनने के तुरंत बाद आतंकी हमला हो गया है। जम्मू कश्मीर में चल रहे भारत सरकार की महत्वाकांक्षी ज़ेड-मोड़ परियोजना श्रीनगर-सोनमर्ग टनल पर काम चल रहा है। इस दौरान गांदरबल इलाके में बीती रात करीब 8.30 पर हमला किया गया। ये हमला तब हुआ उस दौरान जब टनल में काम करने वाले मजदूर खाना खाने के लिए मेस में एकत्रित हुए थे। खाना खाने के दौरान ही तीन आतंकी मेस में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। इससे पहले कि मजदूर कुछ समझ पाते तब तक आतंकी अपना काम करके वहां से फरार हो गए। इस हमले में कुल 7 लोगों की मौत को गई जबकि पांच लोग घायल हैं। मरने वाले मजदूर में तीन मजदूर बिहार के भी हैं। केंद्रीय मंत्री गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज वैशाली पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि आतंकियों ने कायर की तरह हमला किया है। देश में आतंकी बुझता हुआ चिराग है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नेतृत्व में आतंकवादी को साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अब अंतिम सांस ले रहा है और बहुत जल्द आतंकवाद को साफ कर दिया जाएगा। भारत के मिट्टी में आतंकवाद को मिला दिया जाएगा।

## ज्वेलर्स के दुकान में लूटने के दौरान कर्मी ने दो अपराधियों को मारी गोली

बेगूसराय : बेगूसराय में ज्वेलर्स के दुकान में दो अपराधी हथियार के बल पर लूट करने की कोशिश की। तभी दूकान के अंदर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने उन लूटेरों पर गोली चला दी, जिसमें दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गये। उन्हें गोली लगते ही बाकी के दो अपराधी वहां से फरार हो गये। मामला नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक स्थित पी पी ज्वेलर्स की है। घटना के संबंध में दुकानदार ने बताया कि चार लूटेरे पी पी ज्वेलर्स में घुसे और हथियार के बल पर लूटपाट करने लगे। तभी दूकान के अंदर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने उन लूटेरों पर गोली चला दी, जिसमें दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गये। गिओली चलते ही बाकी दो अपराधी वहां से फरार हो गये । इस घटना के बाद लोगों ने खदेड़ कर एक अपराधी को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद जब पुलिस अपराधी को ले जा रही थी, तभी उग्र भीड़ जमकर हंगामा करने लगे और पुलिस के सामने ही अपराधी की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के संबंध में पी ज्वेलर्स के मालिक ने बताया है कि चार की संख्या में अपराधी आए थे और हथियार के बल पर लूटने लगे। जब मेरे स्टाफ ने उनका विरोध किया तब अपराधियों ने मेरे एक स्टाफ को गोली मार दी। खुद को बचाने के दौरान अपना पिस्तौल निकाल कर दो अपर्ताधियों को गोली मार दी। इस संबंध में व्यवसायियों का कहना है कि लगातार अपराधी बड़ी-बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अपराधी को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसको लेकर व्यवसायियों में काफी पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी देखी जा रही है। इस घटना के संबंध में उसके मालिक प्रमोद कुमार ने बताया है कि चार की संख्या में अपराधी आए और 40 लख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है हालांकि दो अपराधी पुलिस के पकड़ में हैं।

## धोबौली घाट पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीण करेंगे आंदोलन

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के धोबौली गांव के हजारों ग्रामीण आज भी बागमती नदी की उपधारा को पार करने के लिए रस्सी और नाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। यह गांव गायघाट, बंदरा और बोचहा प्रखंडों की सीमा पर स्थित है, जहां की आबादी 10 हजार से अधिक है। पुल की मांग पिछले कई दशकों से की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसको लेकर अब गांव के लोग बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि धोबौली घाट पर पुल निर्माण की मांग कोई नई नहीं है। इस पुल की जरूरत और महत्व को 1980 के दशक में ही महसूस किया गया था। 1996 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और मुजफ्फरपुर के पूर्व सांसद दिवंगत कैप्टन जयनारायण निषाद ने यहां पुल निर्माण की नींव रखी थी, लेकिन वह परियोजना अधूरी रह गई। समय के साथ उस योजना को भुला दिया गया।पिछले कई वर्षों में इस मुद्दे पर कई चुनावी वादे किए गए।

# युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने दोस्त पर जहरीली शराब पिलाने का लगाया आरोप

सुपौल : सुपौल में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। हालांकि पुलिस पुलिस इसे विषपान बता रही है, जबकि मृतक के परिजन गांव के ही एक युवक पर जहरीली शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की पहचान सोहटा पंचायत के वार्ड 2 निवासी अरुण शर्मा के पुत्र छोटी शर्मा (40) के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना छातापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहरा पंचायत की है।

### दोस्त घर से बुलाकर ले गया

परिजनों का कहना है कि रविवार की दोपहर छोटी शर्मा सोहटा पंचायत के वार्ड दो निवासी अरुण शर्मा नामक युवक के साथ घर से बाइक पर कहीं गया था। शाम के समय अरुण ने उसी बाइक से छोटी को उसके घर छोड़ दिया। घर पहुंचने पर छोटी शर्मा की स्थिति ठीक नहीं थी और वह शराब के नशे में धुत्त था। कुछ देर बाद उसके मुंह से झाग और खून निकलने लगा। उसके मुंह से शराब की बू आ रही थी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर छोटी शर्मा की पत्नी ने साथ गए युवक अरुण शर्मा को फोन कर छोटी की तबियत खराब होने की जानकारी दी और उसे बुलाया। हालांकि वहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने अरुण को पकड़ लिया। लोगों का आरोप था कि अरुण ने ही कहीं ले जाकर छोटी को जहरीली शराब पिलाई है। इधर, परिजनों छोटी को सबसे पहले छातापुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे भर्ती नहीं लिया और बाहर ले जाने के लिए कहा। इसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी छातापुर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पड़ोसी की सूचना पर मृतक के घर पहुंची पुलिस

जहरीली शराब पीने से मृत्यु मानकर परिजन शव को लेकर घर चले गए। इस बीच आस पड़ोस से किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। शराब से हुई मौत की खबर सुनकर पुलिस भी तत्काल मौके पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। साथ ही स्थानीय लोगों के कब्जे से पुलिस ने अरुण शर्मा को हिरासत में लेते हुए थाना लाया। इसी बीच पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवक के गांव सोहटा से छापेमारी कर 25 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

### पिता ने दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप

मृतक के पिता रामदेव शर्मा ने बताया कि अरुण नामक युवक के साथ उनका पुत्र छोटी रविवार की दोपहर घर से निकला था। लेकिन शाम में जब वापस लौटा तो शराब के नशे में था। उन्होंने बताया कि जहरीली शराब पीने से उनके पुत्र की मौत हुई है। अरुण शर्मा जब छोटेलाल को घर छोड़ कर गया तो वह बेचैनी की स्थिति में छटपटा रहा था। थोड़ी देर के बाद वह सो गया और उसके मुंह से झाग और खून निकलने लगा। आरोप लगाया कि अरुण ने शराब में जहर मिला कर छोटी की हत्या कर दी।

### ग्रामीण बोले, धड़ल्ले से बिक रही देसी शराब

घटना के संबंध में पड़ोस के मो महफूज ने बताया कि यहां पर देसी चुलाई शराब काफी मात्रा में बिकती है, जो लोगों के लिए जहर के समान है। वावजूद पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं देता है। स्थानीय पंसस प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने बताया कि उनके समाज में जहरीली शराब से मौत की यह घटना काफी दुःखद है। इस पर पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। मामले का रोचक पहलू यह है कि शराब पीने पिलाने के आरोप में जिस अरुण नामक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है, उसकी मेडिकल जांच तक नहीं कराई गई है। जबकि उसी के गांव से घटना की रात 25 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ शनिचर उरांव के पुत्र राजू उरांव को पकड़ कर थाने भी ले आई। इस बाबत छातापुर के सहायक थानाध्यक्ष मो. शाहिद ने बताया कि प्रथम दृष्टया जहर खिलाने से युवक की मौत की बात सामने आ रही है। मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है।

# संपादकीय
## कोयलांचल संवाद

### संविधान प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर सकती है न्यायपालिका या सरकार?

संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करते हुए इसकी जिम्मेदारी न्यायपालिका के ऊपर डाली है। इसके तहत विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों से यदि किसी किस्म की कोई छेड़छाड़ करती हैं तो उसकी समीक्षा करने और मौलिक अधिकारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की होगी। संविधान ने न्यायपालिका को विशेष अधिकार भी दिए हैं। संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 में समता का अधिकार अनुच्छेद 19 और 20 में स्वतंत्रता का अधिकार, अनुच्छेद 23 एवं 24 में शोषण के विरुद्ध अधिकार, अनुच्छेद 25 से 28 में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं अनुच्छेद 29 एवं 30 में प्रत्येक नागरिक की संस्कृति और शिक्षा के संबंध में नागरिकों को समान अधिकार दिए गए थे। संविधान ने अनुच्छेद 32 के तहत न्यायपालिका को भी सर्वोच्चता का अधिकार दिया। संविधान के द्वारा प्रदत्त इन मौलिक अधिकारों को बदलने का अधिकार ना तो न्यायपालिका के पास है नाही विधायिका कानून बनाकर बदल सकती है और नाही कार्यपालिका मौलिक अधिकारों के हनन करने के लिए कोई नियम बना सकती है। लगभग 65 वर्षों तक न्यायपालिका ने इस पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी निर्णय लिए गए न्यायपालिका ने स्वयं संज्ञान लेकर यदि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का कहीं हनन होते हुए दिखा तो न्यायपालिका ने तुरंत सुनवाई करते हुए कार्यवाही भी की है। न्यायपालिका कभी भी सरकार (विधायिका) अथवा कार्यपालिका के पक्ष में खड़ी हुई नहीं दिखी। न्यायपालिका ने हमेशा संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप मामलों की सुनवाई की। दोनों पक्षों को समानता के साथ सुनकर निष्पक्षता के साथ निर्णय दिए। यहां पिछले 10 वर्षों में न्यायपालिका का स्वरूप धीरे-धीरे बदलना शुरू हुआ। विशेष रूप से राम मंदिर विवाद पर जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अधिकार का उपयोग करते हुए आस्था के आधार पर राम मंदिर विवाद पर आदेश दिया, लगभग 30 वर्षों से राम मंदिर विवाद के कारण कानून व्यवस्था और राजनीतिक विवाद की स्थिति को देखते हुए सभी पक्षों ने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को स्वीकार किया। 2019 के बाद से लगातार न्यायपालिका ने जिस तरह सरकार के पक्ष में कार्य करना शुरू किया उसके कारण नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार और न्याय व्यवस्था को लेकर लगातार विसंगतियां सामने आने लगीं। हाल ही में गोवा में एक किताब के विमोचन के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका की भूमिका को लेकर जिस तरह से अपनी बात कही, उससे ऐसा लगता है कि न्यायपालिका ने अपने आप को सरकार का संरक्षक मान लिया है। विधायिका बहुमत के आधार पर जो भी कानून बनाती है न्यायपालिका आंख मूंदकर यह मानकर चलती है कि सरकार ने जो भी काम किया है लोकतांत्रिक सरकार होने के कारण उसे इसका अधिकार है। उन्होंने यह भी कह दिया कि न्यायपालिका संसद में विपक्ष की भूमिका नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज समृद्ध और संपन्न होता है तो अदालत की सोच और भूमिका भी बदल जाती है। शीर्ष न्यायपालिका भविष्य को देखते हुए निर्णय करती है। पिछले वर्षों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में एक ही विचारधारा के न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई। सरकार के पक्ष में अधिकांश फैसले आए। सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष को न्यायपालिका से विशेष संरक्षण मिलना शुरू हुआ इससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। न्यायालय में लिफाफा बंद जानकारी सरकार द्वारा देने पर राफेल जैसे मामले में और कई ऐसे अन्य मामले हैं जो नागरिकों की स्वतंत्रता उनके मौलिक अधिकार और सरकार के भ्रष्टाचार से जुड़े होने के बाद भी न्यायपालिका ने एक तरह से सरकार की खुलेआम मदद की है। दिल्ली सरकार को लेकर जो भी फैसले आए उसमें निर्वाचित सरकार के स्थान पर उप राज्यपाल को चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री के ऊपर बिठा दिया गया। महाराष्ट्र में असंवैधानिक ढंग से सरकार गिराई गई असंवैधानिक सरकार बनी उसने ढाई साल का कार्यकाल भी पूरा कर लिया लेकिन आज भी इस मामले में कोई फैसला नहीं हुआ। भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले का अंतर खत्म हो गया है। सरकार ने जिसे चाहा उसे ईडी के माध्यम से जेल में बंद किया या ईडी के दबाव में दल-बदल कराकर सरकार गिराई और बनाई। जमानत के मामलों में महीनो सुनवाई नहीं की गई। धारा 370 जैसे मामले में कई वर्षों तक याचिका लंबित रखी गई। ऐसे सैकड़ों मामले देखने में आए, जिसमें न्यायपालिका की भूमिका सरकार को कवच देने की तरह थी, जिस तरह से पिछले 5 वर्षों में धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर चुनाव जीतने का खुलेआम प्रयास किया जा रहा है। चुनाव आयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को न मानते हुए सरकार ने एक कानून बनाकर मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की चुनाव आचार संहिता का पालन चुनाव आयोग सरकार के नहीं करा पा रहा है। प्रधानमंत्री को नोटिस देने की शक्ति भी चुनाव आयोग के पास नहीं है। संवैधानिक संस्थाएं जिन्हें स्वतंत्र रूप से काम करना होता है, जिनकी जिम्मेदारी तय है वह भी सरकार की गोद में बैठ गई हैं। ऐसी स्थिति में पिछले 5 वर्षों में न्यायपालिका के कवच के कारण सरकार और संवैधानिक संस्थाएं मनमाना आचरण कर रही हैं। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षण नहीं हो रहा है। उनका शोषण हो रहा है। न्यायपालिका को संविधान में जो जिम्मेदारी दी थी यदि न्यायपालिका उसका पालन नहीं कर रही है तो ऐसी स्थिति में न्यायपालिका भी जनता के प्रति जवाबदेह होती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है जिस तरह से उन्होंने गोवा में एक तरह से सरकार के समर्थन में अपनी बात कहकर संवैधानिक जिम्मेदारी और जवाब देही से बचने का प्रयास किया है इसकी आमजनता के बीच में कोई अच्छी प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिल रही है। बांग्लादेश में भी न्यायपालिका और सरकार के बीच में जिस तरह का तनाव देखने को मिल रहा है बांग्लादेश में जिस तरह से आम जनता ने न्यायपालिका के न्यायाधीशों के साथ व्यवहार किया है यह किसी से छिपा नहीं है "अति सर्वत्र वर्जयेत्" का फार्मूला न्यायपालिका पर भी लागू होता है। भारतीय संविधान में मिले नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षण करने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है। न्याय सिद्धांत यह भी कहता है कि कमजोर वर्ग को त्वरित रूप से न्याय मिलना चाहिए। राजसी न्याय व्यवस्था और लोकतांत्रिक न्याय व्यवस्था में हमेशा से कमजोर वर्ग को विशेष संरक्षण मिलता रहा है, क्योंकि उसका ही शोषण होता है। जिनके पास ताकत होती हैं वह शोषण करते हैं। न्यायपालिका उसे शोषण से बचाने का काम करती है।

## चिंतन-मनन

### अंदर से खूबसुरत बनिये संसार आपकी पूजा करेगा

स्मार्ट दिखने के लिए लोग क्या नहीं करते ब्यूटी पार्लर जाते हैं, महंगे प्रीम पाउडर और ब्यूटी टिप्स को आजमाते हैं। सारे उपाय करने के बावजूद बढ़ती उम्र की निशानियों को उम्र की एक सीमा तक ही छिपा सकते हैं। अंत में खूबसूरती ढ़ल जाती है और जिस सुन्दरता पर लोग नाज करते हैं वह लोगों से दगा कर जाती है। इसलिए संतों और ज्ञानियों ने कहा कि रूप के धन पर इतराना नहीं चाहिए। सबसे उत्तम धन ज्ञान है और इसकी सुन्दरता दिन ब दिन बढ़ती जाती है। इसलिए बाहरी सुन्दरता को संवारने पर समय नष्ट करने की बजाय अंदर की सुन्दरता को निखारने का प्रयास करना चाहिए। व्यवहारिक जीवन में आपने देखा होगा कि किसी की सुंदरता को देखकर आपका मन चाहता होगा कि बार-बार उसे देखें। लेकिन जब आप उस रूपवान व्यक्ति के पास पहुंचते हैं उसके व्यक्तित्व को करीब से जानते हैं तो उससे नफरत होने लगती है। इसके विपरीत किसी कुरूप व्यक्ति को जब आप जानने लगते हैं उसके अंदर के गुण को समझने लगते हैं तो उस कुरूप व्यक्ति के प्रति लगाव और स्नेह बढ़ जाता है। देवी सीता के पिता महाराजा जनक के दरबार में हुई एक घटना इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। इनके शासन काल अष्टावक्र नामक एक विद्वान थे। अपने नाम के समान अष्टावक्र का पूरा शरीर टेढ़ा मेढ़ा था। एक बार यह महाराजा जनक की सभा में पहुंचे। ऊंचे आसन पर बैठे सभासद अष्टावक्र को देखकर हंसने लगे। महाराज जनक ने देखा कि सामने से अष्टावक्र पधार रहे हैं। इन्हें देखकर ही सभासद हंस रहे हैं।

महाराज जनक अपने सिंहासन से उतरकर अष्टावक्र के पास पहुंचे। इन्हें आदर पूर्वक लाकर अपने सिंहासन पर बैठाया और सभासदों से कहा कि महात्मा अष्टावक्र के चरण धोने हेतु जल लेकर आएं। महाराज ने स्वयं अपने हाथों से अष्टावक्र की सेवा की और सभासदों से कहा कि आप सब मूर्ख हैं जो बाहरी सौन्दर्य को पहचानते हैं। असली सौन्दर्य को आपने जाना ही नहीं। असली सुन्दरता ज्ञान है जो महात्मा अष्टावक्र के पास है।

# गठबंधन धर्म की लाज फिर खतरे में

**राकेश अचल**

| करवा प्रधान महिलाओं के देश में गठबंधन की लम्बी उम्र के लिए कोई व्रत करने वाला नजर नहीं आ रहा है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए एकजुट हुए तमाम राजनीतिक दल एक बार फिर अपनी-अपनी ढपली बजाते नजर आ रहे है। महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के साथ ही तमाम विधानसभाओं और लोकसभा के उपचुनावों को लेकर गठबंधन की गांठें शिथिल होती दिखाई दे रहीं हैं।

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन ने अपनी तमाम सीटों का न सिर्फ बँटवारा कर लिया है बल्कि उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है ,जबकि आईएनडीआईए गठबंधन अभी बैठकों से ही फारिग नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में भी कमोवेश यही हालात हैं। सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों कोई घोषणा में हो रही देर इंडिया गठबंधन को भारी पड़ सकती है ,ये जानते हुए भी हर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से सौदेबाजी करने में लगा है। हकीकत ये है कि देश में आज ऐसा कोई क्षेत्रीय दल नहीं है जो कांग्रेस को साथ लिए बिना भाजपा को चुनौती दे सके। सौदेबाजी में कांग्रेस का कम लेकिन क्षेत्रीय दलों का ज्यादा नुक्सान होने वाला है।

देश की राजनीति में अब भाजपा कोई किंवदंती नहीं बल्कि एक हकीकत है । भाजपा का एजेंडा भले ही आपको या मुझे रास न आये किन्तु ये सच है कि उसने बीते एक दशक में सत्ता में टिके रहना सीख लिया है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और सत्ता के दरबार में भाजपा ने जिस तरह से अपने आपको अंगद के पैर की तरह स्थापित किया है ,उसे कोई चुनौती नहीं दे पा रहा है। अलबत्ता आम चुनावों में सबने मिलकर भाजपा की सत्ता को हिलाने की अभिनव कोशिश की थी। गनीमत है कि बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीटों का बँटवारा सौहार्दपूर्ण तरीके से हो गया । यहां 3 सीटें राजद और एक सीट माकपा [ माले ] को मिली है। कांग्रेस के लिए मप्र में कोई समस्या पहले से ही नहीं थी ,लेकिन महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा अभी तक अधर में है।

महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अगाडी की गाडी सीटों के बंटवारे को लेकर आगे ही नहीं बढ़ रही है । शिवसेना [ ठाकरे ] गुट और कांग्रेस में बात बन नहीं रही है और ऐसा लगता है कि ये गठबंधन बिखर जाएगा,लेकिन यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला लेकिन उद्धव ठाकरे की फजीहत हो जाएगी। शरद पंवार साहब की एनसीपी भी अकेले दम पर भाजपा को रोकने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इन तीनों प्रमुख घटकों को हिकमत अमली से फैसला करना पडेगा। अब ये महाराष्ट्र विकास अगाडी को तय करना है की वे अपने और महाराष्ट्र के हित में झुकते हैं या नहीं ?

महाराष्ट्र जैसी ही दशा उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर है । यहां कांग्रेस कम से कम 5 सीटें चाहती है और समाजवादी पार्टी शायद इसके लिए राजी नहीं है /आपको याद है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के चलते ही आम चुनावों के दौरान भाजपा के अश्वमेद्ध को उत्तर प्रदेश में रोका जा सका था ,अन्यथा न सिर्फ खुद के लिए 370 सीटें हासिल करती अपितु 400 पार भी कर लेती तो कोई हैरानी न होती।

इन तमाम अटकलों के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सरगरमी बढ़ी है. कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी, राजद के तेजस्वी यादव सहित राजद की पूरी टीम रांची में थी. सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में दिनभर मंथन हुआ. फिलहाल सहमति बनी है कि झामुमो के खाते में 41 से 42 सीटें जा सकती है. वहीं, कांग्रेस 28-29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं वाम दलों को चार सीटें मिल सकती है. माले को बगोदर, निरसा और राजधनवार या सिंदरी मिल सकता है. वहीं सीपीआइ को भी एक सीट देने की चर्चा है. गठबंधन में राजद को पांच से छह सीट देने की तैयारी है।

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 81 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। हम 81 सीट पर जेएमएम, कांग्रेस और राजद मिलकर चुनाव लड़े थे। इस गठबंधन में नये सहयोगी भी शामिल हुए. हैं। अब लेफ्ट पार्टी की भी भूमिका होगी. इस चुनाव में पहले चरण की बातें हुई हैं. 70 सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम लड़ेंगे. बचे हुए सीट पर सहयोगी लड़ेंगे. कौन कहां से लड़ेगा, उसका फैसला बाद में होगा।

महाराष्ट्र में सपा हो या उद्धव ठाकरे की शिवसेना या एनसीपी यदि जरा भी हठधर्मी दिखाते हैं तो यहां भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इंडिया गठबंधन हरियाणा विधानसभा चुनाव में गर्म दूध से जल चुका है ,इसलिए उसे अब महाराष्ट्र और झारखण्ड में छाछ भी फूंक-फूंककर पीना चाहिए। जल्दबाजी में जबान जलने का खतरा बना ही रहेगा। आज की स्थिति में विपक्ष के पाँव अपनी ताकत बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है ,क्योंकि अब मोदी हटाओ का नारा तो 2029 में ही लगाया जा सकेगा। विपक्ष यदि अगले आम चुनाव तक एक न रहा तो भाजपा के लिए तमाम क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना आसान हो जाएगा। २०२९ अभी बहुत दूर है। इसलिए सभी को आज की बात करना चाहिए, सुनना चाहि।

# देश की पुरानी व इंजीनियरिंग में सबसे उत्कृष्ट संस्था है आई आई टी रूड़की

**संजय गोस्वामी**

देश की नामचीन संस्था आईआईटी रुड़की ने 175वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली जुड़े।25 नवंबर को अपना 175वां स्थापना दिवस मना रहे आईआईटी रुड़की संस्थान के इस कार्यक्रम में देश-विदेश में सेवाएं दे रहे कई पूर्व छात्रों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। इस मौके पर अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पूर्व छात्रों को आईआईटी ने सम्मानित भी किया।इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी रुड़की का 175 वर्ष का ये सफर बहुत शानदार रहा है। आईआईटी तमाम क्षेत्रों में शिखर पर पहुंची है और आगे भी बेहतर करने की कोशिश जारी रहेगी। : रुड़की कॉलेज की स्थापना साल 1847 में ब्रिटिश साम्राज्य के प्रथम इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 1854 में थॉमसन कॉलेज ऑफ सिविल इंजीनियरिंग के रूप में इस कॉलेज का फिर से नामकरण हुआ।

इस कॉलेज की कार्यकुशलता और क्षमता को सम्मानित करते हुए स्वतंत्र भारत में संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) के 1948 के अधिनियम संख्या IX के द्वारा इसे विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया।नवंबर 1949 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू ने इसे स्वतंत्र भारत के प्रथम इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत करते हुये इसे चार्टर प्रदान किया। 21 सितंबर 2001 को रुड़की विश्वविद्यालय से इसका दर्जा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में बदलते हुये संसद में एक बिल पास करते समय इस संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान घोषित किया गया। अपनी स्थापना के बाद से ही, इस संस्थान ने देश को तकनीकी जनशक्ति और तकनीकी-जानकारी प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। आज यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में शुमार है और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखे हुए है। डॉक्टरेट कार्यक्रमों के अतिरिक्त, यह संस्थान 18 विषयों में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम और इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन, वास्तुकला और नियोजन तथा मानविकी व सामाजिक विज्ञान की 57 विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। 500 से अधिक योग्यतम फ़ैकल्टी सदस्यों की सहायता से यह 9000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा 40,000 से अधिक पूर्व छात्रों के माध्यम से देश और विदेश के कोने-कोने में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज किये हुये है। आई।आई।टी रुड़की ने अपनी स्थापना के 175वें वर्ष में प्रवेश किया, और अपने पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, स्टाफ सदस्यों तथा अपने अकादमिक और औद्योगिक सहयोगियों के साथ पूरे विश्व में अपनी सफलता का जश्न मना रहा है। 1847 में रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई इसकी स्थापना के बाद से, यद्यपि यह संस्थान विभिन्न नामों से जाना गया, तो भी सदैव उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा और अनुसंधान का एक विश्व प्रतिष्ठित, प्रमुख संस्थान है जो पहले यूनिवर्सिटी ऑफ रूड़की के नाम से जाना जाता था 2001में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रूड़की दुनिया का एक मात्र संस्थान है भारत में जो भूकंप इंजीनियरिंग के बारे में इंजीनियरिंग कोर्स बहुत पहले से चालू है आर्किटेक में भी एशिया का न 1 संस्थान है यहाँ पढ़ाई इस कदर पढ़ाया जाता है कि यदि आप फेल हो जाते हैं तो इंस्टिट्यूट आपको बाहर निकाल देती है अतः यहाँ पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# हीरो की नगरी पन्ना में 5 रुपये में ई-रिक्शा और 50 में खरीदे चप्पलें!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

- यहां मजदूर भी बन सकता है करोड़पति

मध्यप्रदेश के पन्ना नगर की पहचान एक तरफ हीरो की खदानों से है ,वही दूसरी तरफ श्रीकृष्ण प्रणामी पंथ के श्री प्राणनाथ मंदिर और सनातन धर्म के जुगल किशोर मंदिर के कारण भी पन्ना का खास महत्व है।पन्ना यूं तो हवाई सेवाओं व रेल मार्ग तक से वंचित है और इसके लिए पन्ना को खजुराहो पर निर्भर रहना पड़ता है।साथ ही सड़क परिवहन के नाम पर सिर्फ प्राइवेट बसे ही आम लोगो की सवारी है।खजुराहो के विश्व धरोहर मंदिरो तक उनके प्रवेश द्वार से जाने के लिए मात्र 5 रुपये में ई-रिक्शा सहजता से उपलब्ध है तो श्री प्राणनाथ मंदिर में भारी भीड़ के चलते जूते चप्पल चोरी हो जाने पर भी श्रद्धालुओं को इस कारण दुःख नही होता क्योंकि यहां मंदिर के बाहर ही 50 -50 रुपये में महिला -पुरुषों की चप्पलें बिकती मिल जाएगी।पन्ना में ज्यादा संख्या गरीबो की है,लेकिन मोहन चौराहे से श्री प्राणनाथ मंदिर जाने वाली सड़क पर सांसद ,विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर जिला जज,डीएम और एसपी तक के बंगले खास लोगो की बस्ती का एहसास कराती है।पिछले दिनों यहां एक मजदूर को खनन के दौरान एक हीरा मिला है, जिसकी कीमत 80 लाख से 1 करोड़ के बीच बताई जा रही है।यहां कोई भी आदमी आसानी से हीरे के खनन का काम शुरू कर सकता है।पन्ना में जहां हीरा मिला है, उस जगह खुदाई का पट्टा उसी मजदूर के पास था ,जिसे हीरा मिला।उसने दो महीने से खदान लगाई हुई थी।हीरों की नगरी पन्ना में हीरे की खदान लेने के लिए खदान का पट्टा सिर्फ 200 रुपये में मिल जाता है। मात्र 200 रुपये देकर कोई भी हीरो की खदान की खुदाई कर सकता है। यहां बेशकीमती हीरे निकलना आम बात है। हीरे मिलने पर लोग रातोंरात करोड़पति बन जाते हैं।पन्ना में एक करोड़ का हीरा मिलने पर जिस मजदूर की किस्मत खुली है, उसका नाम राजू गोंड है। राज गोंड के पिता चुनवादा गोड ने हीरा कार्यालय से दो महीने पहले ही पट्टा लिया था।राजू ट्रैक्टर ड्राइवर हैं और साथ ही में खदान का काम भी करता है। राजू को खुदाई में चमचमाता हुआ जेम्स क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी कीमत 80 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच है और नीलामी में इससे भी ज्यादा दाम उसे मिल सकते हैं।उनका हीरे का पट्टा कृष्णा कल्याणपुर पट्टी क्षेत्र में है। उनको मिला हीरा 19 कैरेट 22 सेंट का है।हीरा ढूंढने के लिए 8 वर्ग मीटर की एक जगह अलॉट कर दी जाती है, जहां पर खुदाई की जा सकती है। यहां कई तरह की खदाने हैं,ये जमीन किसी व्यक्ति की भी हो सकती है और सरकार भी जमीन देती है। पट्टे में खुदाई करने के बाद उस जगह की जमीन में मिट्टी वापस डालनी होती है ।किसी की खदान में हीरा निकल जाता है तो उस हीरे को पन्ना के संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में जमा करवाना होता है। सरकार कुछ समय बाद उक्त जमा कराए गए हीरे की नीलामी करवाती है, जिसमें हीरे बेचे जाते हैं।नीलामी के लिए 5000 रुपये की फीस लगती है।इसके बाद हीरा बिकने के बाद नीलामी से जो राशि आती है, उसमें से करीब 12 प्रतिशत रॉयल्टी काट कर शेष 80 प्रतिशत राशि हीरा धारक पट्टेदार के खाते में हीरा अधिकारी हस्तांतरित कर देता है। पन्ना के 80 किलोमीटर के क्षेत्र में कई खदानें हैं, जहां व्हाइट, ऑफ कलर और कोकाकोला कलर के हीरे मिलते हैं। ऑफ कलर को मैला हीरा भी कहा जाता है और उनके आधार पर ही नीलामी की जाती है।यहां कई बार 2-3 करोड़ के भी हीरे मिल चुके हैं।जिन्हें पाकर लोग मालामाल हो रहे है।

# तड़क-भड़क के साए में रामलीलाएं

**मुकेश तिवारी**

जिस प्रयोजन को लेकर दशकों पहले रामलीला के मंचन की शुरुआत हुई थी। बदलते दौर में उसका स्वरूप तेजी के साथ बदल रहा है। गांव कस्बों की बात छोड़ भी दें तो शहरों में इनके भव्य आयोजन की होड लगी रहती है। रामलीला के आयोजन पर भारी-भरकम राशि खर्च की जाती है वहीं दर्शकों को सम्मोहित करने के लिए तरह तरह के जतन किए जाते हैं ।हकीकत तो यह है कि रामलीला के मेले जैसे माहौल में लोग भी अब रामलीला देखने कम इसकी चमकदार सेट,भारी भरकम सजावट देखने ज्यादा आते हैं ।ऐसे में रामलीलाओं का आयोजन और उसकी प्रासंगिकता कितनी सार्थक रह गई है? रामलीला के बदलते रंग स्वरूप को देखकर इसकी झलक मिल जाती है। कभी मशाल मिट्टी के तेल की चिमनियों लालटेन और पेट्रोमेक्स की रोशनी में खेली जाने वाली रामलीलाओ का स्वरूप आज पूरी तरह बदल चुका है चार दशक पूर्व की रामलीला देखने वाले लोग यदि आज महानगरों,बड़े शहरों में आयोजित होने वाली नामी-गिरामी रामलीलाओ को देखते हैं तो वे उसके बदले स्वरूप को देखकर दंग रह जाते हैं ।उन्हें विश्वास नहीं होता कि रामलीलाएं कितनी बदल चुकी है। रामलीलाओं के दौरान रामलीला परिसर पूरी तरह मनोरंजक मेलों और आकर्षक बाजार में तब्दील हो जाता हैं।कडवा सच यह है कि जहां ज्यादातर लोग रामलीला देखने कम , सैर सपाटा और सजावट देखने ज्यादा आते हैं। करीब 400 वर्षों से रामलीलाओं के आयोजन का उल्लेख हमें मिलता है उस वक्त आवागमन के साधन ही कहां थे फिर भी रामलीला मंडलियां तमाम तरह की कठिनाइयों को सहकर इनका आयोजन करती थी ।ढोल मजीरे झांझर करताल जैसे वाद्य यंत्रों व सहज संवादों के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा जाता था। हालांकि लालटेन युग में आंधी पानी आ जाने पर आयोजकों की परेशानी बढ़ जाती थी ।समय के साथ धीरे-धीरे टेंटों का सहारा लिया जाने लगा इसके पश्चात पंडालों की शुरुआत हुई बिजली की सुलभता से रामलीला के आयोजको को सहूलियतें मिली और सजावट का दौर प्रारंभ हो गया पहले पुरुष पात्र ही महिलाओं की भूमिका करते थे लेकिन अब बड़ी रामलीलाओं में महिलाएं ही स्त्रियों की भूमिकाएं करती हैं ।पहले रामलीला के पात्र भी कम पढ़े लिखे होते थे। उन्हें पर्दे के पीछे से संवाद सुनाए जाते थे ।लेकिन आज के कंप्यूटर युग में प्रत्येक पात्र संवाद को पूर्ण तौर पर रट डालता है ।पहले प्रचार माध्यम इतने सशक्त नहीं थे तो रामलीला काआयोजन करने वाली समितिया पर्चे छपवाकर रामलीला में होने वाली प्रस्तुतियों के बारे में लोगों को बताती थी या फिर शहर कस्बे में घूम-घूम कर लाउडस्पीकर से प्रचार करती थी लोग भी मीलों पैदल चलकर बड़े उत्साह के साथ रामलीला के कार्यक्रमों का पता लगाने आते थे और अपनी रूचि के अनुसार रामलीला देखने परिवार सहित जाते थे।लेकिन आज इतना बदलाव आ चुका है कि प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के जरिए दर्शकों को रामलीला के दौरान किस दिन कौन से प्रसंग का मंचन हो इसकी जानकारी दी जाती है। साधन संपन्न रामलीला कमेटियां तो बकायदा पत्रकार वार्ता आयोजित कर रामलीला के आकर्षणों के बारे में जानकारी देती हैं। आज की रामलीला को भव्यता प्रदान करने के लिए कितना धन खर्च किया जाता है उसकी कोई सीमा नहीं होती हर वर्ष रामलीला के मंचन पर लाखों रुपए रामलीला पर खर्च करने वाली श्री रामलीला समारोह समिति के पदाधिकारी विष्णु गर्ग , राधेश्याम भाकर संयोजक रमेश अग्रवाल बताते हैं कि रामलीला देखने आने वाले दर्शकों की अभिरुचि को देखते हुए हर साल श्री राम लीला समारोह समिति को कुछ न कुछ नया करना पड़ता है राधेश्याम भाकर ने बताया कि पिछले 77सालो से लोगो में धार्मिक भावना जागृत करने के मकसद से छत्री मंडी परिसर में रामलीला का मंचन हमारी समिति द्वारा कराया जा रहा है हालांकि पिछले कुछ सालों से छत्री मंडी परिसर के स्थान पर अब रामलीला का का मंचन फूलबाग मैदान में किया जाने लगा है। इस साल श्री राम लीला समारोह समिति द्वारा 78 वी रामलीला का आयोजन वृंदावन की नामचीन रामलीला मंडली के माध्यम से कराया जा रहा है । विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वृंदावन की श्री हरि बाबा राम कृष्ण लीला मंडल के द्वारा निर्देशक स्वामी रसिक विहारी जी महाराज के निर्देशन में रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रामलीला को आज भले ही व्यापारी अथवा पूंजीपति बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन समूचे देश में इसके प्रचार-प्रसार में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है मथुरा और वृंदावन की मंडलियों ने सैकड़ों वर्षो पूर्व साधनों के अभाव में मथुरा वृंदावन से लोग विभिन्न जगहों पर जाते थे और छोटे-छोटे टेंटों अथवा खुले मैदानों , धर्मशाला ओं के प्रांगण में रामलीला रासलीला का आयोजन करते थे इसके पश्चात दरभंगा बिहार की कुछ मंडलियों ने इन्हें और भी विस्तार दिया,रामलीला मंडल मुरार के अध्यक्ष बताते हैं कि हमारी रामलीला के सभी पात्र स्थानीय होते हैं उनका कहना था कि इस आयोजन में भाग लेने वाले पात्र किसी भी तरह का पारिश्रमिक नहीं लेते हैं अधिकांश पात्र अच्छे पढ़े-लिखे हैं और नौकरियां करते हैं कमेटी की एक विशेषता यह है कि वह हर वर्ष नारद मोह मनु शतरूपा ,ताड़कावध, परशुराम संवाद, बाली वध, कुंभकरण वध मेघनाथ वध आदि को काफी अनूठे ढंग से प्रदर्शित करती है।

रामलीला में बढ़ती नाटकीयता के बारे में पूछे जाने पर छत्री मंडी श्री राम लीला समारोह समिति के राधेश्याम भाकर कहते हैं बदलते समाज में दर्शकों की रुचि को देखकर प्रतिवर्ष कुछ सुधार किए जाते हैं लेकिन तथ्यों से कतई छेड़छाड़ नहीं की जाती पात्रों के बारे में पूछने पर उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि सभी पात्र अपने अभिनय में जीवंतता लाने के लिए इस दौरान सात्विक रहते हैं मुरार रामलीला समिति के अध्यक्ष एक उदाहरण देते हुए बताते हैं कुछ वर्ष पूर्व सायरा नाम की एक लड़की को हमारे द्वारा सीता का किरदार निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई तो कुछ लोगों ने आपत्ति की कि कैसे हम सीता के रूप में इनका चरण स्पर्श करेंगे लेकिन आपत्ति के बावजूद इस पात्र को नहीं बदला गया सायरा ने सीता की भूमिका में खरा उतरने के लिए इस दौरान वह शाकाहारी रही जमीन पर सोई और मर्यादा का पूर्ण तौर पर पालन किया मुरार में पिछले 115सालों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, इस तरह ऐतिहासिक शहर ग्वालियर में आयोजित होने वाली रामलीलाएं है हर साल भव्यता और आकर्षण के नए सोपान चढ़ रही हैं। नवदुर्गा सेवा समिति द्वारा दीनदयाल नगर के में भी इन दिनों राम लीला का मंचन किया जा रहा है इसके आयोजन में दीपक तोमर की अहम् भूमिका रही है। हालांकि पहले के दौर की रामलीलाएं जहां तड़क-भड़क से दूर रहती थी लेकिन आज ध्वनि और प्रकाश के प्रभाव को रामलीलाओं में विशेष महत्व दिया जा रहा है मौजूदा दौर में तकनीकी पक्ष का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है इसके मूल चरित्र पर क्या फर्क पड़ा है इसके बारे में वरिष्ठ पत्रकार डॉ केशव पांडे बेहिचक बताते हैं कि भले ही रामलीलाओं में भव्यता बढ़ गई है पर पहले जैसी बात नहीं रही पहले रामलीला के घटनाक्रम को देखते हुए दर्शक दर्शक रो पड़ते थे दर्शक लोग पात्रों से अपना तारतमय जोड़कर पूरी तरह से घटनाक्रम का हिस्सा बन जाते थे लेकिन आज लोग सजावट देखने और मनोरंजन करने के लिए रामलीला देखने आते हैं रामलीला देखने आए कई दर्शक मानते हैं कि अब तो सिर्फ तड़क-भड़क ही रह गई है वरिष्ट पत्रकार डॉ सुरेश सम्राट प्रतिभा रैली बताती है कि पहले रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व ही लोगों में उसके प्रति काफी उत्साह दिखाई देने लगता था रामलीला स्थल पर मंच के सामने सबसे आगे बैठने की होड़ लगी रहती थी पात्रों को देखकर आध्यात्मिक अनुभूति होती थी लेकिन अब तो यहां आने वालों का उद्देश्य बदल गया है। शर्मनाक बात यह है कि कई मनचले लोग यहां भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते 60 वर्षीय एक बुजुर्ग रामलीलाओं के आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताते हैं कि बहुत से लोग अब राम के नाम पर समाज में अपना नाम ऊंचा करने की कोशिश करते हैं लोकप्रियता हासिल करने के मकसद से राजनीति से जुड़े लोग भी रामलीला कमेटी से जुड़ रहे हैं दूसरी ओर अम्बाह निवासी देवेंद्र शर्मा कहते हैं कि छतरी मैदान में होने वाली रामलीला की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है तमाम परिवर्तनों के बावजूद रामलीला के मूल स्वरूप में परिवर्तन नहीं आया है बिहार की रहने वाले कुमार प्रशांत कहते हैं आज की रामलीलाओं में कहीं न कहीं मूल चरित्र से छेड़छाड़ की जाती है भव्यता प्रदान करना ठीक है लेकिन ज्यादा नाटकीयता लाना भी हमारी संस्कृति के लिए उचित नहीं है रामलीला कमेटियों की तारीफ करते हुए वह कहते हैं आज जब आदमी के पास किसी से बात करने तक की फुर्सत नहीं है ऐसे में एक पखवाड़े तक लगातार रामलीला के लिए प्रतिदिन अपना कीमती समय देना प्रशंसनीय काम है फिर भी आयोजकों को अपने प्रचार से बचना चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

दुमकाःविधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर नैतिक मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड/अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने का शपथ लिया। इसी क्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश एवं पूरी स्वीप कोषांग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, एसपी कॉलेज सहित विभिन्न स्थलों पर मतदान के संदेश से भरे पोस्टर चिपकाए गए। सड़क पर परिचालित ऑटो, रिक्शा, बस, दीवार, दुकानों इत्यादि पर यह पोस्टर चिपकाए गया। इस दौरान सभी स्थलों पर पोस्टर चिपकाए के बाद उपस्थित मतदाताओं को मतदान की जानकारी दी गई। सभी के साथ मतदाता शपथ भी लिया गया।

### सुरक्षा की दृष्टिकोण से हटाए गए बासुकीनाथ बाजार में लगी आग से क्षतिग्रस्त हुए सभी पेड़

दुमकाःबासुकीनाथ बाजार में बीते शनिवार की रात्रि में हुए भीषण अग्निकांड के कारण आग से झुलसे सभी क्षतिग्रस्त पेड़ों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोमवार को हटा दिया गया। अग्निकांड से झुलसे पेड़ खतरनाक रुप से झुके हुए थे और कभी भी गिर कर राहगीरों को चोटिल कर सकते थे। बासुकीनाथ नगर पंचायत द्वारा राहगीरों की सुरक्षा को लेकर सभी पेड़ों को काटकर हटा दिया गया है। सभी पेड़ों को नगर पंचायत कर्मियों की मौजूदगी में हटाया गया। बासुकीनाथ बाजार स्थित सभी पेड़ आग से झुलसकर खतरनाक तरीके से झुक गए थे। ज्ञातव्य हो कि बाबा बासुकीनाथ शिवनगरी में प्रतिदिन देश के विभिन्न भागों से हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं । मंदिर पहुंचने का रास्ता मुख्य बाजार होकर ही जाता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षार्थ सभी क्षतिग्रस्त पेड़ों को हटा दिया गया।

### 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

दुमकाःशिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार शिकारीपाड़ा में सोमवार को सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम के नेतृत्व में 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बीएलओ को चिन्हित मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराते हुए सर्वेक्षण करने के साथ साथ सूची के सत्यापन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रखंड के सभी 112 बीएलओ सहित सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र एवं बुकलेट सभी बीएलओ को उपलब्ध कराया गया। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव में प्रखंड के 95,368 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 45554 पुरुष मतदाता एवं 49854 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रखंड अंतर्गत 85 वर्ष से ऊपर के 197 तथा 1176 दिव्यांग मतदाताओं की सूची तैयार की गई है, जिसका सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जाएगा। मतदान तिथि से 3 दिन पूर्व जिला स्तर से निर्धारित टीम द्वारा इन मतदाताओं के घर पर जाकर घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों संग लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

दुमकाःविधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो के साथ सोमवार को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक श्री खेरवार सर्वप्रथम प्लस टू उच्च विद्यालय शिकारीपाड़ा मतदान केंद्र के साथ-साथ उसमें सुरक्षा बलों के ठहराव के व्यवस्था का निरीक्षण किया. पुलिस अधीक्षक थाना परिसर पहुंचकर पदाधिकारी के साथ मंत्रणा करने के पश्चात पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रस्थान कर गये। 2014 में घटित घटना के मद्देनजर वर्तमान समय में सुरक्षा के संबंध में पूछने पर पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि जनता बिना भय के भय मुक्त वातावरण में बिना किसी के दबाव में आए स्वच्छ एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करें| सुरक्षा की व्यवस्था मेरे ऊपर है. मैं लगातार अभी से क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा हूं, किसी को भी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### विस चुनाव 2024 को लेकर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने किया विभिन्न कोषांगो का गठन

दुमकाःजिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के आदेश पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को विभिन्न कोषांगो का गठन किया।साथ ही विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रतिनियुक्त कर्मचारियों एवं पदाधिकारी के साथ बैठक कर कार्य का निष्पादन सजगता के साथ ससमय पूरा करने का आदेश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि आचार संहिता उलंघन का मामला प्रकाश में आने पर त्वरित करवाई करें| उन्होंने कर्मचारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने का सख्त आदेश दिया। इसके अलावा बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने थामा प्रभारी बलराम सिंह के साथ पश्चिम बंगाल सीमा की स्थित दिगुली एवं महेश खाला चेकनाका का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस जवानों को आवश्यक निदेश दिया।

### दुमका सांसद ने कार्यकर्ताओ को दिया एक जुट होकर चुनाव कार्य में जुट जाने का निर्देश

दुमकाःविधानसभा चुनाव 2024 में शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए दुमका सांसद नलिन सोरेन लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति बना रहे हैं| इसी क्रम में सोमवार को दुमका सांसद नलिन सोरेन ने शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रानीश्वर प्रखंड अन्तर्गत बृंदावनी गांव में कार्यकर्ताओं संग बैठक कर विचार विमर्श किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन की लोकप्रियता देखकर भाजपा बौखला गई हैं। झामुमो की हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने जितना कार्य जनता के लिए किया इससे पहले किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में राज्य में 100 करोड़ से अधिक का बिजली बिल माफ कर गरीब व माध्यम परिवारों के बीच मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के किसानों को दो लाख रुपए तक का ऋण माफ का ऐलान किया और उसे पूरा किया। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा बौखला कर 2100 का जुमला घर-घर बांट रही हैं। लोगों को दिलासा दिला रही हैं कि हमारी सरकार बनेगी तो 2100 दिया जाएगा। भाजपा लोगों को फॉर्म भरवा कर बेवकूफ बना रही हैं। लेकिन जनता जान चुकी है और जग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही सभी माता, बहनों को मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रति माह दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ को एक जुट होकर चुनाव कार्य मे जुट जाने का निर्देश दिया। कहा कि जिस तरह कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन कर झामुमो को जीत दिलाने का कार्य किया, उससे भी अधिक जोश के साथ कार्यकर्ता एक जुट होकर कार्य करें। उन्होंने हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि झामुमो झारखंड का और यहां के लोगो का विकास करने वाली पार्टी है। झामुमो राज्य के विकास के साथ साथ राज्य के हर तबके के लोगो का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास आज कोई मुद्दा नहीं है। इस बार पूर्ण बहुमत के साथ हमारी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष बाबुजन हेम्ब्रम, सचिव नौशाद शेख ,जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्त, चंडी चक्रवर्ती ,अब्दुल रईस खान, बख्सिस खान, दिलीप महातो, प्रदीप घोष, रफीक खान, अशोक गोराई, राजीव लायेक के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

# तीसरे विकल्प के रूप में 'जनमत' के तहत प्रत्याशियों की जेपीपी प्रमुख सूर्य सिंह बेसरा ने की घोषणा

दुमकाःझारखंड नवनिर्माण महासभा, तीसरा विकल्प (जनमत ) के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करते हुए पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने मैहर गार्डेन दुमका में पत्रकारों के समक्ष पहली सूची जारी करते हुए कहा कि झामुमो और भाजपा से झारखंड की जनता ऊब चुकी है। इस प्रदेश की जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है ताकि सही नेतृत्व के साथ प्रदेश का चहुँमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि घाटशिला से सूर्य सिंह बेसरा (जेपीपी) सरायकेला से कृष्णा मार्डी (जेएमएम उलगुलान) खूँटी



से एलेस्टर बोदरा (झारखंड पार्टी) ईचागढ़ से श्याम बिहारी प्रजापति( भागीदारी पार्टी) डुमरी से मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी (राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा) डालटनगंज से शिव प्रसाद अग्रवाल (अखिल भारतीय मानव सेवा दल) खिजरी से प्रीतम सांड लोहरा( आरपीआई, अंबेडकर) धनबाद से चंद्रशेखर पाठक (लोकजन समाज पार्टी) व जमशेदपुर पश्चिम से रंजीत दास (आदर्श संग्राम पार्टी) जनमत के उम्मीदवार होंगे। उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करते हुए सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि पोटका, जुगसलाई, लोहरदगा व जमशेदपुर से जेपीपी के उम्मीदवार, बेरमो से जेएमएम (यू) के उम्मीदवार, तोरपा, कोलेबिरा व सिमडेगा से जेपी उम्मीदवार, सिसई, हटिया व बहरागोड़ा से बीपी उम्मीदवार, बगोदर, टुंडी व मांडू से आरजेएम उम्मीदवार, राँची से एबीएमएसडी उम्मीदवार, गोमिया व काँके से आरपीआई उम्मीदवार, झरिया, बोकारो व निरसा से एलजेएसपी उम्मीदवार, पलामू, जगन्नाथपुर व मनोहरपुर से एएसपी उम्मीदवार को खड़ा किया जा रहा है। संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा, नाला व बोरियो से युवा छात्र तथा अन्य सीटों पर जेबीकेएसएस (संजय मेहता की पार्टी) से 10 उम्मीदवार खड़े किये जाएंगे।मौके पर जेपीपी के केंद्रीय महासचिव व जनमत के प्रवक्ता प्रेमचंद किस्कू मौजूद थे ।

### यातायात को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

इन्दौर (ईएमएस)। कलेक्टर आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात को सुगम बनाने हेतु संयुक्त कार्रवाई सतत् जारी है। नंदलालपुरा चौराहा से गुरुद्वारा, गुरुद्वारा से पीपली बाजार तक (दोनों तरफ) सड़क एवं फुटपाथ पर पार्क वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई। अन्य जगहों से भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों एवं व्यपारियों को समझाइश दी गई कि गाड़ियां अपने परिसर में पार्क करवायें।


## एस पी कॉलेज में व्यवसाय शोध पर वर्ग सेमिनार आयोजित

दुमकाःसंताल परगना महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में व्यवसाय शोध विषय पर वर्ग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के पी यादव ने की जबकि डॉ राजेन्द्र पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो रामवरण चौधरी, डॉ हीरा लाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो, प्रो सुजीत कुमार आर्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि शोध बहते पानी की तरह होती है, शोध निरंतर होते रहने चाहिए एवं शोध से संबंधित बातों को विस्तार से समझाया। प्रो रामवरण चौधरी ने कविता के माध्यम से शोध प्रक्रिया में अध्ययन शिक्षण , चिंतन, मनन पर विशेष प्रकाश डाला। प्रो हीरालाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो एवं प्रो सुजीत कुमार आर्य ने भी अपने संबोधन में शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर एस के एंबेसडर ने शोध पर विस्तार से चर्चा की जिसमें हाइपोथेसिस रिसर्च प्रोसेस रिपोर्ट राइटिंग रिसर्च मेथड इत्यादि अनेक तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को शोध पत्र प्रस्तुत करने की सही प्रक्रिया को बताया। मंच संचालन विभाग के शिक्षक डॉ उपेंद्र कुमार ने किया तथा अपने संबोधन में शोध प्रक्रिया को विस्तार से बताया। डॉ मनीष कुमार ने विभाग के लगातार हो रहे क्रियाशीलताओं को बताया। डॉ अंबुज ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा सेमिनार में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस आयोजन पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों यथा डॉ कुमार पीयूष, डॉ एस के सिंह, डॉ अनीता चक्रवर्ती, डॉ रूपम कुमारी डॉ सुमित्रा हेंब्रम, डॉ सत्यम कुमार, डॉ सीमा कुमारी, डॉ त्रिजा जेनिफर टोपो आदि शिक्षकों ने बधाई देते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## पशुपालकों की सुविधा एवं पशुओ के इलाज हेतु पशुपालन विभाग ने प्रखंड को उपलब्ध कराया पशु एम्बुलेंस



दुमकाःपशुपालकों की सुविधा एवं पशुओं को सहजता से चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड को पशु एंबुलेंस उपलब्ध कराया है। मिली जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा के अभाव में एंबुलेंस में चिकित्सक की जगह पारा मेडिकल स्टाफ एम्बुलेंस के साथ जाकर पशुपालकों के घर पर पशुओं का इलाज करेंगे। गंभीर स्थिति में पशुओं को पशु चिकित्सालय लाने के लिए विशेष रूप से बेड तैयार किया गया है जिस पर पशु को सुलाकर उसे पशु चिकित्सालय लाया जाएगा। इसकी सुविधा प्राप्त करने के लिए पशुपालकों को 1962 नंबर पर डायल करना होगा• इस नंबर पर फोन डायल करने पर पशु एंबुलेंस पशुपालक के घर पहुंचेगा। वर्तमान समय में यह एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में शोभा का वस्तु बना हुआ है। ज्ञात हो कि प्रखंड अंतर्गत दो प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालय सरकार द्वारा खोले गए हैं| जिसमें एक शिकारीपाड़ा तथा दूसरा बेनागढ़िया में अवस्थित है। प्रखंड अंतर्गत इन दोनों पशु चिकित्सालय में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है, जिसमें मात्र शिकारीपाड़ा में ही भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉक्टर बालमुकुंद प्रसाद का पदस्थापन है। बेना गढ़िया में कई वर्षों से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। प्रखंड अंतर्गत एक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी का भी पद सृजित है लेकिन वह भी लगभग 3 वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है| जिसके प्रभार में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिकारीपाड़ा प्रभार में है। एंबुलेंस के संबंध में पशु चिकित्सक डॉक्टर बालमुकुंद प्रसाद से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह सुविधा पशु पालन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसका संचालन एनजीओ द्वारा किया जाएगा।

## पुलिस संस्मरण दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व जवानों संग शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

दुमकाः21 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने जिले के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (जरमुंडी), परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक दुमका समेत सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ पुलिस केंद्र दुमका में पुलिस संस्मरण दिवस के उपलक्ष्य पर शहीदों को श्रद्धा सुमन व श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया।मौके पर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के ही दिन 21 अक्टुबर 1959 को लेह लदाख के हॉट स्प्रीगं में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपाधीक्षक श्री करम सिंह अपने बीस बहादुर जवान साथियों के साथ चीनी सेना के साथ अपनी देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये थे, तब से हम प्रतिवर्ष इस तिथि को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाते है।आज हम उन शहीद जवानों को याद कर नमन करते है।उन्होंने कहा कि आज हम सभी केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों तथा राज्य पुलिस बलों के उन बहादुर पदाधिकारियों



एवं जवानों को याद करते है जिन्होने देश की सीमाओं की रक्षा तथा आन्तरिक सुरक्षा एवं शान्ति स्थापित करने के दौरान अपनी प्राणों की आहूति दी है।देश की सीमा की रक्षा, आन्तरिक सुरक्षा एवं शान्ति स्थापित करने के क्रम में विगत एक वर्ष यानी 01 सितम्बर-2023 से 31 अगस्त-2024 तक कुल 229 पदाधिकारी एवं जवान शहीद हुए है।

#### इन शहीद पुलिसकर्मियों में हमारे झारखण्ड पुलिस के 04 पुलिसकर्मी भी शहीद हुए है, जिनके नाम

हवलदार - चौहान हेम्ब्रम,आरक्षी सिकन्दर सिंह,आरक्षी सुकन राम एवं आरक्षी रामदेव महतो है।पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि झारखण्ड राज्य के इन शहीद पुलिसकर्मियों के साथ-साथ हम उन सभी पुलिसकर्मियों को नमन करते है तथा उन्हें अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं जिन्होने विगत एक वर्ष में अपनी शहादत दी है। हम दुमका जिलाबल के पूर्व में शहीद हुए उन सभी आठ पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को भी नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।पुलिस संस्मरण दिवस पर परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र दुमका रमेश कुमार मंडल एवं पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर संपत्ति एवं परिवहन शाखा के साथ-साथ सभी पुलिस पदाधिकारी, भूतपूर्व पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष, पुलिस कर्मी एवं सहायक पुलिस कर्मियों के द्वारा के द्वारा संध्या में कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## पत्थर चिप्स के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन पर उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी की बड़ी कार्रवाई




दुमकाःउपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निदेश पर जिला खनन पदाधिकारी ने मुफसिल थाना क्षेत्र में सोमवार को अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर खान निरीक्षक ने वाहन जांच अभियान चलाकर की अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते चार वाहनों को जप्त कर मुफ्फसिल थाना को सुपूर्द कर दिया है। अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर खान निरीक्षक बह्मदेव यादव ने सोमवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रिंग रोड के समीप वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में चार वाहन पत्थर चिप्स ले जाते पाये गए। जिस पर वाहनों के चालक से कागजात की मांग की गयी,लेकिन चालक के द्वारा किसी प्रकार का चालान व संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं करवाया गया। जिस के बाद खान निरीक्षक के द्वारा वाहनों को जप्त कर लिया गया एवं थाना को सुपूर्द कर दिया गया। इस मामले में जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ विभाग लगातार छापेमारी कर रहा है एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया है कि जिले में कही भी अवैध खनन,परिवहन या भंडारण होते देखते है तो इसकी सूचना दे ताकि ऐसे कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# जमीन विवाद को लेकर रामगढ़ के लावरती में मांझी परगना बैसी की बैठक आयोजित

दुमकाःदुमका दिसोम मांझी थाना आर जाहेर थान संताल परगना नामक संस्था के आह्वान पर रामगढ़ प्रखंड के पथरिया पंचायत के लावरती गांव में सोमवार को दूसरी बार मांझी परगना बैसी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस संस्था के प्रतिनिधि स्वयं को मांझी परगना सरकार( नॉन ज्यूडिशियल गवर्नमेंट )कहते हैं। पिछले दिनों रामगढ़ प्रखंड के कई स्थानों पर इन्होंने दो पक्षों के बीच में चल रहे भूमि विवाद का हल करने के लिए मांझी परगना बैसी का आयोजन किया था। इन लोगों द्वारा किए जाने वाले बैसी आयोजन में सामान्यतः लोगों को तस्वीर खींचने या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं होती है। जानकार लोग बताते हैं कि ये लोग भूमि विवाद के निर्णय के बदले में किसी एक पक्ष पर भारी आर्थिक जुर्माना भी लगाते हैं। जुर्माना न भरने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति के घर में उक्त संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा ताला लगा दिया जाता है। पिछले दिनों इस संस्था से जुड़े लोगों ने रामगढ़ प्रखंड के धोधमा, बाबू पाटोजोरिया तथा लावरती में भी मांझी परगना बैसी की बैठक आयोजित की थी।



जिसमें बाबू पाटोजोरिया में बैसी की बैठक लगातार दो दिनों तक चली थी। लावरती में भी गत सोमवार 14 अक्टुबर को इसी मामले में मांझी परगना बैसी की बैठक बुलाई गई थी। किंतु दूसरे पक्ष के बैठक में उपस्थित न होने तथा दूसरे पक्ष की एक वृद्धा महिला की अचानक मृत्यु हो जाने के कारण बैसी की बैठक स्थगित कर दी गई थी। बैठक को लेकर प्रशासन भी उस दिन पूरी तरह से सक्रिय था।

#### आदर्श आचार चुनाव संहिता में बैसी की बैठक आयोजित करने पर उठे सवाल

लावरती में आयोजित मांझी परगना बैसी की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों तथा संताल समाज के बुद्धिजीवियों ने बैसी की बैठक आयोजित करने वाली तथा कथित संस्था की मनमाने कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आयोजकों से पूछा कि वे इस तरह की बैठक किस अधिकार से बुलाते हैं। जमीन विवाद का फैसला करने तथा भारी भरकम जुर्माना लगाने का अधिकार उन्हें संविधान की किस धारा के तहत प्राप्त हुआ है। बुद्धिजीवियों ने यह भी पूछा कि जमीन विवाद के हल के लिए न्यायालय तथा थाना की शरण लेने वालों को वे लोग दोषी किस अधिकार से ठहराते हैं। साथ ही उनकी कथित संस्था जब दिसोम मांझी थान द्वारा संचालित है तो मांझी परगना बैसी में दुमका से किसी भी जिले के मांझी परगना बाबा क्यों नहीं उपस्थित हैं। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी प्रशासन की मंजूरी के बगैर बैसी की बैठक के नाम पर सैकड़ो लोगों को एक स्थान पर इकट्ठा करने पर भी बुद्धिजीवियों ने सवाल उठाए। बुद्धिजीवियों के इन प्रश्नों का आयोजकों के पास कोई जवाब नहीं था। इसके बाद ग्राम प्रधानों एवं बुद्धिजीवियों ने द्वितीय पक्ष की सनी टुडू तथा प्रथम पक्ष के लुखीराम टुडू के कागजातों को देखने के बाद सर्वसम्मति से सनी टुडू के पक्ष में निर्णय सुनाया। साथ ही अपने को दुमका दिसोम मांझी थान और जाहेर थान संताल परगना नामक कथित संस्था के मांझी परगना सरकार ( नॉन ज्यूडिशियल गवर्नमेंट) का सलाहकार बताने वाले तथा मांझी परगना बैसी के आयोजक ग्राम केसाडी, पंचायत गेडिया, थाना बिंदापाथर, प्रखंड नाला, जिला जामताड़ा निवासी महादेव हेम्ब्रम तथा ग्राम टेसाफुली प्रखंड गोपीकांदर जिला दुमका निवासी सुखीलाल मरांडी एवं ग्राम आसनपुरा, प्रखंड अमडापाड़ा जिला पाकुड़ निवासी उसके दो सहयोगियों को पुलिस को सौंपने के लिए लावरती के ग्राम प्रधान दरबारी टुडु के हवाले कर दिया।

क्या है मामलाः-लावरती के लुखीराम टुडू का अपनी चचेरी बहन सनी टुडु के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सनी टुडू का पति स्वर्गीय चुड़का मुर्मू परिवार सहित अपने ससुराल लावरती में घर जमाई के रूप में रहता था। उसका विवाह 1980 में ही हुआ था। किंतु सनी टुडू का चचेरा भाई लुखीराम टुडू सनी टुडू के पति को घर जमाई मानने से इनकार करते हुए सनी टुडू को उसके पिता की पैतृक जमीन नहीं देना चाहता था। इसी बात को लेकर उसके अनुरोध पर तथाकथित मांझी परगना सरकार चलाने वाली दुमका दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान संताल परगना द्वारा मांझी परगना वैसी बुलाई गई थी। इसी संस्था तथा लुखीराम टुडू के भय से सनी टुडू तथा उसके परिजन सनी टुडु की मृत माता का अंतिम संस्कार मृत्यु के दो दिन बाद तक नहीं कर पाए थे। बाद में पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर सनी टुडू के दूसरे चचेरे भाई द्वारा सनी टुडू की मां का अंतिम संस्कार मृत्यु के तीसरे दिन गत बुधवार को किया गया था।

# सियांग घाटी में विशालकाय बांध बना रहा भारत, काम तेजी से शुरू

### बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अरुणाचल प्रदेश से लगा हुए चीन के इलाके में चीन की बड़ी जल परियोजना को देखते हुए केंद्र ने ऊपरी सियांग घाटी में विशालकाय बांध बनाने के काम को तेजी से शुरू कर दिया है। यह देश का सबसे बड़ा बांध होगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में सियांग ऊपरी घाटी बांध की शुरुआती परियोजना प्रबंधन के उद्देश्य से वित्तीय मदद देने की घोषणा की थी। इस प्रस्तावित परियोजना के तीन एजेंडे हैं – बाढ़ प्रबंधन, जल प्रवाह को दुरुस्त करना और बिजली पैदा करना। सरकार की पनबिजली की प्रमुख कंपनी एनएचपीसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफपीआर) विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार इस बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी और यह भारत का सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी। इस परियोजना की लागत 1 लाख करोड़ रुपये होगी। एनएचपीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में विभिन्न सरकारी मंत्रालयों जैसे ऊर्जा, जल शक्ति और अरुणाचल प्रदेश से विचार-विमर्श हुआ था। हाल में केंद्र के राशि जारी करने से इस परियोजना को गति मिली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल अगस्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में 15 जीडब्ल्यू की पनबिजली परियोजना के लिए 4,136 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। मंत्रिमंडल ने बीते महीने आगामी जल परियोजनाओं के लिए 'सक्षम बुनियादी ढांचा' और पंप्ड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के लिए 12,461 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। अधिकारियों ने संकेत दिया कि इन दो निगमों से कोष सियांग घाटी परियोजना के पीएफआर के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएचपीसी के प्रवक्ता को ईमेल प्रश्नावली भेजी गई थी लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका जवाब नहीं मिला था। चीन जनवादी गणराज्य ने 2021 में यारलुंग त्संगपो में 60 गीगावॉट की मोटोंग जल परियोजना स्टेशन को मंजूरी दी थी और यह क्षेत्र तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) में आता है। यारलुंग नदी भारत में ब्रह्मपुत्र (अरुणाचल के सियांग) में आकर मिलती है।

एनएचपीसी और राज्य सरकार के शुरुआती अध्ययन के मुताबिक चीन की इस परियोजना के कारण भारत में जल का प्रवाह 80 प्रतिशत तक घट सकता है। अधिकारियों ने हालिया प्रस्तुतियों में संकेत दिया कि इसे चीन 'पानी के बम' की तरह इस्तेमाल कर सकता है और इस बांध से पानी छोड़ने पर भारतीय क्षेत्र में बाढ़ भी आ सकती है।

## अमेरिकी कंपनी बिसेल ने छह साल बाद भारतीय बाजार में प्रवेश किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। मिशिगन, अमेरिका के घरेलू समाधान प्रदाता बिसेल ने छह साल के बाद अपने वैक्यूम क्लीनर्स की श्रंखला के साथ भारत में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह देश 'भविष्य में एक बहुत महत्वपूर्ण बाजार' होगा। बिसेल के अध्यक्ष (वैश्विक बाजार) मैक्स बिसेल ने बताया, हालांकि भारत वैश्विक स्तर पर फर्श की देखभाल वाले उत्पादों के लिए अपेक्षाकृत छोटा बाजार है, लेकिन इसकी जनसांख्यिकी और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देखते हुए यह भविष्य के लिए एक निवेश है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि भारत भविष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार होगा। अगर हम सिर्फ जनसंख्या और हमारे सामने मौजूद अवसरों को देखें, तो यह भविष्य के लिए एक निवेश है। बिसेल ने भारत में वितरण के लिए कैविटक ग्लोबल कॉमर्स के साथ साझेदारी की है और वह अपने अस्थायी गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनिंग सिस्टम जैसे 'स्पॉटक्लीन हाइड्रोस्टीम' और 'स्पॉटक्लीन प्रोहीट' को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो पहले से ही ई-कॉमर्स मंच अमेज़न पर उपलब्ध हैं। बिसेल ने कहा कि यह अगली पीढ़ी के लिए एक निवेश है, जहां हम यह जानते हुए बाजार में प्रवेश कर सकते हैं कि यह बहुत बड़ा नहीं होने वाला है, लेकिन यह वास्तव में ऐसे बीज बोएगा जो भविष्य के लिए पेड़ के रूप में विकसित होंगे।

## अगस्त में नई औपचारिक नियुक्तियां चार महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगस्त महीने में फॉर्मल हायरिंग में गिरावट दर्ज की गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तरफ से जारी ताजा पेरोल डेटा के मुताबिक फॉर्मल लेबर मार्केट में मंदी के संकेत मिले हैं। अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स (नए सदस्य) की संख्या करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गई, जो जुलाई में 10.5 लाख थी। यह संख्या चार महीनों के निचले स्तर पर है। ईपीएफओ डेटा को अहम माना जाता है क्योंकि केवल फॉर्मल वर्कफोर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलते हैं और वे श्रम कानूनों द्वारा संरक्षित होते हैं। अगस्त में 9.30 लाख नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स में 18-25 आयु वर्ग के युवाओं की हिस्सेदारी मामूली रूप से घटकर 59.26 फीसदी (5.51 लाख) हो गई, जो जुलाई में 59.4 फीसदी (6.25 लाख) थी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के सब्सक्राइबर्स आमतौर पर पहली बार लेबर मार्केट में प्रवेश करते हैं, जो बाजार की स्थिति का संकेत देते हैं। इसके अलावा, नई महिला सब्सक्राइबर्स की हिस्सेदारी भी घटकर 27.2 फीसदी (2.53 लाख) हो गई, जो पिछले महीने 29 फीसदी (3.05 लाख) थी।

## टाटा ग्रुप के 3 शेयरों ने दिया ऐतिहासिक रिटर्न

### पांच गुना तक किया पैसा, रतन टाटा की लीडरशिप में खूब बढ़े इनके दाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। टाटा ग्रुप का इतिहास लगभग सवा 100 साल पुराना है। जमशेदजी टाटा ने इस विशाल व्यापारिक साम्राज्य की नींव रखी और हर दशक में अगली पीढ़ियों ने इस बिजनेस समूह को आगे बढ़ाया। रतन टाटा की अगुवाई में टाटा ग्रुप की कंपनियों ने जोरदार तरक्की की। खास बात है कि इसका फायदा ना सिर्फ टाटा ग्रुप को बल्कि टाटा के शेयरों में निवेश करने वाले लोगों को भी मिला। टाटा ग्रुप की तीन कंपनियों ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाइटन ने निवेशकों को पिछले कुछ सालों में जोरदार रिटर्न दिया है। टाटा ग्रुप के इन 3 शेयरों ने महज 5 साल में निवेशकों का पैसा पांच गुना तक कर दिया है। जैसे टाटा मोटर्स के शेयर 5 साल पहले अक्टूबर 2019 में 137 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे लेकिन, आज इनकी कीमत 900 रुपये प्रति शेयर है। इस अवधि में टाटा मोटर्स के शेयरों ने 550 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। टाइटन के शेयरों ने 5 साल की अवधि में 164 फीसदी का रिटर्न दिया है। अक्टूबर 2019 में कंपनी के शेयर 1300 रुपये के भाव पर थे और आज प्रति शेयर की कीमत 3430 रुपये से ज्यादा है।

# विदेशी निवेशकों ने निकालें पैसे.........हरे से लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़े उछाल के साथ खुलने के बावजूद लाल निशान में बंद हुआ। इसके पहले शुक्रवार को शेयर बाजार तीन दिन की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुआ था। भारतीय शेयर बाजार में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में भारी गिरावट और विदेशी निवेशकों के लगातार देशी बाजारों से पैसा निकालने के चलते गिरावट आई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सोमवार को 73.48 अंक की गिरावट के साथ 81,151.27 पर बंद हुआ। शुरुआत में सेंसेक्स 545 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, कारोबार के अंत में बिकवाली के दबाव में आकर सेंसेक्स 80,811.23 के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 72.95 अंक की गिरावट के साथ 24,781.10 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सोमवार को कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट




लेकर बंद हुआ। कंपनी की तिमाही आय नतीजे निवेशकों की उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। इसकारण बैंक के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, अदानी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील भी गिरावट में बंद हुए।

वहीं एचडीएफ़सी बैंक के सितम्बर तिमाही के नतीजे शानदार रहे जिसका असर कंपनी के शेयरों में देखने को मिला है। जुलाई-सितंबर तिमाही में एचडीएफ़सी बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़कर 17,825.91 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का शेयर सोमवार को लगभग 3 प्रतिशत चढ़ गया। साथ ही एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईआई), मारुति और टेक महिंद्रा के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 5,485.70 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,214.83 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

## 84.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ रुपया

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बदं हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव पड़ा । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त दिखाता है।

## एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे

मुंबई (ईएमएस)। हर साल की तरह इस साल भी पूरा देश दिवाली के अवसर पर स्टॉक मार्केट में होने वाली मुहूर्त ट्रेडिंग का इंतजार कर रहा है। इसकी तारीख और टाइमिंग को लेकर कंफ्यूजन दूर हो गया है। दरअसल, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने दिवाली के शुभ अवसर पर आयोजित विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन के टाइमिंग की घोषणा की है। एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को एक घंटे का स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे। स्टॉक एक्सचेंजों ने अलग-अलग सर्कुलर में यह ऐलान किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि ट्रेडिंग सेशन शुक्रवार 1 नवंबर 2024 को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। दिवाली पर शेयर बाजार रेगुलर ट्रेडिंग के लिए बंद रहेगा, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए स्पेशल ट्रेडिंग विंडो खुली रहेगी। एक्सचेंजों ने घोषणा की कि प्री-ओपनिंग सेशन शाम 5:45 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। बता दें कि मुहूर्त ट्रेडिंग एक पारंपरिक प्रतीकात्मक ट्रेड होता है। यह एक शुभ दिन होता है और इस दिन निवेशक सौभाग्यशाली वर्ष की कामना के साथ कुछ देर की ट्रेडिंग करते हैं। पिछले साल 12 नवंबर को निफ्टी और सेंसेक्स ने विशेष दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र में अच्छी बढ़त देखी थी। शाम 6:15 बजे से शाम 7:15 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए ओपन हुआ था। सेंसेक्स 354.77 अंक की तेजी के साथ 65,259.45 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 100.20 अंक की तेजी रही, ये 19,525.55 के स्तर पर बंद हुआ था।

# दिवाली से पहले ही सोने-चांदी के भाव में आई तेजी




### सोना 78,200 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 98,100 रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। इसके साथ ही दोनों के वायदा भाव अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव 78,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 98,100 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 328 रुपये की तेजी के साथ 78,077 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 452 रुपये की तेजी के साथ 78,201 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 78,201 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 78,076 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल आज ही 78,201 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 1,788 रुपये की तेजी के साथ 97,190 रुपये पर खुला। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 2,698 रुपये की तेजी के साथ 98,100 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 98,224 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,190 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने आज ही 98,224 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,736.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,730 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 13.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,743.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.90 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.23 डॉलर था। इस समय यह 0.94 डॉलर की तेजी के साथ 34.18 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने अहमदाबाद में तीन एकड़ जमीन का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली (ईएमएस)। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने आवास परियोजना विकसित करने के लिए अहमदाबाद के वस्त्रपुर में करीब तीन एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। इसका अनुमानित बिक्री मूल्य 1,300 करोड़ रुपये है। कंपनी ने सौदे की कीमत और विक्रेता का नाम उजागर नहीं किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि इस भूमि पर करीब नौ लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र विकसित किए जाने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से प्रीमियम आवासीय अपार्टमेंट शामिल हैं, जिनकी अनुमानित बुकिंग कीमत करीब 1,300 करोड़ रुपये है।' गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अहमदाबाद में अपनी दूसरी परियोजना से खुश हैं। इससे अहमदाबाद में हमारी मौजूदगी और मजबूत होगी इस महीने की शुरुआत में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 3,500 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में कुल 6.5 एकड़ के तीन समीपवर्ती भूखंडों के अधिग्रहण की बोलियां भी जीती थीं।

# वारी एनर्जीज आईपीओ के जरिए 4,321 करोड़ रुपए जुटाएगी




### वारी एनर्जीज के एक शेयर का प्राइस बैंड 1,427 रुपए से 1503 रुपए तय किया गया

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोमवार को शेयर बाजार में वारी एनर्जीज लिमिटेड का आईपीओ का प्रदर्शन जोरदार रहा है। यह सौलर पैनल या सोलर मॉड्यूल बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है। इसमें निवेशक 23 अक्टूबर तक निवेश कर सकेंगे। कंपनी की योजना आईपीओ के जरिये 4,321 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मुंबई की कंपनी वारी इस आईपीओ में 3,600 करोड़ रुपए के 2.39 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। इसी के साथ कंपनी के प्रोमोटर्स और शेयरधारक 48 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल या ओएफएस लेकर आ रहे हैं। ओएफएस के जरिये 721.44 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश है। इस आईपीओ में बड़े (एंकर) निवेशक ने 18 अक्टूबर को ही बोली लगा ली है। सोमवार से इसमें रिटेल समेत अन्य श्रेणी के निवेशक बोली लगाएंगे। वारी एनर्जीज के एक शेयर का प्राइस बैंड 1,427 रुपए से 1503 रुपए तय किया गया है। इसके लिए मिनिमम लॉट साइज 9 शेयरों का तय किया गया है। यानी कि रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम 13,527 रुपए का निवेश करना होगा। इस आईपीओ में 50 फीसदी शेयर क्वालिफाइड इंस्टीटयूशनल बॉयर्स यानी क्यूआईबी निवेशकों के लिए आरक्षित है। इसका 15 फीसदी हिस्सा नॉन-इंस्टीटयूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है जबकि 35 फीसदी हिस्सा रिटले इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है। 1990 में स्थापित वारी एनर्जीज इस आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग ओडिशा में 6 गीगावाट की इंगट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए करेगी। इसके अलावा एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए रखा जाएगा। इस समय कंपनी के पास 12 गीगावाट्स के सोलर मॉड्यूल बनाने की इंस्टाल्ड कैपिसिटी है। साथ ही इसका 20 फीसदी बाजार पर कब्जा है। कंपनी के पास इस समय गुजरात में चार मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स हैं।

# दिवाली से पहले पेट्रोल-डीजल के बढ़े भाव

### नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में सामने आए रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इस रिपोर्ट के बाद जनता की उम्मीद और बढ़ गई है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से 21 अक्टूबर 2024 को ईंधन का नया भाव जारी कर दिया गया है।

पेट्रोल कंपनियों की ओर से जारी किए गए भाव के अनुसार सरकार ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले आम जनता को एक बार फिर झटका दिया है। नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। महंगा होने के बाद अब यहां एक लीटर पेट्रोल के लिए 104.83 और डीजल के लिए 93.5 रुपए देना होगा। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए और डीजल की कीमत 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपए और डीजल की कीमत 89.97 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपए और डीजल की कीमत 91.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपए और डीजल की कीमत 92.34 रुपए प्रति लीटर है। वहीं देश के अन्य अन्य प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल का भाव इस प्रकार हैं। नोएडा में0 पेट्रोल 94.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपए प्रति लीटर,




गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपए प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपए प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपए प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपए प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपए प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपए प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपए प्रति लीटर है।

महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 46 पैसे बढ़कर 104.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 37 पैसे बढ़कर 93.05 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 33 पैसे बढ़कर 94.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 38 पैसे बढ़कर 87.79 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

## रेलवे के हर साल गुटखे के दाग साफ करने पर होते हैं 1200 करोड़ खर्च

### अब स्टेशन परिसर में लगेंगे कियोस्क, जिसमें थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे



नई दिल्ली (ईएमएस)। स्वच्छ भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद कुछ लोगों में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की आदत में बदलाव लाना कठिन साबित हो रहा है। लोग शायद यह नहीं समझते कि इससे कितना नुकसान होता है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेलवे हर साल पान-गुटखा के दाग साफ करने के लिए करीब 12,000 करोड़ रुपए खर्च करता है। अब रेलवे इससे निपटने के लिए नया प्लान लेकर आई है, जिससे खर्च में कमी आएगी। हालांकि, रेलवे इस समस्या से निपटने के लिए एक नया समाधान लेकर आया है। योजना के तहत स्टेशन परिसर में स्पिटर कियोस्क लगाए जाएंगे, जिन्हें आम जनता उपयोग कर सकेगी। रेलवे देश भर के 42 स्टेशनों में ऐसे कियोस्क लगाने जा रहा है। इन कियोस्क में थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 5 से 10 रुपए के बीच होगी। रेलवे को उम्मीद है कि लोग इन स्पिटून का उपयोग करेंगे, जिससे दाग साफ करने के खर्च में कमी आएगी।

## उड़ान के तहत 601 मार्ग 71 हवाई अड्डे शुरू हुएः नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली (ईएमएस)। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि आठ साल पहले शुरू की गई क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो गए हैं। उड़ान का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर मार्गों सहित 601 मार्गों को चालू कर दिया गया है और इनमें से लगभग 28 प्रतिशत मार्ग सबसे दूरदराज के स्थानों के लिए सेवा देते हैं। बयान के मुताबिक कुल 86 एयरोड्रोम – जिसमें 71 हवाई अड्डे, 13 हेलीपोर्ट और दो जल एयरोड्रोम शामिल हैं – चालू हो गए हैं। इससे 2.8 लाख से अधिक उड़ानों के जरिये 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ। इस बीच देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से दोगुनी होकर 2024 में 157 हो गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यूपीआई पर लट्टू हुए मुइज्जू, अपने देश में लागू करने की तैयारी

माले,(ईएमएस)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने देश में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को पेश करने के लिए '' आवश्यक कदम '' उठाए हैं, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई मोबाइल फोन के द्वारा अंतर-बैंक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है। मुइज्जू ने देश में यूपीआई शुरू करने के लिए एक संघ का गठन किया। ट्रेडनेट मालदीव कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसकी अग्रणी एजेंसी नियुक्त किया है।राष्ट्रपति ने संघ में देश के बैंक, दूरसंचार कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की भागीदारी का भी सुझाव दिया। उन्होंने मंत्रिमंडल की सिफारिश पर '' आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया।''इसमें कहा गया, इस कदम से मालदीव की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। इसमें वित्तीय समावेश में वृद्धि, वित्तीय लेनदेन में बेहतर दक्षता और डिजिटल बुनियादी ढांचे में वृद्धि शामिल है।'' मालदीव में यूपीआई शुरू करने के समझौते पर अगस्त में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे।

### पाकिस्तान सरकार ने हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार करने दिए एक करोड़

लाहौर,(ईएमएस)। पाकिस्तान सरकार ने पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए एक करोड़ का बजट आवंटित किया है। इस फंड से मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू होगा, जो कई सालों से जर्जर अवस्था में है। मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को इसकी जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था ने मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है।यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाकिस्तान के गठन के बाद नारोवाल जिले में 45 मंदिर थे लेकिन उनमें से सभी जर्जर हो गए।आर्या ने कहा कि पाकिस्तान धर्मस्थान कमेटी बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार की पैरवी करती है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हिंदू समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए मंदिर की मरम्मत के लिए कदम उठाए हैं। उच्चतम न्यायालय के 'वन मैन कमीशन' के अध्यक्ष शोएब सिद्दल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य मंजूर मसीह ने मंदिर की मरम्मत के प्रयास में अहम भूमिकाएं निभाई हैं।कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि बावली साहिब मंदिर की मरम्मत से हिंदू समुदाय की दीर्घकालीन मांग पूरी होगी, जिससे उन्हें प्रार्थना स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान करने की अनुमति मिलेगी। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। आधिकारिक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान में 75 लाख से ज्यादा हिंदू रहते हैं।

### क्या मौके का फायदा उठाकर ताइवान पर हमला करेगा चीन, शी जिनपिंग के बयानों से कयास

बीजिंग (ईएमएस)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके साथ ही उन्होंने सेना को और मजबूत बनाने की बात भी की है। चीन इनदिनों ताइवान के आसपास, उत्तरी इलाके में और मध्य चीन में तीन स्तर पर बड़े युद्धाभ्यास कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी मिलिट्री ड्रिल ताइवान के चारों ओर की जा रही है।जिनपिंग के बयान से आशंका है कि चीन ताइवान पर हमले की तैयारी कर सकता है। उन्होंने ताइवान सहित अपने दुश्मन देशों को चेतावनी दी कि चीन की शक्ति को कमतर आंकने की कोशिश न की जाए। बीजिंग और ताइपे के बीच पिछले दो वर्षों से विवाद चल रहा है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। ताइवान 1949 से स्वतंत्र देश के रूप में काम कर रहा है, लेकिन चीन ताइवान को अपना अलग प्रांत मानता है। अमेरिका ताइवान का समर्थन करता है, उसे हथियार और प्रशिक्षण प्रदान करता है, इस बात से चीन हमेशा नाराज रहता है। इसी कारण से चीन ताइवान के आसपास लगातार युद्धाभ्यास कर रहा है। यह स्थिति न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर तनाव को भी बढ़ा सकती है।

### इजरायली सेना के ब्रिगेड कमांडर कर्नल दक्सा की मौत

यरुशलम (ईएमएस)। उत्तरी गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन के दौरान, 20 अक्टूबर को इजरायली सेना के ब्रिगेड कमांडर कर्नल अहसान दक्सा की मौत हो गई। इजरायली सेना (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसकी पुष्टि कर बताया कि दक्सा जबालिया क्षेत्र में अपने टैंक से निकलते ही एक विस्फोटक की चपेट में आ गए।कर्नल दक्सा, जो इजरायल के द्रूज समुदाय के सदस्य थे, उन्हें चार महीने पहले 401वीं ब्रिगेड का कमांडर नियुक्त किया गया था। यह घटना इजरायली सेना के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह साल भर से चल रहे गाजा युद्ध में मारे गए सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक थे।हगारी ने कहा कि घटना में एक अन्य बटालियन कमांडर और दो अधिकारी भी घायल हुए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि दक्सा हमास आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए। उन्होंने कहा, वे क्षेत्र का निरीक्षण करने बाहर निकले और विस्फोटक से घायल हो गए।

### बांग्लादेश में हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध की तैयारी, मोहम्मद यूनुस लोकतंत्र बहाली का दावा

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली का दावा करने वाली मोहम्मद यूनुस की नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार, सच्चाई में लोकतंत्र ही हत्या में जुटी है। देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, अवामी लीग, पर प्रतिबंध लगाने की योजना है। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने बताया कि सरकार अवामी लीग और समान विचारधारा वाली पार्टियों को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने से रोकने का इरादा रखती है।यूनुस, जिन्होंने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग पर लोकतंत्र को कुचलने का आरोप लगाया है, उनके इस कदम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, यूनुस के मुख्य सलाहकार महफूज आलम ने कहा है कि पिछले तीन चुनावों में भाग लेकर अवैध तरीके से संसद में आए लोगों ने जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा, अंतरिम सरकार निश्चित रूप से उनकी राजनीतिक भागीदारी पर रोक लगाएगी।आलम ने कहा कि इस प्रक्रिया में कानूनी और प्रशासनिक दोनों पहलू होंगे, और इन उपायों को चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कुछ राजनीतिक दलों ने अवामी लीग और उसके सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, जिसके बाद इस पर चर्चा की जा रही है। मुख्य सलाहकार यूनुस के साथ राजनीतिक दलों की बातचीत में अवामी लीग के सहयोगियों को आमंत्रित नहीं किया गया था। आलम ने बताया कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इन दलों ने अवैध चुनावों में मौन समर्थन दिया था। अंतरिम सरकार ने इन्हें फासीवाद के सहयोगी करार दिया है।

### संदिग्ध आतंकियों ने की पुलिस अधिकारी की हत्या

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र समझे जा रहे उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बंदूकधारियों ने आतंकवाद निरोधक विभाग के एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया है कि रविवार को आतंकियों ने पुलिस अधिकारी को गोलीमार कर शहीद कर दिया, दोषियों की तलाश की जा रही है।पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि उप निरीक्षक शेर अली की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वह रविवार को बन्नू जिले में स्थित एक मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद बाहर आ रहे थे। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस मामले को आतंकी घटना से जोड़कर देखा जा रहा है और इलाके में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया हुआ है।

# जब ऑस्ट्रेलियाई संसद में हुई राजा चार्ल्स की भयंकर बईज्जती, महिला ने चिल्लाया वापस जाओ



केनबरा (ईएमएस)। एक स्वतंत्र ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर ने देश की अपनी यात्रा के दौरान राजा चार्ल्स के संसदीय स्वागत समारोह में बाधा डाली। महिला में आप मेरे राजा नहीं हैं जैसे उपनिवेशवाद विरोधी नारे लगाए, इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने सीनेटर को पकड़ कर बाहर कर दिया। सीनेटर की टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में महिला को कहते सुना जा सकता है कि तुम मेरे राजा नहीं हो! हमें वह दो जो तुमने हमसे चुराया है।राजा चार्ल्स तृतीय के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी की बात यह रही कि एक स्वदेशी सीनेटर ने सभी के सामने कहा कि ऑस्ट्रेलिया उनकी भूमि नहीं है। वहीं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने कहा कि देश के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में सम्राट की आवश्यकता नहीं है, जबकि ब्रिटिश शाही परिवार सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की संसद में गया था। स्वदेशी स्वतंत्र सीनेटर लिडिया थोर्प को शाही जोड़े के लिए आयोजित संसदीय स्वागत समारोह से बाहर निकाला गया, क्योंकि उन्होंने चिल्लाते हुए कहा कि ब्रिटिश उपनिवेशवादियों ने स्वदेशी भूमि और हड्डियाँ ले ली हैं।उन्होंने चिल्ला कर कहा कि तुमने हमारे लोगों के खिलाफ नरसंहार किया। हमें वह दो जो तुमने हमसे चुराया है, हमारी हड्डियाँ, हमारी खोपड़ी, हमारे बच्चे, हमारे लोग। तुमने हमारी भूमि को नष्ट कर दिया। हमें एक संधि दो। हम एक संधि चाहते हैं। राजा चार्ल्स ने अल्बानीस से चुपचाप बात की, जबकि सुरक्षा अधिकारियों ने सीनेटर थोर्प को पास आने से रोक दिया। थोर्पे ने हॉल से बाहर निकाले जाने पर चिल्लाते हुए कहा यह तुम्हारी भूमि नहीं है। आप मेरे राजा नहीं हैं।विपक्षी नेता पीटर डटन, जो ब्रिटिश राजा को ऑस्ट्रेलिया का सम्राट बनाए रखना चाहते हैं, ने कहा कि राजधानी कैनबरा में संसद भवन में चार्ल्स और रानी कैमिला के स्वागत समारोह में भाग लेने के लिए गणतंत्र के समर्थकों को भी सम्मानित महसूस हुआ। डटन ने चुटकी लेकर कहा, लोगों ने बाल कटवाए हैं, लोगों ने जूते पॉलिश किए हैं, सूट प्रेस किए हैं और ये सिर्फ रिपब्लिकन हैं।ऑस्ट्रेलिया के छह राज्य सरकार के नेताओं ने स्वागत समारोह में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार करके ब्रिटेन के साथ देश के संवैधानिक संबंधों पर राजनीतिक विभाजन को रेखांकित किया। सभी छह ऑस्ट्रेलियाई नागरिक को ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्राध्यक्ष बनाना पसंद करेंगे। उनमें से प्रत्येक ने कहा कि सोमवार को उनके पास और भी ज़रूरी काम थे, लेकिन राजतंत्रवादियों ने माना कि राजघरानों को नज़रअंदाज़ किया गया।चार्ल्स ने अपने भाषण की शुरुआत में कैनबरा की स्वदेशी बुज़ुर्ग आंटी वायलेट शेरिडन को राजा और रानी के पारंपरिक स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। चार्ल्स ने कहा, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि मैं आज सुबह के दिल को छू लेने वाले वेलकम टू कंट्री समारोह की कितनी सराहना करता हूँ, जो मुझे उन ज़मीनों के पारंपरिक मालिकों, जहाँ हम मिलते हैं, न्गुन्नावल लोगों और सभी प्रथम राष्ट्र के लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है, जिन्होंने 65,000 वर्षों से इस महाद्वीप को प्यार और देखभाल दी है।चार्ल्स ने कहा मेरे पूरे जीवन में, ऑस्ट्रेलिया के प्रथम राष्ट्र के लोगों ने मुझे अपनी कहानियों और संस्कृतियों को इतनी उदारता से साझा करने का महान सम्मान दिया है। मैं केवल इतना कह सकता हूँ कि इस तरह के पारंपरिक ज्ञान ने मेरे अपने अनुभव को कितना आकार दिया और मजबूत किया है।चार्ल्स अपनी यात्रा से महीनों पहले ऑस्ट्रेलिया के गणतंत्र की बहस में शामिल हो गए थे। ऑस्ट्रेलियाई गणतंत्र आंदोलन, जो चाहता है कि ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन के साथ अपने संवैधानिक संबंधों को तोड़ दे, ने पिछले साल दिसंबर में चार्ल्स को ऑस्ट्रेलिया में एक बैठक और राजा से उनके कारण की वकालत करने का अनुरोध करते हुए लिखा था। बकिंघम पैलेस ने विनम्रतापूर्वक मार्च में वापस लिखा कि राजा की बैठकों का फैसला ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा किया जाएगा। एआरएम के साथ बैठक आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम में नहीं दिखाई देती है। बकिंघम पैलेस के पत्र में कहा गया है, ऑस्ट्रेलिया एक गणतंत्र बनेगा या नहीं, यह ऑस्ट्रेलियाई जनता को तय करना है।

### गहराता संघर्षः इजरायल ने फिर किया धाये और लेबनान में हमले


बेरूत(ईएमएस)। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रही जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। इजरायली सेना ने न केवल हवाई आक्रमण तेज किए हैं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर भी हमले जारी हैं। हिज़बुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह के खात्मे के बावजूद संगठन अभी तक इजरायल की उम्मीदों के अनुसार कमजोर नहीं हुआ है। यही कारण है कि इजरायल ने अब हिज़बुल्लाह की रीढ़ तोड़ने के लिए सभी महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। लेबनान के धाये इलाके में इजरायल की ओर से बार-बार हवाई हमले किए जा रहे हैं। धाये वही इलाका है, जहां हिज़बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह मारे गए थे।इसके अलावा, इजरायली सेना उन सभी इमारतों और प्रतिष्ठानों को भी निशाना बना रही है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हिज़बुल्लाह से जुड़े हुए हैं। चियाह और अन्य इलाकों में इजरायल की बमबारी ने वहां के निवासियों में डर पैदा कर दिया है, और लोग यह समझने में असमर्थ हैं कि अगला हमला कब और कहां हो सकता है।

# जब डोनाल्ड ट्रंप मैकॉडॉनल्ड्स स्टोर के बन गए कर्मचारी, फ्राइज भी बनाया

### भारतीय को सर्व किया आर्डर तो शख्स देखकर रह गया हैरान, बोलो थैंक्स प्रेसिडेंट!

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप बदले अंदाज में नजर आ रहे हैं। चुनावी सरगर्मी के बीच ट्रंप ने राजनीति से ब्रेक लेकर पेंसिल्वेनिया में मैकॉडॉनल्ड्स स्टोर पर पहुंच गए। दिलचस्प बात ये है कि ट्रंप यहां खाने नहीं फ्राइज बनाने और इसे सर्व करने के लिए गए थे। इस दौरान ट्रंप ने काउंटर पर खड़े होकर एक भारतीय को ऑर्डर सर्व किया तो वह उन्हें देखकर हैरान रह गया। इंटरनेट पर ट्रंप और ग्राहक के बीच हुई भावुक बातचीत को खूब देखा जा रहा है।टेकआउट विंडो पर ट्रंप को देखकर भारतीय शख्स उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए और एक बार फिर से उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति बनने की इच्छा व्यक्त कर दी। वायरल वीडियो में अपने सिग्नेचर सूट के ऊपर एप्रन पहने हुए देखा जा सकता है। उन्होंने मशहूर फ्राइज को बनाने का तरीका सीखा। इसके बाद वह पैकेट लेकर टेककाउट विंडो पर गए और कस्टमर को दिया।कार के अंदर एक भारतीय मौजूद था, जो ट्रंप को देख हैरान रह गया। उसके साथ कार में एक महिला भी बैठी थी। उसने भारतीय परंपरागत तरीके से हाथ जोड़कर ट्रंप को नमस्ते किया। जैसे ही ट्रंप ने हाथ मिलाते हुए ऑर्डर दिया, भारतीय ग्राहक ने कहा कि थैंक्स, मिस्टर प्रेसिडेंट! आपने हमारे जैसे आम लोगों के लिए यहां आना संभव बनाया। इस पर ट्रंप ने कहा- आप साधारण नहीं हैं। इसके बाद भारतीय शख्स ने आभार प्रकट किया। उसने जोर देकर कहा कि वह एक बार ट्रंप को अमेरिकी चुनावों में जीतते हुए देखना चाहता है। इस दौरान कार में बैठी महिला ने ट्रंप से मजाकिया अंदाज में कहा, हमारे लिए गोली खाने के लिए धन्यवाद।ये वीडियो अब इंटरनेट खूब छाया हुआ है। होजट्विन्स नाम के यूजर ने वीडियो को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा- इस भारतीय को सुनिए जो कह रहा है सभी अमेरिकी ट्रंप से प्यार करते हैं। इस पोस्ट पर यूजर ने मजेदार कमेंट किए हैं। एक ने लिखा- यह सबसे अच्छी चीज है जो एक भारतीय कर सकता है। एक यूजर ने लिखा, क्या उसे समझ भी आया कि उसने क्या कहा? एक यूजर ने लिखा, वाह, उसका उत्साह तो देखिए। लेकिन रुकिए, एक साधारण व्यक्ति? हां, जाहिर है ट्रंप सभी प्रवासियों को वापस भेज देंगे। हाल ही में कमला हैरिस ने ट्रंप की उम्र को लेकर निशाना साधा था। ट्रंप के बयान को उसी का पलटवार माना जा रहा है। जब रिपोर्टर ने ट्रंप से पूछा कि हैरिस ट्रंप के बारे में झूठ क्यों बोलती हैं, तो उन्होंने जवाब में कहा कि क्योंकि वह झूठी कमला हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में विवादों से घिरा ऐलन मस्क का दांव



वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव में मुख्य मुकाबला डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच है। इसमें अरबपति एलन मस्क की इंट्री ने एक नया विवाद छेड़ दिया है। मस्क ने घोषणा की है कि वह नवंबर के चुनाव तक हर दिन 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 80 मिलियन रुपये) देंगे, जो उनकी ऑनलाइन याचिका पर हस्ताक्षर करेगा। पहला पुरस्कार ट्रंप समर्थक एक पीएसी (पॉलिटिकल एक्शन कमिटी) कार्यक्रम में दिया जाएगा। हालांकि, इस भुगतान की वैधता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

### गवर्नर ने चिंता जाहिर की

इस बीच, पेनसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने रविवार को एनबीसी के मीट द प्रेस पर मस्क की इस योजना को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, पेन्सिलवेनिया में मतदाताओं को पैसा देने की मस्क की योजना बेहद चिंताजनक है और इसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जांचा जाना चाहिए। इसके अलावा, चुनाव कानून विशेषज्ञों ने भी इस योजना पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि संघीय कानून के प्रावधान मतदाताओं को नकद भुगतान करने पर रोक लगाते हैं। मस्क के इस विवादित कदम से राष्ट्रपति चुनाव में नया मोड़ आ गया है, और अब देखना होगा कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया पर किस तरह का प्रभाव डालता है।

### एक मिलियन डॉलर का चेक सौंपा

मस्क ने पेनसिल्वेनिया के हैरिसबर्ग में अपने अमेरिका पीएसी कार्यक्रम में 1 मिलियन डॉलर का चेक जॉन ड्रेहर नामक एक व्यक्ति को सौंपा, जो ट्रंप के समर्थकों को एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मस्क ने ड्रेहर को चेक देते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, वैसे, जॉन को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। तो खैर, आपका स्वागत है। मस्क के इस कदम को ट्रंप और उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले में अपनी संपत्ति का इस्तेमाल कर चुनावी परिणामों को प्रभावित करने का एक और प्रयास माना जा रहा है। मस्क के अमेरिका पीएसी संगठन का उद्देश्य युद्ध के मैदान वाले राज्यों में ट्रंप समर्थकों को जुटाना और मतदाताओं को पंजीकृत करना है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह संगठन अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में संघर्ष कर रहा है।

# अब सिनवार के शव के बदले बंधकों को रिहा कराएगा इजरायल



गाजा(ईएमएस)। युद्ध में सब कुछ जायज है। शायद यही फार्मूला इजरायल ने अपना रखा। इजरायल लंबे समय से अपने बंधकों को रिहा कराने के प्रयास कर रहा है। कई बार की कोशिशों के बाद भी रिहाई संभव नहीं हुई है। हमास ने जिन्हे बंधक बनाया है उनमें इजरायल के अलावा 23 देशों के नागरिक शामिल हैं। अब इजरायल के हाथ हमास प्रमुख याह्या सिनवार का शव लगा है। माना जा रहा है कि इस शव को लौटाने के बदले बंधकों की रिहाई हो सकती है।इजरायल को यकीन है कि हमास के पास अब भी 101 बंधक मौजूद हैं, जिन्हें किसी अज्ञात स्थान पर रखा गया है। ऐसे में इजरायली अधिकारी इस पर विचार कर रहे हैं कि किस प्रकार सिनवार के शव को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इजरायली राजनयिक सूत्रों के अनुसार, अगर हमास सिनवार के शव के बदले बंधकों को मुक्त करने की पेशकश करता है, तो यह एक समझौते का हिस्सा हो सकता है। एक सूत्र ने बताया कि यदि हमास सौदे की शर्तों पर सहमत होता है, तो सिनवार का शव गाजा वापस भेजा जा सकता है। नेतन्याहू ने हाल ही में अपने बयान में यह भी कहा कि अगर हमास बंधकों को वापस करता है, तो उन्हें गाजा छोड़ने और बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। इस तरह की पेशकश से इजरायल उम्मीद करता है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कर सकेगा, हालांकि यह प्रक्रिया अभी भी जटिल बनी हुई है।इजरायल ने हमास के प्रमुख याह्या सिनवार को मार गिराने के बाद गाजा में अपनी सैन्य कार्रवाई को और तेज कर दिया है। सिनवार की मौत के बाद इजरायल का मुख्य फोकस हमास के कब्जे में मौजूद बंधकों की रिहाई पर है, जिनमें इजरायल के अलावा 23 देशों के नागरिक शामिल हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए इन बंधकों की वापसी अब सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है।सूत्रों के अनुसार, इजरायल इस चुनौती से निपटने के लिए एक नया रास्ता ढूंढ चुका है, जिसमें सिनवार के शव को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में 250 से अधिक लोग किडनैप किए गए थे, और सिनवार इस हमले का मास्टरमाइंड था। इस समय उसका शव इजरायली सेना के कब्जे में है, लेकिन उसकी वापसी को लेकर चर्चा जारी है।

### लेबनान में तबाही, हिजबुल्लाह-इजराइल एक दूसरे पर कर रहे हमले

अल-साकिया,(ईएमएस)। पश्चिम एशिया में हालात दिन ब दिन बिगड़ते ही जा रहे हैं, अब इजराइल का टारगेट लेबनान स्थित हिजबुल्लाह है। इजराइली सेना ने लेबनान के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की खबर है। इसे इजराइल की बड़ी सफलता माना जा रहा है। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के खिलाफ जमीनी और हवाई हमले जारी रखे हैं, जिसका खामियाजा लेबनान के आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। दक्षिणी लेबनान के अल-साकिया सहित कई क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है। इन इलाकों की ज्यादातर इमारतें ढह चुकी हैं और हजारों लोग घर छोड़कर चले गए हैं।इजराइली वायु सेना ने हिजबुल्लाह के 65 सदस्यों पर लक्षित हमले किए, जिससे वहां धुएं और मलबे के ढेर नजर आ रहे हैं। इसके जवाब में, हिजबुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी क्षेत्रों पर रॉकेटों से हमला किया, जिसमें अल-मनारा और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस संघर्ष में हिजबुल्लाह और इजराइल दोनों ही ओर से भारी गोलीबारी और हवाई हमले हो रहे हैं। हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल के उत्तरी इलाकों पर रॉकेट दागे जा रहे हैं, जबकि इजरायली सेना लेबनान के ठिकानों को नष्ट करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है।साउथ लेबनान में स्थित यूनी ऑफिस ने भी सुरक्षा के लिहाज से अपने कर्मचारियों को सतर्क कर दिया है। इस संघर्ष के चलते सैकड़ों आम नागरिक मारे जा चुके हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। दक्षिण लेबनान के कई शहर पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी इस भीषण संघर्ष से पश्चिम एशिया की स्थिरता को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, और निकट भविष्य में इस तनाव के कम होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

### इजराइल के डर से ईरान की गोद में जा बैठा हिजबुल्लाह नेता जनरल नईम कासिम

बेरूत (ईएमएस)। इजरायल के हवाई हमलों में एक के बाद एक हिजबुल्लाह नेताओं के मारने के कारण, इस समूह के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नईम कासिम ने कथित तौर पर लेबनान छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, नईम कासिम अब ईरान में छिपा हुआ है, जहां जहां कासिम इजरायली हमलों से बचने के लिए गया है। ईरानी नेताओं के आदेश पर यह फैसला किया है, खासकर पिछले महीने हिजबुल्लाह के शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह और हाशेम साफीदीन की मौत के बाद।रिपोर्ट में बताया कि कासिम ने 5 अक्टूबर को बेरूत छोड़ने का फैसला किया था और कासिम को ईरानी विदेश मंत्री के विमान से ले जाया गया था। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस माह लेबनान की राजकीय यात्रा पर आए थे, जिसके दौरान कासिम को वहां से निकाला गया।कासिम हिजबुल्लाह के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं और हसन नसरल्लाह की मौत के बाद समूह के सर्वोच्च जीवित नेता हैं। उन्होंने 1970 के दशक में लेबनान की यूनिवर्सिटी से रसायन विज्ञान में पढ़ाई की और इस्लामी विद्वान अयातुल्लाह मोहम्मद हुसैन इफदलल्लाह के अधीन धार्मिक अध्ययन किया।कासिम ने पिछले महीने इजरायली हवाई हमलों के बाद तीन भाषण दिए हैं, जिनमें से पहला बेरूत में और बाकी तेहरान में दिए गए। 15 अक्टूबर को, उन्होंने इजरायल को चेतावनी दी कि हिजबुल्लाह तब तक अपना अभियान बंद नहीं करेगा जब तक युद्ध विराम नहीं होता।

### यूएनएससी में स्थाई सदस्यताः भारत के समर्थन में एकजुट हो रहे कई देश

जिनेवा(ईएमएस)। भारत सुरक्षा परिषद के स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने समेत विभिन्न सुधारों के लिए वर्षों से किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की सुरक्षा परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। भारत का कहना है कि वह भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। पिछले महीने, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के भारत के दावे का समर्थन किया था।

### प्रोटीन के नए फंक्शन की खोज की भारतीय मूल के वैज्ञानिक ने

टोरंटो । भारतीय मूल के एक वैज्ञानिक के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने प्रोटीन के नए फंक्शन की खोज की है। इस हालिया खोज से उम्र से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। कनाडा के मैकमास्टर विश्वविद्यालय की टीम ने एक प्रोटीन का एक नया, अज्ञात कोशिका-सुरक्षात्मक कार्य खोजा है।जो उम्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए नए रास्ते खोल सकता है और बुढ़ापे के दौरान व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में काम करता है। ताजा अध्ययन के अनुसार, कोशिकाएं प्रोटीन को गलत तरीके से बना सकती हैं, और सफाई प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप, प्रोटीन एक साथ चिपक सकते हैं, जिससे हानिकारक जमाव हो सकता है जो अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा है। शोध की देखरेख करने वाले प्रोफेसर भगवती गुप्ता ने कहा, प्रोटीन इकट्ठा होने से यदि कोशिकाएं तनाव का अनुभव कर रही हैं।

# तनातनी के बीच कनाडा में 93 में से 13 विधानसभा सीटें पंजाबियों ने जीतीं

टोरंटो(ईएमएस)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में हाल ही में हुए चुनावों में भारतीय, खासकर पंजाबी समुदाय का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला है। 93 सीटों वाली विधानसभा में 13 सीटें भारतीय मूल के लोगों, विशेषकर पंजाबियों, ने जीती हैं। यह संख्या अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व है, जो कनाडा में भारतीय समुदाय की बढ़ती राजनीतिक ताकत को दर्शाता है। पिछले चुनाव में यह संख्या 9 थी, जो इस बार और बढ़ गई है। अपंजाबी मूल के कुछ प्रमुख विजेताओं में एनडीपी के पूर्व आवास मंत्री रवि कहलोन और पूर्व अटॉर्नी-जनरल निकी शर्मा शामिल हैं। रवि कहलोन, जो पहले एक फील्ड हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और 2000 व 2008 के ओलंपिक में कनाडा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, ने राजनीति में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। कनाडा की 2021 की जनगणना के अनुसार, पंजाब से आए लोग कनाडा की कुल जनसंख्या का करीब 2 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो उन्हें देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण समूह बनाता है। ब्रिटिश कोलंबिया चुनाव में न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने 46 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कंजरवेटिव पार्टी ने 45 सीटें जीतीं और ग्रीन पार्टी ने दो सीटें अपने नाम कीं। ग्रीन पार्टी की यह दो सीटें अब इस बात का निर्धारण करेंगी कि अगली सरकार किसकी होगी।जगरूप बरार ने सरे-फ्लीटवुड सीट से रिकॉर्ड 7वीं बार जीत दर्ज की। बरार, जो पंजाब के बठिंडा में जन्मे हैं, भारत की राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसके अलावा, राज चौहान ने लगातार छठी बार बर्नबी-वेस्टमिंस्टर सीट जीती, जबकि 30 वर्षीय रवि परमार ने लैंगफोर्ड-हाइलैंड्स की नई सीट से जीत हासिल की। सबसे कम उम्र के विजेता परमार का यह चुनावी जीत कनाडा में नई पीढ़ी के भारतीय नेताओं की ओर इशारा करता है। हालांकि, चुनाव में एक बड़ा उलटफेर शिक्षा मंत्री रचना सिंह की हार के रूप में सामने आया। उन्हें सरे-नॉर्थ सीट से कंजरवेटिव पार्टी के नेता मंदीप धालीवाल से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, हरविंदर कौर संधू ने लगातार दूसरी बार वर्नोन-मोनाशी सीट पर जीत दर्ज की। यह चुनावी नतीजे कनाडा की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती भागीदारी और प्रभाव को दर्शाते हैं, जो भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# न्यूजीलैंड का कमाल, लगातार 10 मैच हारने के बाद बनी वर्ल्ड चैंपियन

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया। भारत को मात देकर टूर्नामेंट का आगाज करने वाली न्यूजीलैंड की टीम ने अपने खेल से सभी को चौंका दिया। इस जीत की खास बात यह है कि न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट में शामिल होने से पहले लगातार 10 टी20 इंटरनेशनल मैचों में हार का सामना किया था। लेकिन सोफी डिवाइन की कप्तानी में इस टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सभी आलोचनाओं को झुठलाते हुए आलोचकों के मुंह में ताला लगा दिया। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने वह कर दिखाया जो पहले न्यूजीलैंड के पुरुष टीम के लिए भी संभव नहीं हो पाया। इस टीम की इस ऐतिहासिक जीत में अमेलिया केर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने किसी एक टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं, सूजी बेट्स ने मिताली राज के सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड ने अपनी स्थिति मजबूत की। यह जीत और भी विशेष है क्योंकि विश्व कप में खेलने से पहले न्यूजीलैंड को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत विपक्षियों के खिलाफ 10 लगातार हार मिली थीं। पहले इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4-1 से हराया, फिर 5-0 से सूपड़ा साफ किया, और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया।

हालांकि, न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अपने पहले मैच में जीत हासिल कर एक नई शुरुआत की।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बावजूद टीम ने जबरदस्त वापसी की, जिसमें श्रीलंका और पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वेस्टइंडीज को हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया और अंततः साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। इस प्रकार, न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने एक नया अध्याय लिखा है और महिला क्रिकेट में अपनी क्षमताओं को साबित किया है। उनकी यह जीत न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि यह आने वाले समय में उनके लिए एक नई प्रेरणा भी बनेगी।

## वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सीरीज में श्रीलंका की बढ़त

पल्लेकेले (ईएमएस)। श्रीलंका ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में देर रात वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

वेस्टइंडीज की टीम ने अपने चार महत्वपूर्ण विकेट 100 रन के अंदर खो दिए। ब्रैंडन किंग (14), केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शे होप (5) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 77) और रॉस्टन चेज (नाबाद33) ने साझेदारी कर पारी को संभाला और टीम को 38.3 ओवर में चार विकेट पर 185 रन तक पहुंचाया। बारिश के कारण मैच के ओवर घटा दिए गए थे। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिए।इसके बाद 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत भी खराब रही, महज 45 रन पर उनके तीन बल्लेबाज आउट हो गए। अविष्का फर्नांडो (5), कुसल मेंडिस (13) और सदीरा समरविक्रमा (18) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद निशान मदुश्का (69) और कप्तान चैरिथ असलांका (77) ने पारी को संभाल कर महत्वपूर्ण साझेदारी की। असलांका ने 77 रनों की आक्रामक पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बदौलत श्रीलंका ने 31.5 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जतिन लियागे (18) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 30) ने अंत में टीम को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने तीन विकेट लिए, जबकि अल्जारी जोसेफ को दो सफलता मिली। श्रीलंका ने इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

## न्यूजीलैंड की कप्तान ने बताया सफलता का रहस्य

दुबई (ईएमएस)। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए महिला टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत लिया है। दुबई में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 32 रनों से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी सफलता का राज उजागर किया और बताया कि भारत के खिलाफ उनकी जीत ने इस ऐतिहासिक खिताबी सफर की नींव रखी। फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद सोफी डिवाइन ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि हमारी जीत का श्रेय सिर्फ एक मैच या एक लम्हे को दिया जा सकता है, लेकिन शायद भारत के खिलाफ मिली जीत ने हमारे लिए रास्ता साफ किया। उस मैच ने हमें आत्मविश्वास दिया और उसके बाद हम लगातार सही दिशा में बढ़ते गए।

न्यूजीलैंड की टीम टूर्नामेंट में आने से पहले लगातार 10 टी20 मैच हार चुकी थी, लेकिन विश्व कप में उन्होंने अपने शानदार खेल से सभी को चौंका दिया। डिवाइन ने इस जीत का श्रेय टीम की प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास को दिया, और कहा कि उनकी टीम को बस यह दिखाने की जरूरत थी कि वे इतिहास रच सकते हैं। डिवाइन के लिए यह खिताब व्यक्तिगत रूप से भी खास है, क्योंकि इससे पहले वह 2009 और 2010 में उस न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं जो उपविजेता रही थी। 2000 में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह न्यूजीलैंड का दूसरा महिला विश्व कप खिताब है। सोफी डिवाइन ने उम्मीद जताई कि यह जीत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करेगी और न्यूजीलैंड क्रिकेट को और ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

## यश धुल ने हार्ट सर्जरी के बाद शतक लगाकर जताया आभार

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के युवा बल्लेबाज यश धुल ने रविवार को तमिलनाडु के खिलाफ एलीट ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच में अपने शतक के साथ शानदार वापसी की और इस पारी को हार्ट सर्जरी के बाद की अपनी अहम उपलब्धि के रूप में बताया। धुल ने पहली पारी में 189 गेंदों में 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 103 रन बनाए। दिल्ली की टीम इस समय 264/8 पर है, जबकि तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी में 674/6 के विशाल स्कोर के साथ घोषणा की थी।धुल ने इस पारी के बाद अपने आभार को व्यक्त किया और बताया कि यह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण पारी थी क्योंकि यह सर्जरी के बाद उनका पहला मैच था। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पारी थी, क्योंकि यह सर्जरी के बाद का पहला मैच है। मैं अब वापस खेलने के लिए बेहद खुश हूं। धुल ने सर्जरी की समस्या को मामूली बताते हुए कहा कि यह जन्मजात थी और अगर इसे समय पर न पहचाना जाता, तो यह भविष्य में गंभीर समस्या बन सकती थी। धुल ने सर्जरी के बारे में बताया, मुझे बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में शिविर के दौरान इस समस्या का पता चला। यह जन्मजात था, लेकिन मुझे खुशी है कि मुझे इसका इलाज समय पर मिल गया। यह जीवन का हिस्सा है, ऐसी चीजें होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह समस्या 35 साल की उम्र के बाद होती, तो यह नुकसानदेह हो सकती थी।धुल ने अंडर-19 विश्व कप 2022 में भारत की कप्तानी की थी और भारत को खिताबी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह उनका 25वां प्रथम श्रेणी मैच था, और इस मैच में उन्होंने अपना छठा प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ के खिलाफ सिर्फ 10 रन बनाने के बाद, धुल ने इस पारी को लेकर अपनी उम्मीद जताई और कहा, मैं वही करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, जो मैंने हमेशा किया है। मुझे खुद पर विश्वास है। दिल्ली की टीम इस समय तमिलनाडु के बड़े स्कोर के सामने अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। एक मैच शेष रहते हुए, दिल्ली का लक्ष्य तमिलनाडु को रोकना और ग्रुप डी में शीर्ष पर अपनी बढ़त को कम करने का है। धुल की शतक पर आधारित पारी ने दिल्ली को उम्मीद दी है कि वे इस मैच में वापसी कर सकते हैं।

## दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता



टिलेक्सकला (ईएमएस)। भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पाँचवां रजत पदक जीत लिया है। वे चीन की लि जियामैन से 0.6 अंक से हार गईं। दिसंबर 2022 में बेटी के जन्म के बाद दीपिका ने विश्व कप फाइनल में वापसी की थी, और यह दीपिका का नौवीं बार था, जब उन्होंने विश्व कप फाइनल खेला।दीपिका को फाइनल में तीसरी वरीयता मिली थी और सेमीफाइनल तक उन्हें कोई परेशानी नहीं आई। हालांकि, स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें चीन की लि जियामैन से हार का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था। दीपिका ने पहले सेट में एक अंक से (26-27) हारने के बाद दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन तीसरे सेट में चीनी खिलाड़ी लि ने 27-25 से जीत दर्ज की।भारत के लिए विश्व कप फाइनल में एकमात्र स्वर्ण पदक डोला बनर्जी ने 2007 में दुबई में जीता था। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक के खिलाफ पहले दौर में 4.2 अंक से बढ़त बनाई थी, लेकिन बाद में उन्हें 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज शामिल थे। भारत की झोली में केवल एक पदक आया, जो दीपिका कुमारी ने हासिल किया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में वाशिंगटन सुंदर की वापसी

### दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय सीनियर पुरुष चयन समिति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल किया है। सुंदर इस समय रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के खिलाफ तमिलनाडु के लिए खेल रहे हैं, जहां उन्होंने पहले ही मैच की पहली पारी में 152 रन बनाए और दो विकेट भी लिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सुंदर पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। 25 वर्षीय सुंदर ने 2021 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक



चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं। उनकी आखिरी टेस्ट उपस्थिति 2021 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में हुई थी।सुंदर ने चार टेस्ट मैचों में 265 रन बनाए हैं और छह विकेट भी लिए हैं। भारतीय टीम को बेंगलुरु में न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। यह 1988 के बाद (36 वर्षों के बाद) भारत में न्यूजीलैंड की पहली टेस्ट जीत थी, और भारतीय धरती पर न्यूजीलैंड की 37 टेस्ट मैचों में तीसरी जीत थी। टीम में पहले से ही तीन स्पिनर मौजूद हैं, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, और कुलदीप यादव। संभावना है कि पुणे में होने वाले दूसरे टेस्ट में सुंदर इनमें से किसी एक की जगह टीम में शामिल होंगे। हालांकि, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम पर विश्वास जताया है और कहा कि इस तरह के खेल होते रहते हैं। उन्होंने कहा, हम सकारात्मक चीजें लेंगे और आगे बढ़ेंगे। ऐसे लोग हैं जो पहले भी इस स्थिति में रहे हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

## नई गेंद ने मैच का रुख बदला : सबा करीम



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम की हालिया हार की हर ओर समीक्षा हो रही है, जिसमें बल्लेबाजी और कप्तानी पर उंगलियां उठाई जा रही हैं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में, पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में कमेंटेटर सबा करीम ने एक अनोखा नजरिया पेश किया है। उनका मानना है कि भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत द्वारा मारे गए एक लंबे छक्के ने मैच का रुख ही बदल दिया। आप सोच रहे होंगे कि यह बयान क्यों दिया गया। इसके पीछे की कहानी यह है कि जब न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने दूसरी नई गेंद ली, तब भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत और सरफराज खान क्रीज पर अच्छी लय में थे और तेजी से रन बना रहे थे। उस समय गेंद स्विंग कर रही थी, लेकिन रन भी आसानी से बन रहे थे।87वें ओवर में पंत ने एक बड़ा स्लॉग स्वीप खेला और गेंद को मैदान के बाहर पहुंचा दिया। इसके बाद गेंद ढूंढ़ने में समय लगा और नई गेंद मैदान में लाई गई। यहीं से मैच का रुख बदल गया। नई गेंद ने बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं और पिच पर अचानक से हलचल नजर आने लगी। नई गेंद के आते ही भारतीय बल्लेबाजी की कमर टूट गई। पिच पर जो पहले सपाट नजर आ रही थी, अब वह ज्यादा खतरनाक लगने लगी। इस बदलाव का असर यह हुआ कि भारतीय टीम अपने अंतिम 7 विकेट मात्र 54 रन पर खो बैठी।सबा करीम ने इसे और स्पष्ट करते हुए एक उदाहरण भी दिया। उन्होंने इसी साल चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेले गए एक मैच का जिक्र किया, जहां अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने एक लंबा छक्का मारा था, जिससे गेंद मैदान से बाहर चली गई थी। गेंद बदलने के बाद धोनी अगली ही गेंद पर आउट हो गए और चेन्नई जीतते-जीतते मैच हार गई। सबा करीम के इस तर्क से यह साफ होता है कि गेंद बदलने का असर खेल पर गहरा हो सकता है, और इसका नतीजा

## फिर चोकर्स साबित हुई दक्षिण अफ्रीका की टीम, इस बार महिला टी20 फायनल हारी

### टी20 विश्व कप में हार के बाद निराश है खिलाड़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को एक बार फिर से चोकर्स की उपाधि से नवाजा गया है, जिसे वे बार-बार बड़े टूर्नामेंट्स में हार के बाद झेलते आए हैं। पिछले चार महीनों में साउथ अफ्रीका की पुरुष और महिला टीम दोनों के पास टी20 विश्व कप जीतने का मौका था, लेकिन दोनों ही बार वे फाइनल में हार गए। इस बार महिला टीम को न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पुरुष टीम भी भारत के खिलाफ हार कर चूकी थी।दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए यह हार एक और निराशाजनक पल साबित हुई, क्योंकि उन्होंने



दोनों बार शानदार खेल दिखाया था और सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल रहे थे। हालांकि, टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण मैच में चोक करने के कारण वे विजेता बनने में सफल नहीं हो सके। महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, साउथ अफ्रीका के शुरुआती तीन विकेट 70 रन पर ही गिर गए, और टीम अंत में 9 विकेट पर 126 रन ही बना सकी।इससे पहले, जून में भारत के खिलाफ पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में भी साउथ अफ्रीका को हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में उन्हें 30 गेंदों पर 30 रन की जरूरत थी और 6 विकेट उनके पास थे, लेकिन भारत ने आखिरी 5 ओवर में मैच को पलट दिया और साउथ अफ्रीका की टीम हार गई। इस हार ने एक बार फिर से चोकर्स की उपाधि को साबित किया, जो साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के लिए लंबे समय से एक कड़वी सच्चाई बन चुकी है। साउथ अफ्रीका की टीम हर बड़े टूर्नामेंट में सेमीफाइनल या फाइनल तक पहुँचने में सफल होती है, लेकिन निर्णायक मुकाबलों में वह जीत नहीं पाती। इस बार भी महिला और पुरुष दोनों ही टीमों के लिए यह टूर्नामेंट खिताब जीतने का सुनहरा मौका था, लेकिन दबाव में आकर वे हार गए। अब देखना होगा कि साउथ अफ्रीका इस चोकर्स के टैग को कब और कैसे हटा पाएगा।

## रोहित शर्मा ने ऋषभ पंत की घुटने की सर्जरी और उनकी हालत पर जताई चिंता

बेंगलुरु (ईएमएस)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन ऋषभ पंत को विकेटकीपिंग से बाहर रखने के फैसले की वजह बताई। उन्होंने कहा कि हाल ही में पंत की दोनों घुटनों की सर्जरी हुई है, और उनकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया था। रोहित ने कहा, ऋषभ की बड़ी घुटने की सर्जरी हो चुकी है, और हम सभी जानते हैं कि वह किस दौर से गुजर रहे हैं। यह निर्णय अतिरिक्त सतर्कता के तहत लिया गया है, क्योंकि हमें यह सुनिश्चित करना था कि वह पूरी तरह से ठीक हों। उन्होंने कहा, वह अभी भी आराम से दौड़ नहीं पा रहे थे, और बल्लेबाजी करते हुए भी उन्हें केवल गेंद को स्टैंड में भेजने का प्रयास करते देखा गया।

रोहित ने आगे कहा, उनकी कई छोटी सर्जरी हो चुकी हैं, और पिछले डेढ़ साल में वह काफी कठिन दौर से गुजरे हैं। इसलिए, विकेटकीपिंग के दौरान घुटनों पर जोर पड़ता है, और हमने सोचा कि उनकी तबियत के हिसाब से यह बेहतर रहेगा कि वह मैदान से बाहर रहें, जब तक वह पूरी तरह से ठीक न हो जाएं। इसके अलावा, रोहित ने पंत की मानसिकता पर भी चर्चा की और कहा, ईमानदारी से कहूं तो कोई नहीं जानता कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। वह खुद तय करता है कि उसे क्या करना है। हम उसका समर्थन करना चाहते हैं क्योंकि उसने हमेशा हमारे लिए अच्छे परिणाम दिए हैं। वह अपनी तरह से खेलना चाहता है, और हम उसे स्वतंत्र रूप से खेलने की अनुमति देते हैं।



लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में बीएमओ स्टेडियम में यूटा रॉयल्स एफसी के ख़िलाफ़ दूसरे हाफ़ में गोल करने के बाद जश्न मनाते एंजेल सिटी एफसी फ़ॉरवर्ड सिडनी लेरॉक्स।

## रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने लुका मोड्रिक

पोंटेवेद्रा (स्पेन) (ईएमएस)। लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 39 साल और 40 दिन की उम्र में विगो के बैलाडोस स्टेडियम में सेल्टा के खिलाफ मैदान पर उतरकर वह रियल मैड्रिड के इतिहास में आधिकारिक मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इस मैच में उतरकर उन्होंने हंगरी के दिग्गज खिलाड़ी फेरेंक पुस्कस का 1966 का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी आधिकारिक मैच खेला था।इसके साथ ही, लुका ने रियल मैड्रिड के लिए अपनी 250वीं लालिगा जीत भी दर्ज की, जो कि उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वह क्लब के साथ अपने 13वें सीजन में हैं और 369वां लालिगा मैच खेल रहे हैं। मॉड्रिक ने 2012 में लालिगा में पदार्पण किया था और तब से उन्होंने रियल मैड्रिड को 4 लालिगा





चैंपियनशिप जीतने में मदद की है। मोड्रिक ने अब तक रियल मैड्रिड के लिए 547 मैचों में 27 खिताब जीते हैं, जिनमें 6 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 5 यूरोपीय सुपर कप, 4 स्पेनिश लीग खिताब, 2 स्पेनिश कप, और 5 स्पेनिश सुपर कप शामिल हैं, जो उन्हें क्लब के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक बनाता है।

## आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन को लेकर जद्दोजहद शुरु

### तारीखों में टकराव और ब्रॉडकास्टर पर प्रभाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है और इस बार का मेगा ऑक्शन विशेष रूप से चर्चा का विषय बन गया है। खिलाड़ी के टीमों में बदलाव और नई संभावनाओं की खोज में आईपीएल के मेगा ऑक्शन का अहम स्थान है। फैंस और खिलाड़ियों की उत्सुकता इस बार इसलिए बढ़ी है क्योंकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मेगा ऑक्शन सऊदी अरब में आयोजित किया जा सकता है। **सऊदी अरब में मेगा ऑक्शन**ः हालिया रिपोर्टों के अनुसार, आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन सऊदी अरब में हो सकता है, और इसके लिए रियाद और जेद्दा जैसे प्रमुख शहरों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, इस पर बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बीसीसीआई का मानना है कि सऊदी अरब में मेगा ऑक्शन आयोजित करने से आईपीएल की वैश्विक पहुंच में वृद्धि हो सकती है, जिससे इसका प्रमोशन और भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। वहीं, आईपीएल फ्रेंचाइजीज़ चाहती हैं कि यह आयोजन भारत में ही हो, ताकि भारतीय फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को लाइव देख सकें। इस सिलसिले में बीसीसीआई ने पहले ही सऊदी अरब में अधिकारियों को भेजा है ताकि वहां के लॉजिस्टिक्स और स्थानों का जायजा लिया जा सके। **तारीखों में टकराव**ः रिपोट्र्स के अनुसार, मेगा ऑक्शन की संभावित तारीखें 25 से 26 नवंबर के बीच हो सकती हैं। इस समय भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का पहला टेस्ट मैच भी खेला जाएगा, जो 22 से 26 नवंबर तक आयोजित होगा। इस प्रकार, अगर दोनों इवेंट्स की तारीखें एक साथ होती हैं, तो यह एक बड़ी चुनौती बन सकती है, खासकर ब्रॉडकास्टर के लिए। **ब्रॉडकास्टर पर प्रभाव**ः यदि मेगा ऑक्शन और टेस्ट मैच की तारीखें टकराती हैं, तो इसका सीधा असर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर पड़ेगा, जो दोनों इवेंट्स का प्रसारण कर रहा है। पिछले वर्षों में आईपीएल की नीलामी को लाखों लोग लाइव देख चुके हैं, और ऐसे में अगर दोनों इवेंट्स एक ही समय पर होते हैं, तो ब्रॉडकास्टर के लिए दर्शकों का ध्यान बांटना मुश्किल हो सकता है। इससे आर्थिक नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि ब्रॉडकास्टर का मुख्य उद्देश्य अधिकतम दर्शकों तक पहुंचना है।

**आईपीएल मेगा ऑक्शन का महत्व**ः आईपीएल का मेगा ऑक्शन हर साल एक खास इवेंट होता है, जिसमें खिलाड़ी नए टीमों में शामिल होते हैं और नई प्रतिभाओं का उभार होता है। यह अवसर खिलाड़ियों के लिए भी खास होता है, क्योंकि यह उनके करियर की दिशा तय कर सकता है। आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन कई कारणों से खास है, सऊदी अरब में इसका संभावित आयोजन, तारीखों का टकराना और ब्रॉडकास्टर पर इसका असर, ये सभी पहलू इस मेगा ऑक्शन को और भी रोमांचक बनाते हैं। अब, बीसीसीआई और अन्य संबंधित पक्षों से जल्द ही और जानकारी की उम्मीद है, जो फैंस और खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस बार का मेगा ऑक्शन निश्चित रूप से एक यादगार इवेंट होगा और सभी की नजरें इस पर टिकी रहेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद पहुंचे भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा का किया गया भव्य स्वागत, चौथी बार मिला धनबाद विधानसभा से टिकट



धनबाद : धनबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को चौथी बार टिकट मिलने के बाद दिल्ली से धनबाद लौटने पर उन्हे स्टेशन पर हजारों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। धनबाद स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया । स्टेशन पर उनके स्वागत के बाद, राज सिन्हा ने धनबाद में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने धनबाद विधानसभा की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की और समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। राज सिन्हा ने कहा, झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनती है, तो हमारी प्राथमिकता संगठित अपराध को समाप्त करना होगी। धनबाद की जनता को मैं यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैंने जो आधारभूत संरचना खड़ी करने का संकल्प लिया है, उसे जरूर पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे गलियों और मोहल्लों की सड़कें, नालियों की समस्या और पानी की समुचित व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं को पूरा करना और धनबाद के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष, रणजीत सिंह ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र से शीघ्र प्रत्याशी उतारने की मांग की

राजगंज, (धनबाद), भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से भेंट कर के भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष, रंजीत सिंह ने टुंडी विधानसभा में भाजपा का प्रत्याशी जल्द से जल्द घोषणा करने का आग्रह किया। साथ ही ज्ञापन देते हुए सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री कार्यकर्ताओं की भावना उत्साह उमंग को देखते हुए उन्होंने आश्वासन दिया की जल्द से जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा की जायेगी। मौके पर तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष, निवास तिवारी, मुखिया,अशोक ठाकुर, संजीत सिंह, अमरेश कुमार, संजय सिंह,अजय साहनी, विक्की सिंह, आदि उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन ने वयस्क शिक्षा क्लास में महिलाओं को किया प्रशिक्षित

धनबाद : सोमवार को इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन,डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181 के सौजन्य से कुसुम विहार, फेज 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल, जूनियर विंग में वयस्क शिक्षा कार्यक्रम (प्रौढ़ शिक्षा) आयोजित कर वयस्क शिक्षा क्लास लिया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा वयस्क शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौढ़ व्यक्तियों को शैक्षणिक विकल्प देना है, जिन्होंने यह अवसर गवां दिया और औपचारिक शिक्षा आयु को पार कर चुके हैं। लेकिन अब वे साक्षरता, आधारभूत शिक्षा, कौशल विकास और इसी तरह की अन्य शिक्षा सहित अन्य तरह के ज्ञान की आवश्यकता का अनुभव कर रहीं हैं।इसी के मद्देनजर महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से वयस्क शिक्षा क्लास आयोजित कर महिलाओं को रेलवे के टिकट के फॉर्म भरने, बैंक में फॉर्म भरने, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। वयस्क शिक्षा क्लास धनबाद के अन्य स्कूलों, सुदूर स्थानों में संस्था द्वारा निर्धारित तिथि पर आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं को सर्वप्रथम वर्तमान परिवेश में जरूरी पढ़ाई लिखाई के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि महिलाएं खुद से रेलवे, बैंक एवं सरकारी फॉर्म भर सके एवं अपने बच्चों को घर में पढ़ा सके। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, मनीषा प्रसाद समेत इनर व्हील क्लब की अन्य सदस्याओं ने उपस्थित महिलाओं को शिक्षा के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण देकर सभी को तोहफे के रूप में वस्त्र वितरण किया।

### भाजपा के प्रत्याशी घोषणा में मंडल समाज की उपेक्षा से सूड़ी समाज में रोष

#### धनबाद के चार सीट पर प्रत्याशी उतारने का किया ऐलान

धनबाद, झारखण्ड सूड़ी समाज कल्याण समिति धनबाद के छह विधानसभा में चार विधानसभा सीट निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद में प्रत्याशी उतारेगी। समिति के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल ने यह जानकारी प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने प्रत्याशियों कि घोषणा कर दी है जबकि प्रत्याशी चयन में मंडल समाज को वंचित रखा गया।निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद में मंडल समाज बहुतायत में हैं।इतिहास गवाह है सिंदरी विधानसभा जोकि लालगढ़ माना जाता रहा।वहां फूलचंद मंडल ने जीतकर यह दिखाया कि मंडल समाज बहुतायत में हैं।अब कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सुडी समाज चार सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। समिति के महासचिव ने कहा कि भाजपा ने 66 सीट पर प्रत्याशी की घोषणा की पर एक भी सीट पर मंडल समाज से प्रत्याशी नहीं दी।इससे मंडल समाज में काफ़ी रोष है।प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल, जिला महासचिव सैलन मंडल,जिला उपाध्यक्ष विजय मंडल, के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील मंडल, केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनूलाल मंडल,यूवा जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, प्रकाश मंडल,रूपेश मंडल, उत्पल मंडल,विकास मंडल,प्रवीण मंडल ,मनोज मंडल,राजीव कुमार,कलियासोल प्रमुख विवेक मंडल ,नगर अध्यक्ष मनिंदर मंडल जिला कोषाध्यक्ष हिरण मंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

### मोदी सरकार ने उड़ान योजना को 10 साल के लिए बढ़ाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान को 10 साल के लिए और बढ़ाने की घोषणा कर दी है। यह योजना आठ साल पहले शुरू की गई थी, और अब तक इसके तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो चुके हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देना और हवाई यात्रा को आम नागरिक के लिए अधिक किफायती बनाना है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बताया कि उड़ान योजना के माध्यम से क्षेत्रीय विमानन कंपनियों को अपने संचालन की शुरुआत करने और उनका विकास करने का मौका मिला है। साथ ही योजना ने रोजगार सृजन और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है।

### वह एक शेर थे, मैं निडर और अडिग हूं : जीशान

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ पार्टी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दिकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने कहा कि उनके पिता के हत्यारों ने उन पर नज़र गड़ा दी है लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं। बता दें बाबा सिद्दिकी की पिछले दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जीशान ने एक्स पर कहा कि उन्होंने हमेशा के लिए मेरे पिता का मुंह बंद कर दिया है लेकिन वे भूल गए कि वह एक शेर थे और मैं उनकी दहाड़ को अपने अंदर रखता हूं, उनकी लड़ाई मेरी रगों में है। वह न्याय के लिए खड़े हुए, बदलाव के लिए लड़े और अडिग साहस के साथ तूफानों का सामना किया। जीशान ने कहा कि जिन्होंने उन्हें मारा, वे अब यह मानकर मेरी ओर देख रहे हैं कि वे जीत गए हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं मेरी रगों में शेर का खून दौड़ता है। मैं अब भी निडर और अडिग हूं। उन्होंने एक को मार डाला, लेकिन मैं उनकी जगह पर खड़ा हूं। यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आज मैं वहीं खड़ा हूं जहां वह खड़े थे। जीवित, अथक और तैयार।

### आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक

# विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने पर चर्चा




नई दिल्ली : आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार को बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव के.सी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के लिए सीईसी की बैठक रविवार की शाम को होनी थी। लेकिन पार्टी के कई नेताओं ने करवा चौथ और उसी दिन झारखंड चुनाव के लिए बैठक आयोजित करने सहित कई कारणों का हवाला दिया। जिसके चलते इसे रद्द कर दिया गया था। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में 210 सीटों पर सहमति बन चुकी है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य राज्य को लूटने वाली ताकतों का मुकाबला करना होता है।

#### एकजुट होकर मुकाबला करेगी एमवीएः रमेश चेन्निथला

वहीं, कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर मुकाबला करेगी और उनकी सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि आज कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की शाम पांच बजे बैठक शुरू हुई। उन्होंने यह भी कहा कि स्क्रीनिंग समिति की बैठक हो चुकी है और एमवीए में कोई असंतोष नहीं है।

#### 30-40 सीटों पर दिक्कतों को सुलझाने का निकालेंगे रास्ताः नाना पटोले

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा, आज 96 सीटों पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ सीटों पर बातचीत चल रही है, लेकिन उन पर आज चर्चा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कल वह शरद पवार और उद्धव ठाकरे से बातचीत करेंगे। 30-40 सीटों पर साझा दिक्कतों को हल करने के लिए एक रास्ता निकालेंगे। पटोले ने बताया कि सीईसी की अगली बैठक 25 अक्तूबर को होगी। उस उस दिन अंतिम फैसला हो सकता है। चुनाव आयोग ने पिछले मंगलवार को घोषणा की की थी कि महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा।

झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि इन दोनों राज्यों के मतगणना 23 नवंबर को होगी।

#### प्रियंका गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष से की मुलाकात

इस बीच, वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे से मुलाकात की।

## सिंह मेंशन परिवार घर से निकलती है तो झरिया की देवतुल्य जनता की सेवा करने की भावना से : रागिनी सिंह



झरिया, (धनबाद ) : भाजपा के उम्मीदवार रागिनी सिंह को लाखों मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाने को लेकर झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में जनता श्रमिक संघ ओर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) ने एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई । बैठक में मख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह एवं जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने अपने पूरे कोलियरी क्षेत्र के मजदूर और संगठन के पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को समर्थन दिया। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि आज जो झरिया की स्थिति है ये किसी से छुपी नहीं है। 5 सालों में झरिया में विकास के नाम पर सिर्फ लुट खसोट हुआ है। एक ओर सड़क नाली बनती है, तो दूसरी ओर से उखड़ने लगती है। ये कैसा विकास है। आखिर ठेकेदार बेचारा क्या करे 50 प्रतिशत कमिशन में ही चला जाता है। वही भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि चुनाव आते ही मईया योजना शुरू हो जाता है,पांच सालों में विकास नही होता है,चुनाव नजदीक आते ही विकास करने की होड लग जाती है। ये कैसा विकास हैं। झरिया की जनता बोल रही है जो सड़क पहले बनी थी, वह अभी भी ठीक थी। वहीं वर्तमान में तो लोगों को चलने में भी परेशानी हो रही है। भाजपा के कार्यकाल के डिग्री कॉलेज, सड़क, पुल पुलिया का भी काम हुआ जो आज धरातल पर है। चुनाव में बहुत ऐसे भी लोग आते है जो भोली भाली जनता को पानी बिजली जैसी समस्याओं से निजात दिलाने की बात कर गुमराह करते है। हमने निजी पानी टैंकर वाहन से झरिया विधान सभा के कोने कोने में जहां भी जरूरत पड़ी पानी पहुंचाया है। हर घर नल जल योजना आज तक धरातल पर नहीं उतरा है। आज भी झरिया की जनता पानी, बिजली की समस्या से झेल रहे है। रागिनी सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार को भ्रष्ट और लुटेरी करार देते हुए विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का आह्वान किया । उन्होंने आगे कहा है कि राज्य की जनता झामुमो गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी का बदला लेने के लिए तैयार है। झरिया विधानसभा चुनाव में भाजपा की एक ऐतिहासिक जीत होगी। राज्य में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी। सिंह मेंशन परिवार घर से निकल कर झरिया की देवतुल्य जनता की सेवा करने की भावना से निकलती है न कि अपने स्वार्थ की भावना से।

## गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, पांच नक्सली मारे गए

मुंबई : महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए। गढ़चिरौली नक्सलियों का बड़ा क्षेत्र है। पिछले दिनों आठ लाख के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था।

दरअसल दो दिन पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में आठ लाख के इनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। दंपती की पहचान असिन राजाराम कुमार (37) उर्फ अनिल और उसकी पत्नी अंजू सुल्या जले (28) उर्फ सोनिया के रूप में हुई थी। पुलिस ने बताया कि कुमार ओडिशा में माओवादियों की प्रेस टीम का एरिया कमेटी सदस्य था। वह हरियाणा के नरवाना का रहने वाला था और हिमाचल में शिमला के पास एक इलाके में फर्जी पहचान के साथ रह रहा था।



इसके बाद सोमवार को पुलिस गढ़चिरौली में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पांच नक्सली ढेर हो गए। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने बताया कि कोपरशी जंगली क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की गई। इसमें पांच नक्सली मारे गए।

## अमित शाह आज नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड के 14वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन करेंगे




अहमदाबाद (ईएमएस)| केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता अमित शाह मंगलवार को गुजरात दौरे पर आ रहे हैं| अमित शाह मंगलवार को गांधीनगर में आयोजित 14वां अखिल भारतीय नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन करेंगे| इस सम्मेलन के दौरान देश के सभी राज्यों के नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड बलों के प्रमुखों का सम्मेलन होगा| 22 और 23 अक्टूबर को होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे| 14वें अखिल भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड सम्मेलन का आयोजन गांधीनगर के महात्मा मंदिर में किया गया है| बता दें कि यह सम्मेलन 19 साल बाद पहली बार गुजरात की राजधानी गांधीनगर में आयोजित किया गया है| इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहेंगे| साथ ही विभिन्न राज्यों और केंद्र के गणमान्य लोग भी सम्मेलन में शामिल होंगे| जानकारी के मुताबिक, कॉन्फ्रेंस में 60 से ज्यादा वरिष्ठ अधिकारी और 1200 से ज्यादा फोर्स सदस्य भी शामिल होंगे| इस कॉन्फ्रेंस में ड्राफ्ट सिविल डिफेंस एक्ट-2024 और मॉडल होम गार्ड पर चर्चा की जाएगी|

## सीटों के बंटवारे पर फंसी महा विकास अघाड़ी की गाड़ी, कांग्रेस शिवसेना में फंसा पेंच

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में सीटों के बंटवारे पर ही तालमेल नहीं हो पा रहा है। कुछ सीटों पर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) की दावेदारी से मामला गठबंधन के टूटने तक आ पहुंचा है। विवाद के समाधान के लिए दोनों दलों ने एनसीपी नेता शरद पवार की शरण ली है। लेकिन गठबंधन अभी भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है। शिवसेना-कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी भी कुछ सीटों पर दावेदारी कर रही है, इसके लिए वो कांग्रेस से उम्मीद लगाए बैठे हैं। अरमोरी, गढ़चिरौली, गोंदिया, भंडारा, चिमूर, बल्लारपुर, चंद्रपुर, रामटेक, कामठी, दक्षिण नागपुर, अहेरी और भद्रावती वरोरा सीट को लेकर पेच फंसा हुआ हैं।इनमें से अरमोरी,गढ़चिरौली, चिमूर, बल्लारपुर, कामठी और दक्षिण नागपुर सीट पर पिछले चुनाव में बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। वहीं गोंदिया, चंद्रपुर, रामटेक विधानसभा सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती थीं। इनमें से केवल भद्रावती सीट है कांग्रेस के पास है। वहां की विधायक प्रतिभा धानोरकर लोकसभा सांसद हैं । अब सीट बंटवारे की बातचीत के दौरान इन सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस, दोनों ने दावा किया है। विवाद इसी बात पर बना हुआ है। इनके अलावा उद्धव ठाकरे की शिवसेना मुंबई की उन सीटों की भी मांग कर रही है, जिन्हें कांग्रेस कभी जीत नहीं पाई है। इन सीटों पर भी विवाद है। विवाद बढ़ता देख कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने शरद पवार की शरण ली है। पवार को एवीए का संस्थापक माना जाता है। शिवसेना यूबीटी नेता अनिल परब और आदित्य ठाकरे ने मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में शरद पवार से मुलाकात की है। कांग्रेस ने शरद पवार से बातचीत के लिए नसीम खान को लगाया है। पवार से बातचीत के बाद खान ने विवाद के जल्द ही सुलझ जाने की उम्मीद जताई है।शरद पवार ने दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से भी बात की है। वहीं महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि कांग्रेस नेता कल मुंबई में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से बात करेंगे।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी डीईआरसी के अध्यक्ष रहेंगे पूर्व न्यायाधीश जयंतनाथ, सुप्रीम कोर्ट ने किया सेवा विस्तार



नई दिल्ली : दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जयंतनाथ सेवानिवृत्ति की आयु पूरी करने के बाद भी दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लंबित याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश और डीईआरसी अध्यक्ष को सेवा विस्तार दिया।

दिल्ली की आप सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच डीईआरसी चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर छिड़े विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त 2023 को दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जयंतनाथ को डीईआरसी का चेयरमैन नियुक्त किया था। सोमवार को दिल्ली सरकार की ओर से मामले में लंबित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की। इस याचिका में दिल्ली सरकार ने कहा कि अगर पूर्व न्यायाधीश जयंतनाथ का कार्यकाल 65 साल से अधिक बढ़ाया जाता है तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। वहीं उप राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से पेश हुए वकील संजय जैन ने भी कहा कि अगर पीठ कुछ वक्त के लिए मामले में आयु सीमा के प्रावधान को हटा देती है तो उन्हें भी कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद पीठ ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश जयंतनाथ अब डीईआरसी मामलों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। दिल्ली सरकार की मुख्य याचिका पर फैसला होने तक वह पद पर बने रह सकते हैं। इसके बाद कोर्ट ने दिल्ली सरकार और एलजी कार्यालय की सहमति दर्ज की और न्यायमूर्ति नाथ का कार्यकाल बढ़ा दिया।

दरअसल, डीईआरसी चेयरमैन की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। पूर्व न्यायाधीश जल्द ही 65 वर्ष के होने वाले हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने जून 2023 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार की राष्ट्रीय राजधानी के विद्युत नियामक प्राधिकरण के प्रमुख के रूप में नियुक्ति की थी। इसे लेकर दिल्ली सरकार ने आपत्ति जताई थी और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति कुमार की डीईआरसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति आप सरकार और केंद्र के बीच टकराव का एक और मुद्दा बन गई है।

मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 17 जुलाई 2023 को कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना को राजनीतिक कलह से ऊपर उठना होगा और इस बात पर विचार-विमर्श करना होगा कि राष्ट्रीय राजधानी के बिजली नियामक का प्रमुख कौन हो सकता है?

अदालत ने यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल बैठक करें और किसी एक नाम पर आम सहमति पर पहुंचें या वे तीन नामों का आदान प्रदान कर सकते हैं।

इसके बाद भी सहमति न बनने पर 20 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह तदर्थ आधार पर एक संक्षिप्त अवधि के लिए डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी, जब तक कि इस तरह की नियुक्ति करने की उपराज्यपाल की शक्ति को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। मामले में चार अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जयंत नाथ को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था।

# झारखंड विधानसभा चुनाव हेतु धनबाद समाहरणालय में नामांकन की सभी तैयारियां पूरी

## ग्राउंड फ्लोर में सिंदरी व निरसा, प्रथम फ्लोर में धनबाद, झरिया, टुंडी व तृतीय फ्लोर पर है बाघमारा के निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय






धनबाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024, को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 रहेगी। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी।

20 नवंबर 2024 को मतदान, 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी।

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में नामांकन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमानत की राशि 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जमानत की राशि 5000 रुपए है।

### ग्राउंड फ्लोर

38 सिंदरी विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 4 में निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार तथा 39 निरसा विधानसभा के लिए कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 24 में निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### प्रथम फ्लोर

40 धनबाद विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कमरा नंबर 116 में निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के लिए कमरा नंबर 108 में निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा तथा 42 टुंडी विधानसभा के लिए कमरा नंबर 112 में निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी, दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### तृतीय फ्लोर

43 बाघमारा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी तृतीय फ्लोर पर कमरा नंबर 303 में निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।
इसके अलावा अभ्यर्थियों के लिए कलेक्ट्रेट के सामने विधानसभा वार हेल्प डेस्क और प्रत्येक फ्लोर पर बैठने की व्यवस्था की गई है।

झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024

## आम नागरिकों, मतदाताओं के शिकायत, सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम में किया गया अधिष्ठापित्त

धनबाद। आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा द्वारा धनबाद जिला के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 38-सिन्दरी, 39-निरसा, 40-धनबाद. 41-झरिया, 42-टुण्डी एवं 43-बाघमारा के आम नागरिकों, मतदाताओं के शिकायत, सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम अधिष्ठापित्त किया गया है।

विधान सभा आम चुनान-2024 से संबंधित एवं अन्य किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधित जानकारी या शिकायत, सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम में अधिष्ठापित्त दूरभाष नं0 9065729326 एवं Toll Free No. 1950 या 0328-1950 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। धनबाद जिला कन्ट्रोल रूम में अधिष्ठापित दूरभाष नं० 9065729326 पर 24X7 एवं Toll Free No. 1950 या 0326-1950 पर पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 08:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।अतः सभी नागरिकों, गतदाताओं से अपील है कि विधान सभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर कोई जानकारी, शिकायत, सुझाव देतु उक्त नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। कन्ट्रोल रूम नं.- 9065729326, टॉल फ्री नंबर- 1950 या 0326-1950

## धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई

धनबाद, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा धनबाद जिला के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 38-सिन्दरी, 39-निरसा, 40-धनबाद. 41-झरिया, 42-टुण्डी एवं 43-बाघमारा के निर्वाचन क्षेत्र हेतु व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है।व्यय प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल संख्या निम्न हैं ।व्यय प्रेक्षक, आर. ए. ध्यानी,आई.आर.एस-मोबाइल संख्याः 7992205003 ।
संबंधित विधानसभा संख्या एवं नामः 38-सिंदरी, 40-धनबाद एवं 41 झरिया,व्यय प्रेक्षक, कुमार आदित्य,आई.आर.एस- मोबाइल संख्या, 7717764839,संबंधित विधानसभा संख्या एवं नामः 39-निरसा,42-टुण्डी एवं 43-बाघमारा, सभी राजनीतिक दल, अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं आम मतदाता आवश्यकतानुसार उक्त मोबाइल नंबरों पर प्रेक्षक से कल दिनांक 22 अक्टूबर 2024 से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। कन्ट्रोल रूम नं.- 9065729326,टॉल फ्री नंबर- 1950 या 0326-1950

## चेक पोस्ट का एसएसपी ने किया निरीक्षण



धनबाद, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही जिला पुलिस व प्रशासन की टीम पूरी मुस्तैदी से कार्यरत है । जिले में सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों पर चेक पोस्ट लगाये गये है । इसी उद्देश्य के तहत जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वहनों की निरंतर जांच की जा रही है।
इसी संदर्भ में सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक,हृदीप पी जनार्दनन ने सिंदरी अनुमंडल अंतर्गत सरसा कुंडी, टासरा घाट, डोमगढ़, सिंदरी बस्ती एवं सुदामडीह चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिंदरी एसडीपीओ, आशुतोष सत्यम भी मौजूद थें।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की समीक्षा की और वहां मौजूद पदाधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। एस एस पी ने निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जाए और अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है, तो उसे जब्त कर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जांच के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार्य तौर पर किए जाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल के जवानों को निर्देशों का अनुपालन करते हुए कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और पूरी तत्परता से कार्यरत रहने को कहा।

# विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का करें वितरणः डीडीसी





धनबाद, विधान सभा निर्वाचन 2024 के आलोक में सोमवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट एसएसएलएनटी, महिला महाविद्यालय, पी.के. राय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरु नानक कॉलेज, भुदा में ब्लॉक लेवल ऑफिसर,बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त, सादात अनवर ने सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान उनकी महत्व भूमिका है। उनकी देखरेख में चुनाव संपन्न होगा। उन्होंने सभी बीएलओ को शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान करने के लिए वोटरों को प्रेरित करने, मतदान के दिन सुबह 5:00 बजे बूथ पर पहुंचने, समय पर मॉक पोल शुरू कराने, मतदान से पूर्व सभी बूथ पर पेयजल, शौचालय, रैप, व्हीलचेयर, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराने, बूथ पर मतदान कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था इत्यादि को लेकर दिशा निर्देश दिए।

साथ ही मतदाता सूची का सही तरीके से अध्ययन कर लेने, 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता, ए.अस. डी. मतदाताओं की पहचान करने, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने, वॉलंटियर के माध्यम से वोटरों की लाइन लगवाने, बूथ पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए।

मौके पर नोडल पदाधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसई, आयुष कुमार, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार वर्मा, संजय कुमार, उमेश लाल, कुमार वंदन, आलोक तिवारी, सुभाष आदि उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की ऑब्जर्वर सेल की समीक्षा



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने सोमवार को ऑब्जर्वर सेल की समीक्षा की।इस अवसर पर विधानसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त जनरल ऑब्जर्वर व एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर के आवासन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, कंप्यूटर ऑपरेटर व लाइजनिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति इत्यादि की समीक्षा की।

## विधानसभा चुनाव 2024 के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी बैंकों के साथ बैठक

### नगद राशि ले जाने से पूर्व लोकल थाना को सूचित करने का निर्देश

### 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम मंगलवार से हो जाएगी कार्यरत




धनबाद, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने सोमवार को जिले के सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मंगलवार से जिले में सभी 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम कार्यरत हो जाएगी। इसलिए सभी बैंक एटीएम के लिए या अपने अन्य ब्रांच को भेजने वाली नगद राशि का मूवमेंट करने से पहले लोकल थाना को सूचित करें।
उन्होंने 10 लाख से अधिक राशि की निकासी होने पर इनकम टैक्स को सूचित करने, वैसे संदिग्ध बैंक अकाउंट, जिसमें अचानक रकम की लेनदेन आरंभ हुई है, वैसे अकाउंट जिससे मोबाइल फोन द्वारा छोटी-छोटी रकम अनेक लोगों को डिजीटल भुगतान के माध्यम से भेजी जा रही है, पर विशेष सतर्कता बरतते हुए व्यय कोषांग को सूचित करने का निर्देश दिया।

साथ ही उपायुक्त ने बैंकों को निर्देश दिया कि जो ग्राहक 50 हजार रुपए से अधिक की नगद राशि का विथड्रावल करते हैं, उन्हें ईसीआइ द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा की जानकारी से जरूर अवगत कराएं।
वहीं उपायुक्त ने कहा कि ईसीआइ एवं आरबीआई के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव के लिए हर अभ्यर्थी के लिए एक नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। इसलिए सभी बैंक अपनी अपनी शाखा में इस कार्य के लिए एक अलग काउंटर तैयार रखें। जिससे अभ्यर्थी का शीघ्र नया बैंक अकाउंट खोला जा सके।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला सुरक्षा समिति और स्क्रीनिंग समिति की बैठक



धनबाद, समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति एवं स्क्रीनिंग समिति की बैठक की गई।
जिला सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने एसएसपी के साथ आसन्न विधानसभा आम चुनाव के निमित्त जिला में उपलब्ध कराए गए अंगरक्षकों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्हीने विधानसभा आम चुनाव को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए।इस दौरान निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिए जिले में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। प्राप्त आवेदनों पर निःशुल्क और सशुल्क निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से पूर्व में दिए गए अंगरक्षकों की भी समीक्षा की गई।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को सूची को अद्यतन कर इसकी रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष शाखा को निदेश दिया कि जिन लोगों को अंगरक्षक दिए गए हैं, उनकी समीक्षा करें कि कितने लोगों को अब सुरक्षा की आवश्यकता है। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कई अन्य बिंदुओं पर भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निदेश दिए।साथ ही उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक कर विधानसभा चुनाव के दौरान आर्म्स जमा करने से मुक्त करने हेतु विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, एच.पी. जनार्दनन, एसपी, शहरी, अजीत कुमार, एसपी, ग्रामीण, कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक,विशेष शाखा, प्रभारी सामान्य शाखा समेत अन्य मौजूद थे ।

## सी आई एस एफ की टीम नें दो पिकअप भेन व जे सी बी मशीन को जब्त कर जोरापोखर पुलिस के हवाले किया




जोरापोखर, (धनबाद), बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी रोपवे के बन्द स्टोर से सीआईएसएफ की टीम ने दो पिकअप भेन व एक जेसीबी मशीन जप्त कर जोरापोखर पुलिस के हवाले कर दिया। जोरापोखर थाना में घटना को लेकर सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर विजय कुमार शर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की है। शिकायत मिलने पर जोरापोखर पुलिस जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना रविवार के देर रात की है, जब चोरों के दल ने धवा बोल कर टूटी दिवाल से अंदर प्रवेश कर पिकअप भेन में दो बार कीमती लोहा चोरी कर झरिया के बड़ा गोदाम में भेज दिया । तीसरी बार लोड करने के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर पिकअप भेन संख्या (जे एच 10 सी एस 6379 ) , एवं JCB संख्या (जे एच 10 बी बी 9812) को दस टन लोहा के साथ जप्त कर जोरापोखर पुलिस के हवाले कर दिया । हालांकि घटना स्थल से ड्राइवर, खलासी व चोरों का दल भाग निकला।

## ओबी डंपिंग के दौरान युवक चपेट में आने से हुआ घायल



अलकडीहा,(धनबाद), जोरापोखर थाना क्षेत्र के बरारी 5 नंबर धोड़ा निवासी अशोक सोनार का बीस वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार सोमवार की दोपहर में आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी डंपिंग के दौरान चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया । ज्ञात हो की दुर्घटना में अखिलेश का दाहिना पैर के घुटना के नीचे पैर दो भाग में बंट गया है,जिसे घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने तत्काल वाहन से एसएनएमसीएच धनबाद में इलाज को भर्ती कराया है । जहां अखिलेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के लिए देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए स्थानीय लोगों ने परियोजना का काम काज ठप्प करा दिया है।लोगो ने बताया कि जयरामपुर पांच नंबर के समीप आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तारीकरण को जमा ओबी को हटाने का कार्य की जा रही है। जमा ओबी को बरारी पांच नंबर के समीप डंपिंग कर जमा किए जाने ओबी डंपिग का क्षेत्र पहाड़नुमा हो जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज दोपहर में अखिलेश ओबी डंपिंग स्थल के समीप शौच कर रहा था तभी ओबी डंपिंग के दौरान एक बड़ा पत्थर लुढ़क कर नीचे आ गया जिसके चपेट में अखिलेश आकर घायल हो गया ।

# पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीद हुए झारखंड वीर पुलिस कर्मियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि









धनबाद, पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर सोमवार को जिले मे पुलिस विभाग द्वारा अपने कर्तव्य के दौरान झारखंड पुलिस के शहीदों जवानों को याद करते हुए कर्त्तव्य के दौरान शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

सोमवार सुबह 8 बजे कार्यक्रम की शुरुआत हुई । वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन , पुलिस अधीक्षक, नगर, अजीत कुमार , पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, कपील चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया ।

मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहीदों के परिजन को सम्मानित किया गया और उनका दुःख बांटने की कोशिश की गई । मौके पर एस्एसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है, हालांकि शहीदों की क्षति को भुलाया नहीं जा सकता है ।

मौक़े पर एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी, अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी, कपील चौधरी, डीएसपी, धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी, नौशाद आलम, एसडीपीओ, आशुतोष सत्यम, डीएसपी, सुमित कुमार, एसडीपीओ, रजत मणिक बाखला, डीएसपी, अरविंद सिंह, डीएसपी, संजीव कुमार, डीएसपी, शंकर कामती, प्रचारी प्रवर प्रथम, अवधेश कुमार समेत कई पदाधिकारी व जवान मौजूद थें ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।